आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 21°C |

इनसाइड न्यूज
डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 08 मार्च, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 145 | www.janexpresslive.com/epaper



ममता बनर्जी की हुंकार: धरने के दूसरे... 12

# यूएई, सऊदी, जॉर्डन में अमेरिकी डिफेंस-सिस्टम पर ईरानी हमला

## जॉर्डन वाला तबाह, कीमत 22 हजार करोड़, अमेरिका के पास ऐसे सिर्फ 7 सिस्टम

## ईरान ने पड़ोसी देशों से माफी मांगी, कहा-हमले नहीं करेंगे, कुछ मिनट बाद कतर पर अटैक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरान**

ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे THAAD का रडार सिस्टम तबाह हो गया है। एक THAAD सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि THAAD के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपए (300 मिलियन डॉलर) तक होती है। यह रडार THAAD सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है। अमेरिका के पास सिर्फ 7-8 THAAD सिस्टम ही मौजूद हैं, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है।



### लेबनान में इजराइली हमलों में 16 लोगों की मौत, 33 घायल

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि पूर्वी बेक्का घाटी के नबी इलाके में इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। पिछले एक सप्ताह में इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान और बेरूत के दक्षिणी उपनगरों के लिए बड़े पैमाने पर जबरन खाली कराने के आदेश जारी किए हैं। इसके कारण इन इलाकों से बड़ी संख्या में नागरिकों को अपने घर छोड़कर जाना पड़ा है। संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक लेबनान में 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 95,000 लोग विस्थापित हो गए हैं।

### ईरानी हमले में अमेरिका का 2700 करोड़ का डिफेंस सिस्टम तबाह

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने जॉर्डन के एक एयरबेस पर लगे अमेरिका के मिसाइल डिफेंस रडार सिस्टम को नष्ट कर दिया है। इससे मध्य पूर्व में अमेरिका की मिसाइल सुरक्षा व्यवस्था को बड़ा झटका लगा है। बताया जा रहा है कि हमला मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस पर हुआ। यहां अमेरिका का टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम तैनात था। हमले में एएन/टीपीवाई-2 रडार भी तबाह हो गया। इस रडार की कीमत करीब 300 मिलियन डॉलर (2,700 करोड़ रुपए) बताई जाती है। इसका काम दुश्मन की मिसाइलों को पहचानना और उन्हें रोकने में मदद करना होता है। एएन/टीपीवाई-2 रडार और थाड दोनों एक ही मिसाइल डिफेंस सिस्टम का हिस्सा हैं। इसमें एएन/टीपीवाई-2 रडार दुश्मन की मिसाइल को पहचानता है, जबकि थाड सिस्टम उसे हवा में ही तबाह करता है। सैटेलाइट तस्वीरों में एयरबेस के उस इलाके में भारी नुकसान और बड़े गड्ढे दिखाई दिए हैं, जिससे माना जा रहा है कि वहां कई मिसाइलों से हमला किया गया। यह रडार फरवरी के बीच में ही इस एयरबेस पर लगाया गया था। इसके कुछ समय बाद अमेरिका और इजराइल ने ईरान के ठिकानों पर हमले शुरू किए, जिसके बाद इलाके में तनाव बढ़ गया।

### होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान ने माल्टा के तेल टैंकर को निशाना बनाया

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने फारस की खाड़ी में एक तेल टैंकर को ड्रोन से निशाना बनाया है। समाचार एजेंसी तसनीम के अनुसार आईआरजीसी ने कहा कि प्राइमा नाम के इस टैंकर को उस समय निशाना बनाया गया जब उसने आईआरजीसी नौसेना की बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज किया। इन चेतावनियों में कहा गया था कि होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही पर रोक है और यह क्षेत्र असुरक्षित है। मरीन ट्रैफिक वेबसाइट के मुताबिक प्राइमा एक तेल और रसायन ले जाने वाला टैंकर है, जो माल्टा के झंडे के तहत चल रहा है।

### अमेरिका का बी-1 बॉम्बर ब्रिटिश एयरबेस पर उतरा

अमेरिका का बी-1 लांसर बॉम्बर विमान ब्रिटेन के आरएएफ फेयरफोर्ड एयरबेस पर उतर गया है। यह एयरबेस इंग्लैंड के ग्लूस्टरशायर इलाके में है। यह विमान शुक्रवार शाम पहुंचा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिका को यूके के सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। माना जा रहा है कि इन ठिकानों का इस्तेमाल ईरान के मिसाइल ठिकानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए किया जा सकता है।

### हमले में ईरान के 5500 घरों को नुकसान

ईरान की राहत संस्था रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने कहा है कि 28 फरवरी से शुरू हुए युद्ध के बाद से अमेरिका और इजराइल के हमलों में 6,668 नागरिक जगहों को निशाना बनाया गया है। यह जानकारी ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने दी है। रेड क्रिसेंट के मुताबिक हमलों में सबसे ज्यादा नुकसान घरों और आम लोगों की जगहों को हुआ है। संस्था के आंकड़ों के मुताबिक हमले में 5,535 घर, 1,041 दुकानें और व्यापारिक जगहें, 14 मेडिकल सेंटर, 65 स्कूल और रेड क्रिसेंट के 13 सेंटर्स को निशाना बनाया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हमलों के दौरान बचाव और राहत कार्य में लगी कई गाड़ियां भी खराब हो गईं। इसके अलावा लोगों को बचाने गए रेड क्रिसेंट के कुछ कर्मचारी भी घायल हो गए।

### ईरान का शेयर बाजार अगली सूचना तक बंद रहेगा

ईरान के सरकारी मीडिया के मुताबिक देश का शेयर बाजार अगली सूचना तक बंद रखने का फैसला किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा सुरक्षा स्थिति और जारी सैन्य संघर्ष को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि बाजार को फिलहाल तब तक बंद रखा जाएगा जब तक हालात स्थिर नहीं हो जाते। अधिकारियों ने कहा है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और हालात सामान्य होने पर बाजार को फिर से खोलने का फैसला किया जाएगा।

### एमिरेट्स ने दुबई आने-जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कीं

संयुक्त अरब अमीरात की एयरलाइन एमिरेट्स ने घोषणा की है कि दुबई शहर से आने-जाने वाली उसकी सभी उड़ानों को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। एयरलाइन ने कहा कि यह फैसला फिलहाल एहतियात के तौर पर लिया गया है और आगे की जानकारी मिलने तक उड़ानें शुरू नहीं होंगी। आज सुबह इस एयरपोर्ट पर हवाई हमला हुआ था। यह फैसला ऐसे समय आया है जब एक दिन पहले ही कंपनी के प्रवक्ता ने रॉयटर्स समाचार एजेंसी से कहा था कि आने वाले दिनों में एमिरेट्स अपनी उड़ान सेवाओं को फिर से 100 प्रतिशत तक बहाल करने की उम्मीद कर रही है।


**पाउच में जहर!: सितारों की मुस्कान से बिक रहा पान मसाला**

# कैंसर की तरफ बढ़ रहा समाज

## रोडवेज बसों से लेकर रेलगाड़ियों तक पान मसाला कंपनियों का कब्जा... करोड़ों लेकर विज्ञापन करते फिल्मी सितारे, लेकिन बीमार हो रही जनता, सवाल- सरकार कार्रवाई कब करेगी?

**जन एक्सप्रेस स्पेशल रिपोर्ट**
**लखनऊ**

भारत में पान मसाला अब केवल एक 'माउथ फ्रेशनर' नहीं रहा। यह एक ऐसा कारोबार बन चुका है जो लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। छोटे से पाउच में बिकने वाला यह उत्पाद आज हर गली-मोहल्ले की दुकानों से लेकर टीवी स्क्रीन, बड़े होर्डिंग और सार्वजनिक परिवहन तक छा चुका है। राजधानी में भी उत्तर प्रदेश रोडवेज की कई बसों के पीछे और किनारों पर पान मसाला कंपनियों के विज्ञापन दिखाई देते हैं। रेलवे स्टेशन और ट्रेन के डिब्बों पर भी ऐसे ब्रांडों की चमकदार ब्रांडिंग नजर आती है। यानी जो बसें और ट्रेनें जनता की सेवा के लिए हैं, वही अब पान मसाला कंपनियों के प्रचार का माध्यम बनती जा रही हैं।




### डराने वाले आंकड़े

- भारत में हर साल लाखों लोग ओरल कैंसर से प्रभावित होते हैं।
- विशेषज्ञों के अनुसार मुंह के कैंसर के प्रमुख कारणों में तंबाकू और पान मसाला शामिल हैं।
- पान मसाला और सुपारी के सेवन से Submucous Fibrosis जैसी बीमारी तेजी से बढ़ रही है।
- कई मामलों में मरीज का मुंह धीरे-धीरे खुलना बंद हो जाता है।

### जन एक्सप्रेस के सवाल

- अगर सिगरेट और शराब के विज्ञापनों पर कड़ी पाबंदी है तो पान मसाला पर क्यों नहीं?
- सार्वजनिक बसों और रेलगाड़ियों पर ऐसे विज्ञापन क्यों लगाए जाते हैं?
- करोड़ों रुपये लेकर प्रचार करने वाले फिल्मी सितारों की सामाजिक जिम्मेदारी क्या है?
- क्या सरकार इस उद्योग के दबाव में है?

### क्या होना चाहिए

विशेषज्ञों का मानना है कि इस खतरे को रोकने के लिए सरकार को तुरंत कदम उठाने चाहिए-

- पान मसाला के सभी सरोगेट विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध
- बसों और ट्रेनों से ऐसे विज्ञापन हटाना
- सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट पर कड़े नियम
- युवाओं में जागरूकता अभियान

### सितारों का प्रचार, युवाओं पर असर

फिल्मी सितारे युवाओं के आदर्श होते हैं। लेकिन जब वही सितारे पान मसाले का प्रचार करते हैं तो इसका सीधा असर समाज पर पड़ता है। इन विज्ञापनों में कई बड़े अभिनेता नजर आ चुके हैं- शाहरुख खान, अजय देवगन, अमिताभ बच्चन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार। इन सितारों की चमकदार छवि युवाओं को आकर्षित करती है और कई बार किशोर भी इसे 'स्टाइल' या 'स्टेटस' समझकर अपनाने लगते हैं। हालांकि विवाद होने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए ऐसे विज्ञापन से दूरी बनाने की घोषणा की थी।

### सरोगेट विज्ञापन का खेल

भारत में तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर कई नियम लागू हैं। इनकी निगरानी की जिम्मेदारी Food Safety and Standards Authority of India और Ministry of Health and Family Welfare जैसी संस्थाओं की है। लेकिन कंपनियां एक चालाक तरीका अपनाती हैं- वे सीधे तंबाकू का विज्ञापन नहीं करतीं, बल्कि 'इलायची', 'सादा पान मसाला' या 'माउथ फ्रेशनर' के नाम से प्रचार करती हैं। इसे ही सरोगेट विज्ञापन कहा जाता है, जो कानून की कमजोरी का फायदा उठाकर खुलेआम किया जाता है।

### लखनऊ ग्राउंड एंगल

जन एक्सप्रेस की पड़ताल में सामने आया कि राजधानी के कई प्रमुख मार्गों पर चलने वाली बसों के पीछे पान मसाला ब्रांड के विज्ञापन लगे दिखाई देते हैं। इसी तरह कई रेलवे स्टेशनों की दीवारों और प्लेटफार्मों पर भी ऐसे उत्पादों के पोस्टर लगे रहते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे विज्ञापन दिखाई देते हैं तो उनका प्रभाव और ज्यादा बढ़ जाता है।

**अंतिम सवाल:** एक छोटा सा पाउच कई बार जिंदगी भर की बीमारी दे देता है। लेकिन चमकदार विज्ञापनों और सितारों की मुस्कान के बीच यह सच्चाई कहीं छिप जाती है। अब सवाल यह है- क्या सरकार और समाज इस 'जहर के कारोबार' पर लगाम लगाएंगे, या फिर यह व्यापार यूं ही लोगों की जिंदगी से खेलता रहेगा?

# 19 मार्च को राम नाम मंदिर की स्थापना करेंगी राष्ट्रपति, रामनगरी में भव्य समारोह की तैयारी

- राम मंदिर परिसर में होगा विशेष अनुष्ठान, 5000 से अधिक विशिष्ट अतिथि होंगे शामिल

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

रामनगरी में नव संवत्सर के अवसर पर 19 मार्च को भव्य धार्मिक समारोह आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राम मंदिर परिसर में श्रीराम यंत्र और राम नाम मंदिर की स्थापना करेंगी। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और करीब पांच हजार विशिष्ट मेहमानों की सूची तैयार की जा चुकी है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति लगभग चार घंटे तक राम मंदिर परिसर में रहेंगी। इस दौरान वह मंदिर के दूसरे तल पर स्थापित होने वाले श्रीराम यंत्र और राम नाम मंदिर की स्थापना करेंगी। पहली बार किसी बड़े आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के दर्शन को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था भी की जा रही है।

### सुबह नौ बजे से शुरू होंगे अनुष्ठान

19 मार्च को सुबह नौ बजे से वैदिक



अनुष्ठानों का शुभारंभ होगा। दक्षिण भारत, काशी और अयोध्या के कुल 51 वैदिक आचार्य इन अनुष्ठानों को संपन्न कराएंगे। काशी के प्रसिद्ध आचार्य पद्मभूषण गणेश्वर शास्त्री के नेतृत्व में सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।

### राम मंदिर में लगातार उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

इधर, राम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। शनिवार को पंजाब से करीब 1500 श्रद्धालुओं का जत्था विशेष ट्रेन से अयोध्या पहुंचा। सभी श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए और मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की। श्रद्धालुओं ने अयोध्या के तेजी से हो रहे विकास की भी प्रशंसा की और इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के प्रयासों की सराहना की।

### आध्यात्मिक और सामाजिक हस्तियां होंगी शामिल

इस भव्य समारोह में केरल की आध्यात्मिक गुरु मां अमृता मरी, कर्नाटक के धर्माधिकारी पद्मभूषण वीरेंद्र हेगड़े और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी शामिल होंगे। माता अमृतानंदमयी के साथ 100 से अधिक अनुयायी भी अयोध्या पहुंचेंगे, जिनके ठहरने के लिए होटल और धर्मशालाओं में कमरे बुक किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उत्तराखंड के कारसेवकों के अलावा अयोध्या जिले से भी लगभग एक हजार लोगों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा।

### सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान

समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही अतिथियों के स्वागत, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग और आवागमन को सुचारु बनाने की योजना तैयार की जा रही है। समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा अयोध्या पहुंचे हैं।

# यूपी बोर्ड: कॉपियों का मूल्यांकन 18 मार्च से, एक दिन में 45 आंसरशीट जांच सकेंगे शिक्षक

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

निशांतगज स्थित राजकीय इंटर कॉलेज सहित राजधानी के पांच केंद्रों पर 18 मार्च से यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू होगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी आदेश के अनुसार, प्रत्येक राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों को हर दिन कम से कम 45 कॉपियों का मूल्यांकन करना जरूरी होगा। राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी और ऐसा न करने पर विभागीय कार्रवाई होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि परिषद की ओर से जारी आदेश के अनुसार, 18 मार्च से 1 अप्रैल तक निर्धारित केंद्रों पर मूल्यांकन होगा। मूल्याकंन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय एक पर्यवेक्षक की तैयानी होगी। जबकि केंद्रों के लिए एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति होगी। परीक्षकों के विलंब से आने की समस्या के सामाधान के लिए ऑनलाइन व बॉयोमेट्रिक हाजिरी लगाने की व्यवस्था होगी। जिला व राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से जिसकी सीधे निगरानी होगी।

# मेडिकल डिवाइस और फार्मा पार्क बनेंगे, योगी ने की बड़ी घोषणाएं, प्रदेश के कई जिलों की बदलेगी तस्वीर

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने जिले में प्रदेश की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि लोगों को सस्ता इलाज मिले, इसके लिए प्रदेश में ही दवाएं और चिकित्सकीय उपकरण बनेंगे। आगरा में मेडिकल डिवाइस और ललितपुर में फार्मा पार्क बनाने का एलान भी किया। आगरा के सिकंदरा स्थित यथार्थ हॉस्पिटल के लोकार्पण के समय मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे के पास 350 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। यह शहर से एक घंटे की दूरी पर है। यहां मेडिकल डिवाइस पार्क बनाया जाएगा। इसके लिए सर्वे समेत अन्य जरूरी कार्य हो चुका है। आगरा में ही उपकरण बनने से इनकी लागत कम आएगी और अस्पतालों को भी किफायती दर मशीन और उपकरण मिल सकेंगे। इससे जांच और सर्जरी सस्ती होंगी। दवाएं बाहर से न खरीदनी पड़े, इसके लिए प्रदेश में ही दवाएं बनवाई जाएंगी। इसके लिए ललितपुर में फार्मा पार्क बनाया जा रहा है। इसके लिए 1500 एकड़ जमीन भी तय कर ली है। वहां दवाओं का निर्माण होगा। इससे सस्ती दवाएं मिल सकेंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने किसी राजनीतिक दल का नाम लिए बिना पिछली सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया योजना चलाती थी। अब वन डिस्ट्रिक्ट- वन मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। हमारी प्राथमिकता लोगों की भलाई है। सीएम ने कहा कि वर्ष 2017 तक प्रदेश में महज 17 मेडिकल कॉलेज थे, जो अब 81 हो गए हैं। रायबरेली और गोरखपुर में तो एम्स भी चल रहे हैं। अटल सरकार ने दो से बढ़ाकर छह एम्स किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बीते 11 साल की सरकार में इनकी संख्या 23 हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि



### हर जिले में निशुल्क डायलिसिस, सीटी स्कैन हो रहा है

प्रदेश में भी 5.60 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किए गए हैं, जल्द इनकी संख्या 10 करोड़ पहुंचने वाली है। बजट में अनुदेशक, आशा, शिक्षामित्र समेत 10 लाख लोगों को भी योजना में शामिल किया गया है। 1300 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से लोगों को उपलब्ध कराए गए हैं। हर जिले में निशुल्क डायलिसिस, सीटी स्कैन हो रहा है। एसजीपीजीआई, आईआईटी कानपुर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में एंसेफलाइटिस से बीते 40 साल में 50 हजार मौतें हुईं। हमारी सरकार ने इसे पूरी तरह से समाप्त कर दिया। डेंगू, कालाजार, मलेरिया, चिकनगुनिया को समाप्त करने की दिशा में भारत सरकार के साथ साझा कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

### पीपीपी मॉडल पर बनेंगे सुपर स्पेशियलिटी सेंटर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की अपनी सीमाएं हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को और बढ़ाने के लिए पीपीपी मॉडल की दरकार है। इसके लिए सुपर स्पेशियलिटी सेंटर बनाने की पॉलिसी लेकर सरकार आ रही है। जरूरत वाले जनपद में निजी संस्थाएं मेडिकल कॉलेज बनवाती हैं तो सरकार मदद करेगी। यथार्थ ग्रुप से भी मेडिकल कॉलेज खोलने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें सरकार मदद करेगी। इससे मेडिकल शिक्षा-स्वास्थ्य का स्तर बढ़ेगा।

# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे, अमित शाह बोले, राहुल बाबा की विरोध की नीति

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरिद्वार से उत्तराखंड विधानसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए कहा कि केदारनाथ से लेकर कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकालेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल बाबा ने विरोध की नीति अपना ली है लेकिन हम विकास पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे।

### शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैंप में जन-जन की सरकार

चार साल बेमिसाल कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य को 1100 करोड़ से अधिक की योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कहा कि जब मैं सीएए लाया था तब कांग्रेस, सपा, बसपा, ममता समेत सभी ने सदन में खूब हल्ला किया लेकिन मैंने साफ कहा कि हिंदू, सिक्ख, बौद्ध, जैन शरणार्थियों का देश पर उतना ही अधिकार है, जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। राहुल बाबा को जितना विरोध करना है कर लो, हम नागरिकता देकर रहेंगे। गृह मंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस घुसपैठियों को बचाने में लगी रही, इधर धामी सरकार ने 10 हजार से ज्यादा अतिक्रमण उखाड़ फेंके। कहा, केदारनाथ धाम से लेकर कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकालेंगे। राहुल बाबा को जितना विरोध करना है कर ले।



### जो नागरिक नहीं, उसका वोट कटना चाहिए

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को पूरा समर्थन करती है। जो भारत का नागरिक नहीं, उसका नाम मतदाता सूची से कटना चाहिए। एक स्वच्छ लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मतदाता सूची भी शुद्ध हो।

### धामी को बधाई दी, तीसरी बार मांगा जनता से मौका

कार्यक्रम में गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की चार साल की सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि इस दौरान उन्होंने चुन-चुन कर एक-एक समस्या का समाधान किया है। फिर चाहे देश का पहला समान नागरिकता कानून हो या नकलरोधी कानून।

### भाषण में त्रिवेंद्र का भी जिक्र

अमित शाह ने अपने भाषण में धामी सरकार के चार साल के साथ ही इससे पूर्व के मुख्यमंत्री व वर्तमान सांसद त्रिवेंद्र रावत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की दो सफल सरकार यहां रही हैं, अब तीसरी के लिए जनता को हमारा साथ देना है।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

गृह मंत्री ने अपने भाषण में कांग्रेस पर सीधे तौर पर निशाना साधा। हरीश रावत स्टिंग प्रकरण, दलित छात्रवृत्ति घोटाला, कुमाऊं खाद्यान्न घोटाले का जिक्र करते हुए जनता से पूछा कि उन्हें तय करना है कि घोटालों वाली सरकार चाहिए या फिर से ऐसी सरकार जो नौ साल से बेदाग है। कहा कि जनता को तय करना है कि भ्रष्टाचार, अव्यवस्था, उत्तराखंड निर्माण विरोधी कांग्रेस की सरकार चाहिए या धर्म, संस्कार, संस्कृति को सहेजकर विकास करने वाली भाजपा सरकार।

### तब पर्ची और खर्ची चलती थी, अब नौकरी मिलती है

शाह ने कांग्रेस पर हमला बोला कि उनके जमाने में नौकरी के लिए पर्ची और खर्ची चलती थी लेकिन अब धामी सरकार ने सख्त नकलरोधी कानून बनाकर इसे बंद कर दिया है। पहाड़ के गरीब घर का मेधावी भी सरकारी नौकरी पा रहा है।

### संतों को प्रणाम, युवाओं को कहा, जिगर के टुकड़े

अमित शाह ने अपने संबोधन से पहले मंच से उठकर पहले संतों को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इसके बाद युवाओं को अपने साथ जोड़ने के लिए मेरे जिगर के टुकड़े कहकर पुकारा।

# डीएम ने किया सदर तहसील का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा शनिवार को तहसील कर्वी का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक एवं न्यायिक कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य तहसील की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना, अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित करना और जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना रहा। जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। न्यायालय में लंबित सबसे पुराने 5 वादों की पत्रावलियों का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि पत्रावलियों में दर्ज फर्द काम (ऑर्डर शीट) के हस्तलेखन के स्थान पर उन्हें अनिवार्य रूप से टाइप कराने के निर्देश दिए ताकि स्पष्टता बनी रहे। एवं पुराने वादों में नियमित तिथियां निर्धारित कर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उपजिलाधिकारी कर्वी को रिव्यू ऑफिसर के रूप में न्यायालयी कार्यों की निरंतर सुपरवाइजरी करने हेतु निर्देशित किया।


प्रदेश राज्य संग्रह अमीन संघ कार्यालय एवं संग्रह कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों के रखरखाव पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने समस्त महत्वपूर्ण पत्रावलियों को कपड़े के बस्तों में सुरक्षित रखने तथा कार्यालय में बिखरे हुए कागजातों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अनुपयोगी एवं पुराने दस्तावेजों के साथ-साथ पूर्ण हो चुकी वसूली की पत्रावलियों की तत्काल वीडिंग कराने को कहा। उन्होंने शीर्ष 10 बड़े बकाएदारों की पत्रावलियों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि बैंकों की रिकवरी आर्थिक चक्र के लिए अनिवार्य है। वसूली न होने से ऋण प्रक्रिया बाधित होती है, जिसका सीधा असर उद्योग व व्यापार पर पड़ता है। खनन कार्य में लिप्त पकड़े गए ट्रकों से नियमानुसार जुर्माना वसूलने अथवा विधिक कार्रवाई कर उन्हें बंद करने के भी निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने बी.आर.सी. एवं भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण, फार्म 6 पटल का निरीक्षण किया। कंप्यूटर ऑपरेटर को निर्देशित किया गया कि फॉर्म-6 एवं अन्य निर्वाचन संबंधी डेटा फीडिंग में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। भूलेख अनुभाग में परवाना रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उन्होंने उप जिलाधिकारी और तहसीलदार को नियमित अंतराल पर पटल का निरीक्षण करने तथा अभिलेखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार कर्वी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि कार्यों में शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से हो निस्तारणः जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



शनिवार को जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत,राजस्व,पुलिस,विकास,आपूर्ति विभाग एवं अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई,कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुई,जिनमें से मौके पर 07 शिकायतों का निस्तारण किया गया।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवशेष जन शिकायतों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम कनवारा में एक फरियादी द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा होने की शिकायत पर राजस्व निरीक्षक कनवारा को पैमाइश करने के निर्देश दिये।ग्राम लामा में मनरेगा कार्य का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में एक फरियादी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें बडोखर खुर्द को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।जलजीवन मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत ग्राम पिपरहरी में पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त होने पर अधिशाषी अभियंता जलनिगम ग्रामीण को जलापूर्ति कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।आशा देवी के द्वारा आपसी लडायी झगडा की शिकायत प्राप्त होने पर एसएचओ मर्का को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।राजकीय नलकूप खराब होने पर नलकूप शीघ्र ठीक कराये जाने के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियंता नलकूप को निर्देशित किया।ग्राम सैमरी में लेखपाल द्वारा भूमि पैमाइश ठीक से न किये जाने की शिकायत पर नायब तहसीलदार को मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को सुनते हुए निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को दिये।सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता,नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला,परियोजना निदेशक डीआरडीए,मुख्य चिकित्सा अधिकारी,तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विशिष्ट पहल-ग्रामोदय विश्वविद्यालय में युवाओं के लिए रोजगार परक प्रशिक्षण

## दीनदयाल कौशल केन्द्र में नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु 12 मार्च तक होंगे प्रवेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दीनदयाल कौशल केन्द्र द्वारा भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास अभियान के अंतर्गत युवाओं के लिए पूर्णतः निःशुल्क, व्यावहारिक एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय को नेक बंगलौर द्वारा ए डबल प्लस ग्रेड तथा यूजीसी दिल्ली द्वारा कैटेगरी वन का दर्जा प्राप्त है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे की विशेष पहल से क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में ग्रामोदय विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय ने बताया कि दीनदयाल कौशल केन्द्र द्वारा संचालित इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक तकनीकों, प्रबंधन कौशल तथा व्यावहारिक अनुभव से सुसज्जित करना है, ताकि वे स्वरोजगार स्थापित कर सकें अथवा निजी एवं सरकारी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। प्रो. पांडेय ने बताया कि इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता पूर्ण संचालन के लिए कुलगुरु प्रो चैबे ने शुक्रवार को प्रशिक्षकों की एक बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में बताया गया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल एग्रीकल्चर एक्सटेंशन प्रमोटर, आर्गेनिक ग्रोवर, आर्गेनिक फार्म एंड बिजनेस प्रमोटर, डेयरी फॉर्मर एंटरप्रिन्योर, फारेस्ट नर्सरी रेसर, सोलर पंप तकनीशियन तथा फिल्टर फेब्रिकेशन जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमो को शामिल किया गया है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं से लेकर स्नातक स्तर तक निर्धारित की गई है। सभी इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश हेतु 12 मार्च तक विश्वविद्यालय परिसर स्थित दीनदयाल कौशल केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं। सीमित सीटों के कारण प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा।

# धूमधाम से मनाई जायेगी कांशीराम जयंती

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

समाजवादी पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई।जिसमें आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि एवं पूर्व सांसद विशंभर प्रसाद निषाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 15 मार्च को कांशीराम जयंती पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाई जाएगी। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।उन्होंने कहा कि कांशीराम के विचार सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं।इसलिए उनकी जयंती को समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हुए मनाया जाएगा।साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति भी तैयार की जा रही है।ताकि पार्टी को आने वाले चुनावों में मजबूती मिल सके।बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह वर्मा ने कहा कि मान्यवर कांशीराम की जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठन जो भी जिम्मेदारी देगा।उसे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा ने की। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सक्रिय रूप से काम करें और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा,राष्ट्रीय सचिव ओम नारायण त्रिपाठी विदित,पूर्व प्रत्याशी भरत लाल दिवाकर,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र वर्मा,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वर्मा,पूर्व प्रत्याशी किरन यादव,जिला पंचायत सदस्य रजनी यादव, उर्मिला वर्मा, सुमन दिवाकर, नीलम,जिला सचिव कुदरत उल्ला, नासिर खान, निलेश श्रीवास, दिलीप पटवा,लाल मन यादव,प्रमोद निषाद,वरिष्ठ नेता राम लाल प्रजापति, आदि सैंकड़ों नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थिति रहे कुशल संचालन जिला महासचिव एजाज खान ने किया।

# केन नदी का सीना चीर रहे बालू चोर

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जनपद के तहसील सदर अंतर्गत ग्राम पंचायत अछरौड़ थाना मटौंध में इन दिनों बालू माफियाओं का आतंक चरम पर है।केन नदी के प्रतिबंधित क्षेत्रों से दिन-रात अवैध ट्रैक्टर-ट्रालियों के जरिए बालू की चोरी धड़ल्ले से की जा रही है।इस गंभीर विषय को लेकर आज ग्रामीण सूर्यप्रकाश पुत्र रामकिशोर ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर माफियाओं के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।शिकायतकर्ता सूर्यप्रकाश ने बताया कि अछरौड़ गांव में अवैध खनन का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है।माफिया बेखौफ होकर केन नदी से बालू का अवैध उठाव कर रहे हैं।जिससे न केवल पर्यावरण को भारी क्षति पहुंच रही है।बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व को भी लाखों रुपये का चूना लगाया जा रहा है।अवैध बालू से लदे ट्रैक्टरों के अनियंत्रित परिचालन से गांव की सड़कों और शांत वातावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध बालू चोरी की सूचना स्थानीय स्तर पर होने के बावजूद माफियाओं के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे सरेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि अवैध बालू चोरी में संलिप्त व्यक्तियों को तत्काल चिन्हित किया जाए।दोषियों पर कठोर कानूनी व दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।नदी क्षेत्र में पुलिस और खनिज विभाग की गश्त बढ़ाई जाए ताकि राजस्व की क्षति को रोका जा सके।

# तमंचा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक हरीसिंह तथा उनके मुख्य आरक्षी अशोक कुमार शर्मा व मुख्य आरक्षी चालक सज्जन कुमार द्वारा रात्रि चेंकिग के दौरान अभियुक्त राज उर्फ लालबहादुर कोल पुत्र जगजीवन कोल निवासी ग्राम मुरकटा मजरा ऊंचाडीह थाना मानिकपुर को 1 अवैध 315 बोर तमंचा व 1 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मानिकपुर में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

सरधुवा थाना क्षेत्र के बरद्वारा गांव के निवासी रतिभान पुत्र संतोष ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि उन्होंने संतोष यादव के विरुद्ध शिकायती पत्र थाने में दिया था। जिसकी जांच के दौरान आरोपी संतोष यादव ने सरधुवा थाने के सिपाही देवेन्द्र यादव को मिला लिया। इसके चलते जब वह बीती 5 मार्च की शाम थाने में होली देखने गया था। जहां सब लोगों के जाने के बाद देवेन्द्र यादव ने उसे बुलाकर लात घूसों से पीटा साथ ही धमकी दी कि गंभीर अपराध में गांजा लगाकर चालान कर दिया जाएगा। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर अरोपी सिपाही के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की है।

# समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शासन की मंशानुरूप जन-समस्याओं के प्रभावी निराकरण के लिए शनिवार को तहसील सभागार कर्वी में पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा, राजेश कुमार एस की अध्यक्षता में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने फार्मर रजिस्ट्री, नाली, चकरोड, विद्युत एवं जलापूर्ति आदि से आए संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण सही ढंग से होना चाहिए।

भूमि विवाद से जुड़े प्रकरणों पर सख्त रुख अपनाते हुए डी.आई.जी. ने निर्देश दिए कि राजस्व, पुलिस एवं चकबंदी विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करे और निष्पक्ष पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता शिकायतों का समयबद्ध समाधान है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निस्तारण में अनावश्यक विलंब या शिथिलता पाई गई, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने महिला संबंधी शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्रों का संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान किया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 73 प्रार्थना पत्र आए एवं मौके पर 6 निस्तारण कराया गया।

इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस मऊ में संपन्न हुई। जिसमें 39 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए मौके पर 4 का निस्तारण करा दिया गया। सम्पूर्ण समाधान राजापुर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समाधान दिवस में 39 प्रार्थना पत्र आए जिसमें पाँच का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। मानिकपुर संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लालवर्धन सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दबंगो ने अपनी दबंगई के बल पर गरीब महिला किसान की हरी फसल को पहले तो जबरन काट दिया, फिर हार्वेस्टर चढाकर उसे कर दिया बर्बाद

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



कुरारा के बेरी गांव में दबंगो ने अपनी दबंगई के बल पर सिर्फ हार्वेस्टर को निकालने के लिये पहले तो गरीब महिला किसान की लाही की हरी खडी फसल को जबरन काट दिया ,और बाद में हार्वेस्टर चढाकर पूरी तरह कर दिया बर्बाद । जबकि शिकायत के बावजूद पुलिस ने अब तक नहीं की दबंगो के खिलाफ कार्यवाही। कुरारा थाना क्षेत्र की बेरी गांव निवासी पीडित किसान सरोजनी पत्नी स्व0 लक्ष्मी नारायण सिंह ने बेरी चौकी पुलिस को दिये लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव की बेतवा नदी किनारे उसकी गाटा संख्या 747 में कृषि भूमि है, जिसमे उसने लाही बोई थी, 5 मार्च 26 को गांव के ही दबंग और अपराधी किस्म के व्यक्ति राजेश सिंह पुत्र राम रतन सिंह और उसके पुत्र नीरज सिंह व कुलदीप सिंह ने पहले तो अपने मामा फक्कड़ से उसकी खडी फसल को जबरन कटवा दिया,और बाद में हार्वेस्टर चढाकर उसकी फसल को बर्बाद कर दिया। जबकि मामले की जानकारी मिलते ही पीडित किसान का पुत्र पवन सिंह और नाती बद्री सिंह मौके पर पहुंचे तो दबंगो ने उनके साथ गाली गलौज की। जिसके बाद दोनों डर गये और वापस घर लौटकर जानकारी दी। पीडित किसान ने बताया कि फसल बर्बाद होने से पीडित गरीब किसान का भारी नुकसान हुआ है। पीडित किसान ने पुलिस से गुहार लगाते हुये उक्त दबंगो के खिलाफ कडी कार्यवाही करने के साथ ही उसकी बर्बाद की गई फसल के नुकसान की भरपाई कराने के साथ ही उसे न्याय दिलाने की मांग की है।

# जनपद की मधु-सखियाँ अपने शहद की मिठास से संवार रहीं महिलाओं तकदीर

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



बुंदेलखंड की साहसी महिलाओं ने अब मीठी क्रांति के जरिए आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिखनी शुरू कर दी है।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर जिले के छह ब्लॉकों की महिलाओं ने मधुमक्खी पालन को अपनी आय का जरिया बना लिया है।ये महिलाएँ न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं बल्कि समाज के लिए महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर भी उभरी हैं।मधुमक्खी पालन की सफलता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि फरवरी में लगाए गए मात्र 75 बॉक्स से एक ही हफ्ते में 36 किलो शहद प्राप्त किया गया। वहीं वर्तमान में जिले की 125 महिलाएं इस काम को लगन से कर रही हैं।इस मुहिम की शुरुवात नरैनी क्षेत्र के नीबी व सढ़ा से फरवरी के महीने में हुई। जहां नीबी गांव की मुन्नीबाई और चुन्नी,वहीं सढ़ा गांव की उमा,ऊषा,जनकदुलारी,सुंता और सुमन जैसी जिले के अन्य क्षेत्रों की सैकड़ों महिलाएँ अपनी सफलता की मिसाल पेश कर रही हैं।विभाग द्वारा बॉक्स मिलने और डीआईआरडी (क्स्व) से प्रशिक्षण लेने के बाद इन महिलाओं के हाथ अब हुनरमंद हो चुके हैं और ये महिलाएं घर घर शुद्ध शहद पहुंचा रही हैं।इन महिलाओं के मुनाफे की बात करें तो अलग-अलग फूलों के हिसाब से शहद की कीमतें भी शानदार मिल रही हैं।जिसके क्रम में जहां सरसों का शहद 600 प्रति किलो बिकता है।तो वहीं नीम का शहद 1000 प्रति किलो,जामुन का शहद 800 प्रति किलो तो वहीं वन तुलसी का शहद 1200 प्रति किलो (सबसे अधिक मांग)बिकता है। आर्थिक तंगी को पीछे छोड़ने के लिए इन समूहों को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत 25,780 रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस छोटी सी मदद और अपने बड़े हौसले के दम पर ये महिलाएं शून्य से शिखर तक का सफर तय करने की ओर अग्रसर है।फार्म आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जनपद की ये महिलाएं आज साबित कर रही हैं कि ग्रामीण परिवेश की महिलाएँ भी अगर ठान लें तो तकनीकी ज्ञान और सरकारी सहयोग से अपना खुद का साम्राज्य खड़ा कर सकती हैं।यह बात केवल मुनाफे की नहीं है।बल्कि उन हजारों महिलाओं के सपनों की है जो अब अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और परिवार को अच्छी जीवनशैली देने में सक्षम हैं।इन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 125 महिलाएं मधुमक्खी पालन कर रही हैं। जिसमें सबसे अधिक संख्या नरैनी क्षेत्र में महिलाओं की है।

# भाई के ऊपर हमला करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** नरैनी के सगे भाई और उसके परिवार पर कुल्हाडी से हमला करने वाले आरोपी भाई को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की कार्यवाही की गई ।साथ ही अभियुक्त की निशाहदेही पर घटना में प्रयुक्त सामग्री बरामद कर ली गई ।बता दे कि 6 मार्च की देर शाम को थाना क्षेत्र के ग्राम तलैयापुरवा अंश मसौनी के रहने वाले साहबदीन के पारिवारिक भाई राजाबाबू पुत्र जुग्गीलाल पर जान से मारने की नियत से उस पर कुल्हाडी से हमला कर घायल कर दिया था ।साथ ही परिवार के लोगों को जान माल की धमकी देकर आरोपी मौके पर से फरार हो गया था ।पीड़ित ने आरोपी भाई राजाबाबू पुत्र स्व जुग्गीलाल के विरुद्ध थाने में पहुंच तहरीर देकर सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत करवाया ।मामला पंजीकृत होने के बाद पुलिस टीम बनाकर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई ।तकरीबन 12 घण्टे के बाद नरैनी थाना पुलिस ने अभियुक्त राजाबाबू पुत्र को ग्राम तलैया पुरवा अंश मसौनी जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार कर लिया।

# शिक्षा के जरिए महिला शसक्तिकरण के क्षेत्र में आगे बढने पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के क्षेत्रीय कार्यालय मानिकपुर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुरातन छात्र, पुरातन कार्यकर्ता मिलन तथा होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें डेढ़ सैकड़ा संस्थान से जुड़े पुराने छात्र-छात्राओं, कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं 20 गाँव की महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण-दीप प्रज्वलन एवं फूल सी जिन्दगी हो हमारी वंदना गीत के साथ किया गया। उपस्थित वक्ताओं में महिला एवं बाल विकास विभाग मानिकपुर की पर्यवेक्षिका प्रीती जायसवाल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं को शिक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व के अवसर प्रदान करना समय की आवश्यकता है। महिलाएं बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए विभाग की योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें। उन्होंने संस्थान द्वारा क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर ब्लाक की कार्यक्रम प्रबंधक पूनम श्रीवास्तव ने किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर के टीका लगवाकर स्वास्थ्य लाभ पाने की अपील की। कार्यक्रम का प्रेरक मार्गदर्शन संस्थान संस्थापक गोपाल भाई ने किया, मुख्य अतिथि माया साकेत, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकत्री ने उपस्थित महिलाओं से अपने बच्चों को शिक्षित व संस्कारित बनाने के लिए प्रेरित किया।

# दीनदयाल परिसर में आरोग्यधाम द्वारा दो दिवसीय परम्परागत वैद्य सम्मेलन का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दीनदयाल शोध संस्थान के स्वास्थ्य प्रकल्प आरोग्यधाम द्वारा शनिवार को उद्यमिता विद्यापीठ के लोहिया सभागार में परंपरागत वैद्यों के दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। जिसमें सन्त सीताशरण महाराज जानकी महल, रामबेटा कुशवाहा जिला संघचालक सतना, अपराजित शुक्ला सचिव दीनदयाल शोध संस्थान की विशेष मौजूदगी रही।

इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के शोधशाला प्रभारी डॉ. मनोज त्रिपाठी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परम्परागत वैद्य सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य, ज्ञान और अनुसंधान का आदान-प्रदान, पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण एवं संवर्धन, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा, औषधीय पौधों का ज्ञान, डेटा वेस तैयार करना, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के साथ समग्र स्वास्थ्य प्रदान करना है। इस सम्मेलन के माध्यम से देश की पारंपरिक चिकित्सा विरासत को श्आयुर्वेद से आरोग्य के संदेश के साथ आगे बढ़ाना है। आरोग्यधाम के वैद्य राजेन्द्र पटेल ने बताया कि हमारा कार्य कम दवा, कम पैसे व कम समय में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हरी ताजी औषधियों से लोगों को स्वस्थ रखना है। ग्रामीण क्षेत्रों में वैद्यो द्वारा पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के ज्ञान की निरंतरता को बनाये रखना है।

प्रो. आलोक चैबे कुलगुरु ने कहा कि हर व्यक्ति को हर मामले में स्वावलंबी बनाना नानाजी का लक्ष्य था। भारत की परंपरागत चिकित्सा प्रणाली सबसे प्राचीन है सभी युगों में आयुर्वेद का महत्व भारतीय प्राचीन पद्धति में रहा है। त्रेता युग में इसका सबसे बड़ा उदाहरण वनवास काल मे मर्यादा पुरुषोत्तम राम के छोटे भाई भगवान लक्ष्मण को वैद्य द्वारा संजीवनी बूटी से पूर्ण स्वास्थ्य प्रदान किया गया। जड़ी-बूटियों में देवताओं का निवास होता है और आयुर्वेद में वृक्षों का विशेष महत्व है। आयुर्वेद महाविद्यालय एवं एम्स जैसे ग्रामीण संस्थान और अधिक मात्रा में खोलना चाहिए। भारत सरकार द्वारा इस क्षेत्र में काफी अधिक बजट खर्च किया जा रहा है एवं इस पर रोजगार भी स्थानीय स्तर पर लोगों को प्राप्त हो रहे हैं। देश के हर व्यक्ति को सस्ता इलाज सिर्फ आयुर्वेद ही प्रदान कर सकता है, आयुर्वेद स्वस्थ जीवन का आधार है।

सन्त सीताशरण महाराज ने कहा कि हमें अपने परंपरागत ज्ञान का उपयोग करना चाहिए। जिले में हजारों प्रकार की वनौषधियाँ उपलब्ध हैं। राष्ट्रऋषि नाना ने इस क्षेत्र में जन सहयोग से चिकित्सा क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किया है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध औषधियों से आजीवन स्वास्थ्य की संकल्पना को सिद्ध करने के लिए ही आरोग्यधाम की स्थापना की थी जिससे सभी निरोगी रह सकें।

विनीत श्रीवास्तव प्रभारी दिशा दर्शन केंद्र, ने दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा किये जा रहे समाजोमुखी कार्यों का सारगर्वित प्रस्तुतिकरण किया। दो दिनों तक चलने वाले सम्मेलन में प्रथम दिवस दो तकनीकी सत्रों में वैद्यों के ज्ञान का रोगानुसार आदान-प्रदान के अंतर्गत पक्षाघात, वात, कफ, पित्त, पेट, नेत्र, कर्ण, मुख, दाँत मधुमेह, रक्तचाप, एनीमिया, पीलिया, दमा, स्नोफीलिया खांसी जैसी बीमारियों के संबंध में कारण एवं निदान पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।



**चीन की औद्योगिक ताकत से कैसे मुकाबला...**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि चीन ने दुनिया में एक बेहद मजबूत और बेजोड़ औद्योगिक प्रणाली खड़ी कर ली है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि चीन की व्यवस्था दबाव डालने वाली और अलोकतांत्रिक है, इसलिए भारत को अपने लोकतांत्रिक... पढ़ें पेज 12 पर...

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

## 2000 फीट ऊंचाई पर अचानक डिस्प्ले बंद हुआ, धुआं भरा, लखनऊ में उतारा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गए। उनके हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड बाद तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते उसमें धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत अमौसी एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग कराई। डिप्टी सीएम को सुबह करीब 11:30 बजे कौशाम्बी पहुंचना था, जहां पार्टी पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित थी। इसके अलावा उन्हें विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी करना था। वह ला-माटीनियर ग्राउंड से हेलीकॉप्टर से रवाना हुए थे। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण हेलीकॉप्टर में धुआं फैलने लगा। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई। समय रहते हेलीकॉप्टर को उतार लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। डिप्टी सीएम पूरी तरह सुरक्षित हैं। डिप्टी ष्टरू केशव प्रसाद मौर्य कौशांबी पहुंचे, उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई थी और आज सुबह लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। उन्होंने कहा, 'हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई थी और हमें वापस लौटना पड़ा। फिर हमने दूसरा हेलीकॉप्टर लिया और अब यहां पहुंचे हैं। केशव मौर्य दूसरे हेलिकॉप्टर से कौशांबी पहुंचे। यहां उन्होंने दो दिवसीय सरस महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम में हेलिकॉप्टर दुर्घटना का जिक्र किया। केशव मौर्य जिस हेलिकॉप्टर से सफर कर रहे थे, वह यूपी सरकार का है। इसकी जिम्मेदारी नागरिक उड्डयन विभाग के पास है। ईशान प्रताप सिंह इस विभाग के निदेशक हैं। वह सीएम के विशेष सचिव भी हैं। केशव के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी 3 बार उनके हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ चुकी है।

> मैं कौशांबी आ रहा था। रास्ते में हेलिकॉप्टर में अचानक खराबी आ गई थी, लेकिन मुझे कार्यक्रम में पहुंचना था। इसके बाद दूसरे हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई और आप सभी लोगों के आशीर्वाद से बच गया। मैं आपके सामने खड़ा हूं। आप सभी को प्रणाम।
>
> -केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम

### 2000 फीट की ऊंचाई पर था हेलिकॉप्टर

- केशव के हेलिकॉप्टर ने लखनऊ के ला मार्टिनियर स्कूल ग्राउंड से उड़ान भरी। यह ग्राउंड उनके आवास के पास ही है। हेलिकॉप्टर में केशव समेत 6 लोग थे- दो पायलट, एडवाइजर, एक क्लास फोर का स्टाफ और सिक्योरिटी।
- हेलिकॉप्टर 2000 फीट की ऊंचाई तक पहुंच गया। तभी पायलट को विमान में गड़बड़ी का पता चला। एटीसी से परमिशन लेकर तुरंत विमान लखनऊ की तरफ मोड़ा।
- पायलट ने जैसे-तैसे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच हेलिकॉप्टर को लखनऊ एयरपोर्ट में उतारा। इस दौरान फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस भी पहुंच गई थी।
- शुरुआती जांच में पता चला है कि हेलिकॉप्टर के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में कुछ समस्या थी। हालांकि, असली कारण जांच पूरी होने के बाद ही सामने आ पाएगा।

### पहले कब-कब हुई केशव के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

- **28 फरवरी 2022** : चुनावी सभा के लिए जा रहे थे। रास्ते में ईंधन की कमी की वजह से हेलिकॉप्टर को कुशीनगर के महावीर इंटर कॉलेज के मैदान में उतारना पड़ा।
- **14 फरवरी 2019**: आजमगढ़ दौरे के लिए उड़ान भरते ही हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने तुरंत वापस लखनऊ में सुरक्षित लैंडिंग कराई थी।
- **30 मार्च 2018** : आजमगढ़ से लखनऊ लौटते समय हेलिकॉप्टर में गड़बड़ी आई। रायबरेली के फुरसतगंज में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी।

### ऐसी घटना किसी के साथ न हो, फिर चुटकी ली: अखिलेश

हादसे पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा, वो स्वस्थ्य रहें, ऐसी घटना किसी के साथ न हो। क्योंकि मशीन है, उस मशीन में हम सब उड़ते हैं। मशीन हमेशा अच्छी होनी चाहिए। फिर उन्होंने चुटकी भी ली। कहा, उन्हें नया हेलिकॉप्टर मिलना चाहिए। जो अभी नया वाला आया है।

# हम मायावती और नीतीश कुमार को बनाना चाहते थे प्रधानमंत्री: अखिलेश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजे जाने को लेकर कहा कि जब 2024 में इंडिया गठबंधन बना था तो हम लोग उन्हें प्रधानमंत्री बनाना चाहते थे। इसी तरह जब 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ था तो हम मायावती को प्रधानमंत्री बनाना चाहते थे लेकिन लगता है कि भाजपा नीतीश जी को राज्यसभा सदस्य के रूप में ही रिटायर करना चाहती है। अखिलेश यादव शनिवार को सपा मुख्यालय लखनऊ में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा और कहा कि चुनाव आयोग झूठ बोलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग सपा का फर्जी वीडियो चलवा रहे हैं। हम उन पर मुकदमा करेंगे। प्रदेश में गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई बढ़ा रही है। सुबह देखा कि गैस के दाम बढ़ा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब जाएंगे भाजपाई, तब घटेगी महंगाई। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि आज भारत की विदेश नीति विदेशी तय कर रहे हैं जबकि देश की विदेश नीति हमारी सरकार को ही तय करनी चाहिए पर ऐसा नहीं हो रहा है। इस मौके पर कई नेता समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।

# पिंक रोजगार महाकुंभ: युवतियों को विदेश में मिलेगी नौकरी, 1.15 लाख रुपये महीने होगा वेतन



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी व प्रदेश से आईटीआई, डिप्लोमा, मेडिकल व अन्य शैक्षिक योग्यता धारक युवतियों को विदेश में नौकरी का अवसर मिलेगा। गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में रविवार को पिंक रोजगार महाकुंभ लगेगा। यहां विदेश की तीन प्रमुख कंपनियों में करीब 171 पदों पर युवतियों का 1.15 लाख महीने तक के वेतन पर चयन किया जाएगा। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी सूर्यकांत कुमार ने बताया कि पिंक रोजगार महाकुंभ का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। शुभारंभ के बाद कुछ प्रमुख कंपनियों के लिए चयनित युवतियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण भी करेंगे। इस अवसर पर श्रम एवं सेवायोजन विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी, प्रमुख सचिव डॉ. एमके शन्मुगा व निदेशक नेहा प्रकाश शामिल होंगी। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि विदेश की तीन प्रमुख कंपनियों में शामिल आईटी आईटीईएस सोशल मीडिया के तहत बीआरटी टेक्नीशियन में कंप्यूटर ऑपरेटर, रिटेल के तहत डे टू डे केयर और साइमन कॉन्ट्रैक्ट कंपनी में एकाउंटेंट के पद के साथ ही कुल 172 खाली पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए युवतियों के पास इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक और परास्नातक तक की योग्यता जरूरी है। सभी चयनित युवतियों को दुबई में नौकरी मिलेगी।

### रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी

जिला सेवायोजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने बताया कि रोजगार महाकुंभ में शामिल होने वाली प्रत्येक युवतियों का संगम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण जरूरी है। जिन युवतियों ने अभी तक पंजीकरण नहीं करा सकी हैं। रोजगार महाकुंभ में साक्षात्कार देने के दौरान जरूरी दस्तावेज का होना जरूरी है। ऐसे में सभी युवतियों से अपील है कि अपने साथ- जरूरी दस्तावेज और उसकी फोटो कॉपी, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड साथ लाएं।

### 50 कंपनियों में 1000 पद, 5000 युवतियों को नौकरी देने का लक्ष्य

जिला सेवायोजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने बताया कि पिंक रोजगार महाकुंभ में 50 से अधिक कंपनियां शामिल होंगी। इनमें खाली 1000 सीटों पर करीब 5000 युवतियों को मौके पर नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रमुख रूप से ऑटोमोटिव, ई-कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक, फूड, हेल्थ केयर, आयरन स्टील, रिटेल, टेलीकॉम, टेक्सटाइल, बीएफएसआई सहित अन्य क्षेत्र में युवतियों को नौकरी मिलेगी।

### प्रत्येक आईटीआई व पॉलीटेक्निक से 100 युवतियों को नौकरी देने का लक्ष्य

सेवायोजन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राजधानी के प्रत्येक राजकीय आईटीआई, पॉलीटेक्निक, कॉलेज, विश्वविद्यालय व अन्य शिक्षण से 100-100 युवतियों को नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए संबंधित प्रधानाचार्य व प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भी लिखा गया है। अधिक से अधिक युवतियों की भागीदारी बढ़े इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# यूपी आज जो कुछ भी कर पा रहा है, उसके पीछे है पं. गोविंद बल्लभ पंत की सोच: सीएम योगी



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के पूर्व गृह मंत्री व उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री 'भारत रत्न' पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भारत मां का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल अधिवक्ता व सुयोग्य प्रशासक बताया। सीएम ने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत के कार्य हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अपने समय में उत्तर प्रदेश के विकास व सुधार के लिए अनेक कदम उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जन्म वर्तमान उत्तराखंड में हुआ था, उस समय उत्तराखंड संयुक्त प्रांत का हिस्सा था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर वह वकालत छोड़कर स्वाधीनता संग्राम में कूद पड़े थे। जब देश गुलाम था, तब 1937 में उत्तर प्रदेश के प्रीमियर के रूप में उनका चयन हुआ था। उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में पं. गोविंद बल्लभ पंत जी का स्मरण सभी करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पंत जी ने विकास की जो आधारशिला रखी और जो विजन प्रस्तुत किया, उसका अनुसरण करते हुए उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बना हुआ है। यूपी आज जो कुछ भी कर पा रहा है, उसके पीछे पं. गोविंद बल्लभ पंत की सोच है। उन्होंने अपने समय में उत्तर प्रदेश के विकास व सुधार के लिए अनेक कदम उठाए। उन्होंने गृह मंत्री के रूप में देश को अमूल्य सेवाएं दीं। राजभाषा हिंदी के प्रोत्साहन, प्रचार-प्रसार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। देश की स्वाधीनता में अमूल्य योगदान तथा उत्तर प्रदेश व देश की बहुमूल्य सेवा के लिए 1957 में उन्हें 'भारत रत्न' प्रदान किया गया। पं. गोविंद बल्लभ पंत के कार्य आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक जय देवी, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बरेली में पशु सेवा केन्द्र हेतु 17.03 लाख रूपये स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत बरेली के विकासखंड नवाबगंज में ग्राम हरहरपुर मटकली में 'द' श्रेणी पशु औषधालय के निर्माण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में रूपये 17 लाख 3 हजार की धनराशि स्वीकृत की है। पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए बरेली के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए है। शासनादेश में कहा गया है कि जिला योजनाओं के जनपदवार योजनावार परिव्यय निर्धारण के उपरांत स्वीकृत धनराशि को आवंटित परिव्यय में समायोजित कराते हुए यथावश्यकता संबंधित जनपदों की जिला योजना समिति का कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किए जाने का उत्तरदायित्व निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग का होगा।

# कम राजस्व वसूली वाले दस जिला आबकारी अधिकारियों का जवाब तलब

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- गैर जिम्मेदारीपूर्ण कार्रवाई पर बिजनौर के जिला आबकारी अधिकारी के कार्यों की जांच के निर्देश
- पड़ोसी राज्यों की अवैध मदिरा के साथ कच्ची, मिलावटी व चोरी की शराब पर पूर्ण प्रतिबंध
- 2025-26 में 63,000 करोड रुपए राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष माह फरवरी तक आया 50,585 करोड रुपए का राजस्व
- देश में यूपी का आबकारी विभाग बना रोल मॉडल: नितिन



उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने गन्ना संस्थान डालीबाग में उच्च अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा वर्चुअल प्रतिभाग कर रहे सभी जिला आबकारी अधिकारियों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने विगत एक वर्ष में कम राजस्व वसूली वाले 10 जनपदों में कानपुर नगर, आगरा, मेरठ, बिजनौर, लखनऊ, बुलंदशहर, हाथरस, मुरादाबाद, अलीगढ़, बरेली के जिला आबकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने तथा मदिरा एवं भांग की दुकानों के लाइसेंस नवीनीकरण के लिए एक हफ्ते का और अतिरिक्त समय देने का भी निर्देश दिया। प्रदेश के पड़ोसी राज्यों की अवैध मदिरा के साथ कच्ची, मिलावटी व चोरी की शराब पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने को भी कहा। इसके लिए शासन स्तर से निगरानी करने तथा जिलों की प्रवर्तन टीम को लगातार मॉनिटरिंग करने व राजस्व को हानि पहुंचाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में कहीं पर भी मदिरा की ओवररेटिंग पर तथा औद्योगिक इकाइयों के संचालन में व्यवधान उत्पन्न करने व प्रताड़ित करने की शिकायत पर संबंधित जिला आबकारी अधिकारियों पर सख्त करवाई करने को भी कहा। बिजनौर की मदिरा इंडस्ट्री के खिलाफ गैर जिम्मेदारीपूर्ण कार्रवाई पर जिला आबकारी अधिकारी के कार्यों की जांच कर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।आबकारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप प्रदेश के विकास को आगे ले जाने के लिए सभी अधिकारी पूर्ण लगन, मेहनत एवं ईमानदारी से कार्य करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वैट और जीएसटी के बाद सर्वाधिक राजस्व आबकारी विभाग से प्राप्त होता है। विगत 8 वर्षों में विभाग में काफी पारदर्शिता आयी है और जवाबदेही भी बढ़ी है। अन्य राज्य प्रदेश की आबकारी नीति का अनुसरण कर रहे हैं। पूरे देश में प्रदेश का आबकारी विभाग अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बन चुका है जिसे बनाए रखने के लिए सभी कार्मिक टीम भावना के साथ कार्य करें। आबकारी मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग के लिए 63,000 करोड रुपए का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें माह फरवरी तक 50,585 करोड रुपए का राजस्व प्राप्त किया जा चुका है, जो कि विगत वर्ष के इसी माह तक प्राप्त कुल राजस्व 42,828.57 करोड़ रुपए में से 7,756.36 करोड़ रुपए अधिक राजस्व प्राप्त हुआ जो कि 118.11 प्रतिशत है। फरवरी 2026 में 6,635.79 करोड रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई, जो कि विगत वर्ष के इसी माह में प्राप्त 4,928.22 करोड रुपए में से 1,707.57 करोड रुपए अधिक राजस्व प्राप्त हुआ जो कि 134.65 प्रतिशत है। विभाग द्वारा विगत माह फरवरी में 2,76,438 लीटर अवैध शराब पकड़ी भी गई तथा अनाधिकृत कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी कार्रवाई भी की गई।बैठक में अपर मुख्य सचिव आबकारी वीना कुमारी मीणा, आबकारी आयुक्त डॉ आदर्श सिंह, विशेष सचिव अभिषेक आनंद सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा जिला आबकारी अधिकारियों ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

## 'मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना में ढाई करोड़ स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत जनपदों में मनरेगा कन्वर्जेन्स,पटटाधारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गए ग्राम सभा के पटटे के तालाबों में प्रथम वर्ष निवेश पर तथा मत्स्य बीज बैंक की स्थापना हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2 करोड़ 50 लाख मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। शासनादेश में महानिदेशक मत्स्य विभाग को निर्देश है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण,व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं योजना हेतु निर्धारित दिशा निर्देशों/गाइड लाइन्स एवं सगत नियमों के अनुसार किया जाएगा तथा व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष: यूपी में 9 हजार से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप बना रहे नई पहचान

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश में महिला उद्यमिता की बढ़ती ताकत साफ दिखाई दे रही है। प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार के साथ महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है। प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप्स सक्रिय हैं और यह संख्या करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रही है। टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक, हेल्थकेयर और सेवा क्षेत्रों में महिलाएं नवाचार के साथ अपनी मजबूत उपस्थिति और पहचान बना रही हैं। महिला संचालित स्टार्टअप्स की यह बढ़ती संख्या प्रदेश में बदलती आर्थिक और सामाजिक तस्वीर को भी दर्शाती है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से उद्यमिता का एक नया मॉडल उभर रहा है, जो आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास को आगे बढ़ा रहा है। इस विकास के पीछे सरकार की नीतियों और प्रोत्साहन योजनाओं की अहम भूमिका मानी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा लागू स्टार्टअप नीति और नवाचार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं ने महिलाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित किया है। इन पहलों के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन और वित्तीय सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे अपने व्यावसायिक विचारों को वास्तविक उद्यम में बदल पा रही हैं। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से शुरू किया गया निधि (नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हर्नेसिंग इनोवेशन्स) कार्यक्रम महिला स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 25 महिला स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस सहयोग से कई महिला उद्यमियों को अपने नवाचार को आगे बढ़ाने और व्यवसाय को विस्तार देने का अवसर मिला है। स्टार्टअप विशेषज्ञ अजय चतुर्वेदी का कहना है कि शुरुआती दौर में मिलने वाली ऐसी वित्तीय सहायता स्टार्टअप्स के लिए बेहद अहम होती है और इससे नए उद्यमों को टिकाऊ बनने में सहायता मिलती है। वित्तीय समर्थन के मामले में यूपी स्टार्टअप फंड भी महिलाओं के लिए एक बड़ा सहारा बनकर उभरा है। योगी सरकार द्वारा बनाए गए 1000 करोड़ रुपये के यूपी स्टार्टअप फंड में से अब तक लगभग 325 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। इनमें 900 से अधिक महिला स्टार्टअप्स को लाभ मिला है। यह वित्तीय सहयोग महिलाओं को अपने स्टार्टअप को आगे बढ़ाने, नई तकनीक अपनाने और बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता प्रदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों की महिलाएं भी इसमें सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। कई महिला उद्यमी टेक्नोलॉजी आधारित समाधान, एग्रीटेक प्लेटफॉर्म और सेवा क्षेत्र में नए मॉडल विकसित कर रही हैं। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि नवाचार को भी नई दिशा मिल रही है।

# स्वयं सहायता समूह की एक करोड दीदियां बनेंगी लखपति दीदी: केशव

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान सयारा कौशाम्बी में आयोजित सरस मेला व सरस महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, कपड़े एवं अन्य घरेलू उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी,स्टालों का अवलोकन करते हुए, उत्साहवर्धन किया तथा महिलाओं की गोद-भराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन कराया।उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में बहुत प्रतिभा है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदियों को अपना-अपना उत्कृष्ट उत्पाद तैयार करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग किया जा रहा है। आगामी दिनो में जनपद में 10 दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के सरस मेला का आयोजन किया जाएगा। कम्पनी बनाने का कार्य किया जाएगा। हजारों की संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कपड़ा, राशन एवं मसाले की फैक्ट्री चलाने का कार्य किया जाएगा, कार्ययोजना बना ली गयी है। समूह की दीदियों को हर हाल लखपति दीदी बनाना है। प्रधानमंत्री ने विकलांगों को दिव्यांगजन का नाम दिया है, यहां पर दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। दिव्यांगजनों को अप्रैल माह से 1500 रूपये पेंशन के रूप में दिया जाएगा। किसान सम्मान निधि की राशि किसानो के खाते में हस्तान्तरित होने के बावजूद भी, कतिपय लोगो को पता नहीं हो पाता है कि राशि खाते में आ गई है, इस सम्बन्ध में अधिकारियों को इसका सत्यापन कराने के निर्देश दिए,इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वरासत आदि दर्ज कराकर पात्र किसानों को सम्मान निधि से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निराश्रित पात्र महिलाओं को आवास की सुविधा से लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने देश में स्वयं सहायता समूह की 6 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने की घोषणा की है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूह की एक करोड दीदियों को लखपति दीदी बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में लगभग 1 लाख 54 हजार दीदियां स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 3 करोड़ दीदियां को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर, उनको आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदियां से कहा कि आप लोग खाने का कोई भी सामान बनाना चाह रहीं है, तो खाद्य प्रसंस्करण विभाग 35 प्रतिशत सब्सिडी देने का कार्य किया जा रहा है तथा इसमें सोलर लाईट लगाने पर सोलर संयन्त्र पर महिलाओ को 90 प्रतिशत सब्सिडी देने का प्राविधान है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त है। गुण्डे व अपराधियों के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जा रहीं है। 6 माह के अन्दर स्वयं सहायता समूह की शक्ति को बढ़ाकर तीन गुना किया जाएगा। समूह में और महिलाओं को जोड़ा जाएगा। समूह की दीदियों के लिए डेयरी एवं मसाले की फैक्ट्री बनाने का कार्य किया जाएगा। समूह के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग करके विश्व के देशों में बिक्री की व्यवस्था कराने का कार्य किया जाएगा। कौशाम्बी में 11863 समूह का गठन किया गया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 111 शिकायतें प्राप्त,13 का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जिले की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।तहसील अमेठी में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ,जहां उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए।और उसे गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए।उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा भी जन शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए हैं।शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या हीलाहवाली करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी.ने सुना और संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।तहसील अमेठी में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।वहीं तहसील मुसाफिरखाना में 15 शिकायतें दर्ज हुईं,जिनमें तीन का निस्तारण किया गया।तहसील तिलोई में 23 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें चार का निस्तारण किया गया।इसके अलावा तहसील गौरीगंज में 31 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें चार का मौके पर समाधान किया गया।शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा गया है।इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन अपने कार्यालय में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जन समस्याएं सुनें और उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें।संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह,तहसीलदार अमेठी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भक्तों को अपने हाथों से प्रसाद वितरित कर दिया आशीर्वाद

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

जनपद के ऐतिहासिक स्थल मुंशीगंज स्थित श्री संकटमोचन धाम में शनिवार की सायं आध्यात्मिक आस्था और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला, जब अनन्त विभूषित सर्वाम्नाय कामदगिरी पीठाधीश्वर, श्रीमद् जगद्गुरु रामानन्दाचार्य पूज्य 108 रामस्वरूपाचार्य जी महाराज (चित्रकूट, मध्य प्रदेश) धाम पहुंचे। उन्होंने मंदिर में विराजमान बालरूप हनुमान के दिव्य स्वरूप का विधिवत दर्शन-पूजन कर आरती उतारी और भक्तों को अपने हाथों से प्रसाद वितरित करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। शाम लगभग 5ः15 बजे मंदिर परिसर पहुंचे जगद्गुरु महाराज के आगमन से वातावरण पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत हो उठा। उन्होंने संकटमोचन धाम में पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। दर्शन-पूजन के उपरांत उन्होंने श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए सनातन धर्म की मर्यादा, सेवा और राष्ट्रभक्ति के महत्व का संदेश दिया। इसके बाद जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य जी महाराज ने समीप स्थित राष्ट्रीय स्तर के ऐतिहासिक स्थल शहीद स्मारक मुंशीगंज पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले अमर सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता और गौरव की रक्षा के लिए शहीदों का त्याग सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर मातृभूमि सेवा मिशन की ओर से जगद्गुरु महाराज का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया।

# 19 को रहेगा स्थानीय अवकाश

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

जनपद में वर्ष 2026 की अवकाश सूची में संशोधन करते हुए 19 मार्च को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।यह जानकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने दी है।उन्होंने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में संशोधन किया गया है।शासन की ओर से जारी अवकाश तालिका के अनुसार 02 मार्च को होलिका दहन तथा 04 मार्च को होली का सार्वजनिक अवकाश पहले से घोषित था।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि होली पर्व के अवसर को देखते हुए शासन स्तर पर निर्णय लेते हुए 03 मार्च को भी निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया।इसके चलते पहले से घोषित स्थानीय अवकाश में बदलाव किया गया है।उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी की वर्ष 2026 की अवकाश सूची में जिलाधिकारी के अनुमोदन के क्रम में पूर्व में तीन मार्च मंगलवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था।अब उक्त तिथि को घोषित स्थानीय अवकाश को निरस्त कर दिया गया है।इसके स्थान पर वसंत नवरात्र के अवसर पर 19 मार्च बृहस्पतिवार को जनपद में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2026 के लिए जारी अवकाश तालिका को उक्त सीमा तक संशोधित माना जाएगा।प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार उक्त तिथि को जनपद के शासकीय कार्यालयों व संस्थानों में स्थानीय अवकाश लागू रहेगा।

# महाराणा प्रताप बनवासी छात्रावास की बैठक में समाजसेवी को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संचालित महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में आगामी 15 मार्च को आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह की तैयारी को लेकर शुक्रवार के देर शाम समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में आयोजन की तैयारी पर चर्चा के साथ-साथ समाजसेवी युवा सपा नेता डॉ भानु तिवारी को सम्मानित भी किया गया।

जानकारी के अनुसार 6 मार्च की शाम महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन के नेतृत्व में समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में महामंत्री इंदू भूषण जायसवाल ने आगामी में 15 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव रखा सर्व सम्मति से स्वीकार किया गया । अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने समारोह के दौरान अतिथियों के स्वागत से लेकर खान पान तक की सभी व्यवस्थाओं विस्तार से चर्चा किया तथा सभी को जिम्मेदारी दी गई । उन्होंने कहा कि संपूर्ण आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा आपसी सहयोग से सम्पन्न होगा । समारोह के लिए दानदाताओं, जनप्रतिनिधियों के साथ समाजसेवियों, गणमान्य नगरिकों, व्यवसायियों, चिकित्सकों तथा उद्योगपतियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया । बैठक में वनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन प्रमुख सचिन जी, उपाध्यक्ष रमेश पहवा, प्रचार प्रमुख अखिलेश्वर तिवारी व सह प्रचार प्रमुख रामकुमार मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए । बैठक के दौरान समाजवादी पार्टी के युवा नेता समाजसेवी डॉ भानु तिवारी को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया । सम्मान प्राप्त करने के उपरांत श्री तिवारी ने समिति का आभार व्यक्त किया और छात्रावास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया । बैठक में जय सिंह, विजय श्रीवास्तव, वेद प्रकाश मिश्र व विरेन्द्र सहित अन्य कई सदस्य मौजूद रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में आहुत की गई

**रायबरेली।** ला प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण एस.आई.आर. कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा, ब्लाकों में मासिक बैठक सम्पादित किए जाने, मनरेगा बचाओं संग्राम कार्यक्रम पर चर्चा एवं स्थानीय जन समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने एस.आई.आर. एवं मनरेगा बचाओं संग्राम पर विशेष रुप से चर्चा कर आगे की रणनीति को कांग्रेस कमेटी के साथ साझा किया और कांग्रेसजनों से जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की बात कहीं। एक अन्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शैलजा सिंह के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एप्सटीन फाईल में आने पर उनसे इस्तीफा मांगा गया, बड़ी संख्या में कांग्रेसी महिलाओं ने काले कपडे पहनकर जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन किया और मोदी सरकार शर्म करो के नारे लगाये। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष शैलजा सिंह ने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि इस घिनौनी एप्सटीन फाईल में केन्द्रीय मंत्री का नाम आने के बाद भी मोदी सरकार ने इसके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की।

# तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं, निस्तारण के दिये निर्देश

- सदर तहसील में आयोजित हुआ जिलास्तरीय समाधान दिवस

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**




शनिवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार मौजूद रहें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समाधान न केवल समय पर हो, बल्कि वह गुणवत्तापूर्ण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप होना चाहिए। भूमि विवाद एवं कानून-व्यवस्था (ख्रु2 × ह्रह्स्रद्वह्र) से जुड़े मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और विवादों का हल निकालें। जिलाधिकारी ने उन ग्रामों को चिन्हित करने के निर्देश दिए जहाँ भूमि विवाद के मामले अधिक हैं। ऐसे गांवों में राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा विशेष चौपाल लगाकर मौके पर ही मामलों का निपटारा सुनिश्चित करने को कहा गया है। समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यक्रम के दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया गया कि वे स्वयं स्थल निरीक्षण करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें। इस दौरान एसडीएम बलरामपुर, सीओ सिटी , जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रायबरेली के विमल कुमार ने कामयाबी का लहराया परचम, 107वीं रैंक हासिल कर पूरे जिले का नाम किया रोशन

**रायबरेली।** संघ लोक सेवा आयोग (ह्वक्कस्ष्) ने शुक्रवार को वर्ष 2025 की सिविल सेवा परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित किया। देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाने वाली इस परीक्षा में रायबरेली जिले के गुरुबख्शगंज क्षेत्र के चांदेमऊ गांव के निवासी विमल कुमार ने ऑल इंडिया 107वीं रैंक हासिल कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे जिले में गर्व और खुशी का माहौल है। विमल कुमार का परिवार आर्थिक रूप से साधारण पृष्ठभूमि से आता है। उनके पिता रामदेव प्रजापति पारंपरिक रूप से मिट्टी के बर्तन बनाकर और मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद विमल ने अपने सपनों को साकार करने का हौसला नहीं छोड़ा और कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया। विमल ने अपनी स्कूली शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय, रायबरेली से पूरी की।

# चंदे से बना पुल धराशायी, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

**जन एक्सप्रेस | सिंहपुर ,अमेठी**



तिलोई विधानसभा क्षेत्र के सिंहपुर ब्लॉक अंतर्गत जोरावरगंज बहुआ ग्राम सभा में ग्रामीणों के सहयोग से वर्षों पहले बनाया गया पुल अब गिर गया है।पुल गिरने से क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों,स्कूली बच्चों और फैक्ट्री कर्मचारियों की आवाजाही प्रभावित हो गई है।ग्रामीणों के अनुसार यह पुल गांव के लोगों ने करीब तीन दशक पहले चंदा इकट्ठा कर बनवाया था,क्योंकि लंबे समय से सरकारी स्तर पर पुल निर्माण नहीं कराया गया। यह पुल आसपास के कई गांवों के लिए मुख्य मार्ग के रूप में इस्तेमाल होता था।प्रतिदिन सैकड़ों लोग इसी रास्ते से होकर अपने कामकाज के लिए निकलते थे।स्थानीय लोगों का कहना है कि बी.ए.एल और इंडो गल्फ फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी भी इसी पुल से होकर आते-जाते थे।इसके अलावा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी इसी रास्ते से स्कूल जाते थे।पुल के गिर जाने के बाद अब लोगों को लंबा चक्कर लगाकर आवागमन करना पड़ रहा है,जिससे समय और परेशानी दोनों बढ़ गई हैं।ग्रामीणों का आरोप है, कि पिछले करीब 30 वर्षों से इस स्थान पर पक्का पुल बनवाने की मांग की जा रही है।कई बार जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों से भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। चुनाव के समय पुल निर्माण के वादे तो किए गए, लेकिन चुनाव के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया।पुल गिरने के बाद ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द स्थायी पुल का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में हो रही दिक्कतों से राहत मिल सके।

## इच्छुक फर्मे निविदा में ले सकते है भाग: अंजू लता

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली अंजूलता ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2026 हेतु आयोग के मानक के अन्तर्गत सामान्य निर्वाचन की विभिन्न प्रक्रिया के दौरान प्रमुख घटनाओं की वीडियोग्राफी की व्यवस्था कराने हेतु जेम पोर्टल पर जेम बिड संख्या GEM/2026 /B/7329425 दिनांक 07 मार्च 2026 को प्रकाशित कर दी गयी है, बिड बंद होने की तिथि 17 मार्च 2026 समय अपरान्ह 14ः00 बजे तथा बिड खुलने की तिथि 17 मार्च 2026 को समय अपरान्ह 14ः30 बजे है तथा उपरोक्त व्यवस्थाओं की कुल अनुमानित लागत रू0 20,00,000/- (मु0 बीस लाख मात्र) है। इच्छुक फर्मे/संस्था जेम पोर्टल पर आमंत्रित उपरोक्त जेम निविदा में भाग ले सकते हैं।

# सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल सोशल साइंस तथा इंटरमीडिएट योगा की परीक्षा आयोजित

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल सोशल साइंस तथा इंटरमीडिएट योगा विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराया गया ।

प्रधानाचार्य आशिम रूमी ने बताया कि 7 मार्च को सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल सोशल साइंस तथा इंटरमीडिएट योगा विषय तथा की परीक्षा सम्पन्न कराया गया । विद्यालय मे परीक्षार्थियों को प्रवेश से पूर्व तलाशी ली गई तथा बोर्ड द्वारा जारी किए गए नियमों के तहत परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया । उन्होंने बताया कि सामाजिक विषय के लिए पंजीकृत 392 परीक्षार्थियों में से 391 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए । जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा । इंटरमीडिएट योगा विषय की परीक्षा के लिए पंजीकृत सभी 59 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए । हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के लिए पंजीकृत 451 परीक्षार्थियों में से 450 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

# युवा संसद प्रतियोगिता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में माई भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर सभागार में शनिवार को जिलास्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर आयोजित युवा संसद में चयनित शीर्ष 05 प्रतिभागी राज्यस्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जानकारी के अनुसार 7 मार्च को कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पलटू राम, प्राचार्य प्रतिनिधि प्रो0 एस पी मिश्र, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय के युवा अधिकारी प्रशान्त एच मेरवाडे व कार्यक्रम संयोजक डॉ जितेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि 25 जून 1975 को घोषित आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए संवैधानिक तानाशाही, प्रेस सेंसरशिप, और नागरिक स्वतंत्रता के दमन (1975-77) के काले दिनों की याद दिलाते हैं। यह काल सिखाता है कि सतर्क नागरिक, स्वतंत्र न्यायपालिका और मीडिया ही लोकतंत्र की रक्षा कर सकते हैं, तथा सत्ता का दुरुपयोग संवैधानिक तंत्र को कैसे कमजोर करता है। विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र वितरित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य प्रतिनिधि प्रो0 एस पी मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। नेहरू युवा केन्द्र के प्रशिक्षक जिलेदार पाण्डेय ने सभी का बुके भेंटकर व बैज अलंकरण करके स्वागत किया। प्रतियोगिता के निर्णायक लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान, डॉ प्रखर त्रिपाठी,डॉ रमेश शुक्ल, डॉ जितेन्द्र कुमार व रविकांत पाण्डेय ने शिखा पाण्डेय को प्रथम, हर्षिता श्रीवास्तव को द्वितीय, सुमायला कय्यूम को तृतीय, उज्वल चौहान को चतुर्थ तथा सुधांशु पाठक व काव्या गुप्ता को संयुक्त रूप से पांचवे स्थान के लिए चुना गया। वहीं शाहबाज खान, सत्यम कुमार, आराधना शुक्ला, उत्कर्ष व काजल यादव को क्रमशः छठवें से दसवें स्थान के लिए चयनित किया गया जिन्हें प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस डॉ रमेश शुक्ल ने किया । इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, डॉ दिनेश कुमार मौर्य, डॉ अजहरुद्दीन सहित कई शिक्षक व भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# होली मिलन समारोह में जुटे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता, आपसी भाईचारे का दिया संदेश

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक/प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में रंग, उमंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार छटा देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामआसरे विश्वकर्मा (पूर्व मंत्री व सपा के राष्ट्रीय सचिव)विशिष्ट अतिथि श्याम सुन्दर भारती (विधायक बछरावां),राहुल लोधी (विधायक हरचंदपुर), जिला अध्यक्ष सपा ई.वीरेंद्र यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम के दौरान जनपद के वरिष्ठजन, समाजसेवी,विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी तथा सर्व समाज के लोगों के साथ बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लेकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और सांस्कृतिक माहौल में उत्साहपूर्वक भाग लेकर आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक फाग गीतों से हुई, जिनकी मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को होली के रंग में सराबोर कर दिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण की होली की आकर्षक झांकी और नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। ब्रज संस्कृति की झलक दिखाती इन प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोग झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान आयोजित लघु काव्य गोष्ठी भी आकर्षण का केंद्र रही। कवियों ने हास्य, व्यंग्य और श्रृंगार रस से ओतप्रोत रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कविताओं के माध्यम से होली के रंग, सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि विश्वकर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सामाजिक समरसता और भाईचारे की राजनीति करती आई है, ऐसे आयोजनों से कार्यकर्ताओं के बीच आपसी संवाद बढ़ता है और संगठन को मजबूती मिलती है। मंच से अन्य वक्ताओं ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जो समाज में आपसी दूरियों को मिटाने का संदेश देता है।

## सूचना

### सम्मन तनकीह

**न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रायबरेली**
**मु0नं0-575/2025**
**पेशी-11/03/2026**

प्रदीप कुमार आयु लगभग 36 वर्ष पुत्र अम्बिकाप्रसाद निवासी पूरे काशी राम मजरे लोधवरिया परगना मोहनगंज, तहसील तिलोई, जिला अमेठी।

..........वादी

बनाम

श्रीमती शोभा त्रिपाठी आयु 33 वर्ष पत्नी प्रदीप कुमार पुत्री गंगा सागर तिवारी निवासिनी 595-ख/100 ख्वाजापुर आशियाना लखनऊ।

........प्रतिवादिनी

चूंकि उपरोक्त वाद में प्रार्थी प्रदीप कुमार ने इस न्यायालय में अ0 धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है जिसमें आपको सम्मन किया जाता है कि आप दिनांक 11.03.2026 को 10:00 बजे अपरान्ह कोर्ट में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब दे सकने मे सक्षम हो-कोर्ट में उपस्थित हो।

अत: आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने मे असफल होते है तो, उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने की तिथि दिनांक-08.03.2026

**हस्ताक्षर**
**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय रायबरेली**
**नोट-लखनऊ पेज पर छापने की कृपा करें।**

## मोटी कहकर गाने से निकाला... Dhurandhar एक्ट्रेस

# आयशा खान

## का चौंकाने वाला खुलासा



धुरंधर के गाने 'शरारत' में नजर आईं एक्ट्रेस आयशा खान ने अपने डांस मूव्ज की वजह से खूब तारीफें बटोरी थीं. इस गाने ने आयशा खान को रातोंरात पॉपुलर कर दिया. लेकिन बॉलीवुड में आना एक्ट्रेस के लिए इतना आसान नहीं था. इससे पहले आयशा खान को रिजेक्शन भी झेलना पड़ा था. हाल ही में आयशा खान ने बताया कि उन्हें मोटी होने की वजह से एक गाने से हटा दिया गया था. साथ ही एक्ट्रेस ने सेलेब्रिटी होने की नेगेटिव साइड के बारे में भी बात की और बताया कि उन्हें रोज अलग-अलग धमकियां मिलती हैं. आयशा खान ने बॉडी-शेमिंग, ऑनलाइन अब्यूज और इंडस्ट्री के कड़े स्टैंडर्ड्स से बचने के बारे में खुलकर बात की.

आयशा खान ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि शूटिंग शुरू होने से ठीक पहले उन्हें टी-सीरीज़ के एक बड़े गाने से 'मोटी होने' की वजह से हटा दिया गया था. उन्होंने खुसासा किया कि उन्हें लगभग हर दिन रेप की धमकियां मिलती रहती हैं. एक्ट्रेस का कहना है कि उन्हें हर दिन




हर चीज के लिए ट्रोल किया जाता है, चाहे उनके कपड़े हों या फिर उनकी कोई फोटो-वीडियो.

**शूटिंग के बावजूद गाने से निकाला**

आयशा खान ने खुलासा किया उन्हें एक गाने के लिए फाइनल कर लिया गया था और वो शूटिंग की तैयारी कर रही थीं. तभी उन्हें अचानक 'ओवर वेट' कहकर निकाल दिया गया था. खान ने बताया कि ये घटना उनके मशहूर होने से बहुत पहले की है. जब वो टीनएजर थीं और उनके करियर का शुरुआती दौर था, तो उनसे कहा गया कि वो अब टी-सीरीज के गाने के लिए रिक्वायर्ड इमेज में फिट नहीं बैठतीं. ये रिजेक्शन सालों तक उनके साथ रहा. इसी बीच उन्होंने फेम के डार्क साइड के बारे में भी बताते हुए कहा कि ऑनलाइन हैरेसमेंट लगभग रोज की सच्चाई बन गई है. एक्ट्रेस होंने कहा, ये बहुत डरावना है.

**ऑनलाइन ट्रोलिंग पर बोलीं आयशा खान**

आयशा खान ने ऑनलाइन अब्यूज के बारे में बात करते हुए बताया कि इंस्टाग्राम पर उन्हें लगभग हर दिन सेक्शुअलाइज किया जाता है, चाहे उन्होंने कुछ भी पहना हो. वो अक्सर पोस्ट करने से पहले काफी सोचती हैं कि क्या इस पोस्ट को शेयर करने के बाद इन भद्दे कमेंट्स का सामना करने के लिए तैयार हैं. एक्ट्रेस ने कहा, सोशल मीडिया पर हर रोज मेरे शरीर के लेकर अभद्र कमेंट्स का सामना करना होता है. एक नॉर्मल सा टॉप भी पहनती हूं तो लोगों के रिएक्शन का डर रहता है.

## यूट्यूब पर मिले 503 मिलियन व्यूज, फिर भी Chikni Chameli जैसा गाना क्यों नहीं गाना चाहतीं

# श्रेया घोषाल



ईरान और इजराइल के चलते यूएई के दुबई में भी ड्रोन अटैक हुआ. दुबई में इंडिया के कई सेलिब्रिटीज भी रहते हैं. इस वॉर के बीच कई लोग वहां फंसे हैं और कई वापस भी आ चुके हैं. हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने भी बताया कि वो इजराइल-अमेरिका और ईरान की जंग के बीच यूएई में फंस गई हैं. लेकिन अब एक्ट्रेस भारत वापस लौट गई हैं. इसकी जानकारी ईशा गुप्ता ने खुद अपने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की. एक्ट्रेस ने उस मुश्किल समय में एयरलाइन अधिकारियों, UAE सरकार और होटल स्टाफ के सपोर्ट के लिए उनका शुक्रिया भी अदा किया.



एक्ट्रेस ईशा गुप्ता हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़े तनाव के दौरान यूनाइटेड अरब अमीरात में फंसी हुई थीं, लेकिन अब वो सुरक्षित भारत लौट आई हैं. इंडिया वापस लौटने के बाद ईशा गुप्ता ने अपने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि वो सेफली घर वापस आ गई हैं और सभी की दुआओं के लिए शुक्रिया किया. एक्ट्रेस ने बताया कि जिस स्थिति में वो थीं, उसमें होना बहुत मुश्किल था.

**ईशा गुप्ता ने दिया अपडेट**

ईशा गुप्ता ने उस स्थिति के बारे में बताते हुए लिखा, ये तब शुरू हुआ जब मैं 28 तारीख (रविवार) को एयरपोर्ट पर थी. दोपहर 1 बजे तक एयरपोर्ट बंद हो गया था, चारों ओर अफरा-तफरी मच गई थी क्योंकि हममें से किसी को पता नहीं था कि क्या हुआ. फिर मिसाइल हमले की खबरें आने लगीं और किसी को नहीं पता था कि अगले मिनट हमारे लिए क्या होगा. सभी अजनबी एक-दूसरे को दिलासा दे रहे थे, सभी अपने परिवारों को घर पर फोन कर रहे थे.

**UAE अथॉरिटीज की तारीफ**

ईशा गुप्ता ने आगे कहा कि,श्व अथॉरिटीज की जमकर तारीफ करते हुए कहा, यहां, मैं यह बताना चाहूंगी कि मैंने जो देखा वह ,श्व जैसे देश की ताकत थी. हम अबू धाबी एयरपोर्ट पर थे. ग्राउंड स्टाफ और एयरपोर्ट सिक्योरिटी तुरंत एक्शन में आ गए और पूरे समय शांत रहे, भले ही हम सब एक साथ इस सिचुएशन में थे.

मैंने तब तक खुद चेक-इन नहीं किया था, इसलिए मैं मुड़ी और अबू धाबी में अपने होटल वापस चली गई. नीचे वो कहानियां हैं जो हमने उस रात अपने होटल में बाद में मिले लोगों से सीधे सुनीं.

## सेल्फी लेना चाहता था फैन, खेसारी लाल यादव ने दिया धक्का, लोग बोले- घमंड हो गया है




भोजपुरी के सितारे आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं. कभी एक दूसरे से झगड़े को लेकर तो कभी, अपनी किसी विवादित हरकत के चलते, ये सितारे हमेशा सुर्खियां बटोल लेते है. इसी तरह अब भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव चर्चा में हैं. एक इवेंट से उनका एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है. वीडियो में खेसारी अपने एक फैन के साथ ऐसी हरकत करते दिखाई दे रहे हैं, जो उनका बाकी फैंस को नागवार गुज़र रही है.

हाल ही में खेसारी लाल यादव पटना में हुए एक इवेंट में शामिल हुए थे. इस इवेंट में उनके साथ-साथ यूट्यूबर एल्विश यादव और भोजपुरी एक्ट्रेस और बिग बॉस फेम नीलम गिरी भी पहुंची थीं. इवेंट से कई वीडियो वायरल हुए, ये सभी सितारे फैंस का मनोरंजन करते हुए दिखाई दिए. पर एक वीडियो में खेसारी के व्यवहार ने फैंस को हैरान कर दिया.

**खेसारी ने फैन को दिया धक्का**

वायरल हो रहे वीडियो दिख रहा है कि इवेंट के दौरान खेसारी लाल यादव किनारे जाते हैं और पानी पीने के लिये एक कुर्सी पर बैठते हैं. उनके हाथ में पानी की बोतल भी नज़र आ रही है. तभी एक शख्स फोन लेकर उनके करीब आता है और एक सेल्फी लेने की कोशिश करता है. वो खेसारी से तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश करता है लेकिन खेसारी अपने हाथ से उसे धकेल देते हैं. इसके बाद वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी खेसारी के उस फैन को वहां से हटा देते हैं. वहीं खेसारी भी गुस्से में कुछ बोलते दिखाई देते हैं. हालांकि वो क्या कहते हैं ये वीडियो में सुनाई नहीं दे रहा है.

**फैंस भड़के**

इस वायरल वीडियो में खेसारी के पास ही नीलम गिरी भी नज़र आ रही हैं. आस पास सैकड़ों लोग हैं और सभी इन सितारों की एक झलक के इंतज़ार में दिखाई दे रहे हैं. वीडियो पर कई लोग कमेंट कर के अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं. एक यूज़र ने लिखा, खेसारी को घमंड हो गया है. एक ने लिखा, खेसारी भैया आपसे ये उम्मीद नहीं थी. बेचारे को एक फोटो दे देते, उसको धक्का देने की क्या जरूरत थी. वहीं कुछ यूजर्स का कहना है कि खेसारी ने वहां कई लोगों के साथ तस्वीर खिंचवाई होगी, लेकिन एक को मना कर दिया तो वीडियो वायरल हो रहा है. कई फैंस का कहना है कि वो बस बैठकर पानी पीना चाहते थे.

## पैरेंट्स को बताने की हिम्मत... ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हैं एक्ट्रेस राजश्री देशपांडे, शेयर किया हेल्थ अपडेट




फिल्मों और टीवी में नजर आने वाले एक्टर राजश्री देशपांडे ने हाल ही में फैंस संग एक दुखद खबर शेयर की है. उन्होंने अस्पताल के बेड से अपनी फोटो शेयर की है साथ ही ये जानकारी साझा की है कि उन्हें अर्ली स्टेज का ब्रेस्ट कैंसर है. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए पोस्ट शेयर की है और अपनी मौजूदा हालात के बारे में बताया है. उन्होंने डॉकटर्स की टीम का शुक्रिया किया है जो इस मुश्किल वक्त में उनका साथ दे रहे हैं. एक्ट्रेस की ओर से आई इस अचानक खबर से इंडस्ट्री भी शॉक्ड है और सभी उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं.

एक्ट्रेस ने अस्पताल से फोटो शेयर की है जिसमें वे पॉजिटिव एक्सप्रेशन देती नजर आ रही हैं. फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा- जैसा कि आप इस पोस्ट को पढ़ रहे हैं इसका ये मतलब है कि फाइनली मैंने अपने पैरेंट्स को ये बताने की हिम्मत जुटा ली है कि मैं ग्रेड 1 के इनफिलट्रेटिंग डक्टल कार्किनोमा कैंसर से पीड़ित हूं. अब आप सभी से मैं ये शेयर कर रही हूं. इत्तेफाक से ये रूटिन चेकअप के दौरान पहले ही पकड़ में आ गया. कई सारे टेस्ट्स और सर्जरी किसी रोलरकोस्टर राइड से कम नहीं थी. लेकिन सभी के प्यार और गर्मजोशी ने मुझे संभाला. सर्जरी के बाद अपने माता-पिता का चेहरा देख मुझे कभी ना टूटने वाला बल मिला. सभी लोगों के समर्थन से मुझे ऐसा लग रहा है कि मेरी रिकवरी अच्छी जा रही.

**मैं बहुत जल्दी रिकवर कर रही हूं...**

एक्ट्रेस ने आगे कहा- मैं बहुत जल्दी रिकवर कर रही हूं और बहुत जल्द अस्पताल से घर जा सकती हूं. डॉक्टर मंदर नदकर्नी की एक्सपर्टीज और केयर ने इस जर्नी को आसान और आरामदायक बना दिया. आपका प्यार मेरे लिए सबसे बड़ी दवाई है. अब हीलिंग का समय है और उम्मदी करते हैं आगे के दिन उज्जवल होंगे. एक्ट्रेस को कई सारे कलाकारों की वेल विशेज भी आ रही हैं. एक्टर आदर्श गौरव ने लिखा- स्पीडी रिकवरी एंड प्रेयर्स. एक्ट्रेस लौरेन गोटलिब ने लिखा- आपको मेरी ओर से ढेर सारा प्यार. आप स्ट्रॉन्ग लेडी हो. इसके अलावा छाया कदम, श्रिया पिलगांवकर और तिलोत्मा शोम ने भी एक्ट्रेस का हौसला मुश्किल वक्त में बढ़ाया है.

एक्ट्रेस की बात करें तो राजश्री देशपांडे ने साल 2012 में आमिर खान की फिल्म तलाश से अपने करियर की शुरुआत की थी. इसके बाद से उन्होंने किक, हराम, मंटो, द स्काई इज पिंक, चोक्ड, जोरम और ठग लाइफ जैसी फिल्मों में काम किया है. इसके अलावा वे सैक्रेड गेम, द फेम गेम, ब्लैक वारेंट और रंगीन जैसी सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं.

पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# आधुनिक विश्व व्यवस्था में एलीट नेटवर्क और शक्ति का विमर्श

**कुछ पत्रकारों और शोधकर्ताओं ने यह तर्क दिया कि एपस्टीन ने अपने धन और सामाजिक संपर्कों के माध्यम से एक ऐसा नेटवर्क बनाया जिसमें विज्ञान, मीडिया, राजनीति और दान संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल थे। हालाँकि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि इन दावों और सिद्धांतों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाए। एपस्टीन के अपराधों के संबंध में न्यायिक जांच और मीडिया रिपोर्टों में कई तथ्य सामने आए, किंतु 'डीप पावर स्ट्रक्चर' या वैश्विक खुफिया एजेंसियों से जुड़े कथित नेटवर्क के बारे में अधिकांश दावे अभी भी विवादास्पद या अपुष्ट हैं।**

*आधुनिक विश्व-राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था को समझने का प्रयास करते समय यह प्रश्न बार-बार उठता है कि क्या सत्ता केवल निर्वाचित सरकारों के हाथों में होती है या उसके पीछे ऐसे प्रभाव-समूह भी सक्रिय रहते हैं जिनकी शक्ति औपचारिक संस्थाओं से कहीं अधिक व्यापक होती है। पिछले कुछ दशकों में अनेक शोधकर्ताओं, पत्रकारों और विश्लेषकों ने इस विषय को 'ग्लोबल एलीट नेटवर्क' या 'पावर स्ट्रक्चर' के रूप में समझने का प्रयास किया है। इन नेटवर्कों में वित्तीय संस्थाएं, वैश्विक मंच, बहुराष्ट्रीय कंपनियां, प्रौद्योगिकी कंपनियां, दान संस्थाएं और कभी-कभी खुफिया एजेंसियों से जुड़े प्रभावशाली व्यक्तियों का परस्पर संबंध देखने को मिलता है। इस संदर्भ में कई संस्थाएँ और घटनाएँ चर्चा के केंद्र में रहती हैं जैसे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम का दावोस सम्मेलन, बिल्डरबर्ग ग्रुप की बंद बैठकें, वैश्विक वित्तीय संस्थाएँ जैसे इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड और वर्ल्ड बैंक, तथा बड़ी तकनीकी कंपनियाँ जिनका सामूहिक प्रभाव 'बिग टेक' के रूप में जाना जाता है। इन संस्थाओं की भूमिका को समझने के लिए यह ध्यान रखना आवश्यक है कि वैश्विक व्यवस्था केवल आर्थिक लेन-देन का तंत्र नहीं है, बल्कि यह विचारों, नीति-निर्माण और प्रभाव के बहुस्तरीय नेटवर्क से निर्मित होती है। उदाहरण के लिए, दावोस में आयोजित होने वाला वार्षिक सम्मेलन विश्व भर के राजनीतिक नेताओं, कॉरपोरेट प्रमुखों, निवेशकों और नीति विशेषज्ञों को एक मंच पर लाता है। यहां औपचारिक निर्णय नहीं लिए जाते, किंतु नीति-निर्माण की दिशा, आर्थिक प्राथमिकताएँ और वैश्विक सहयोग की रूपरेखा पर चर्चा होती है। इसी प्रकार बिल्डरबर्ग जैसी बैठकें लंबे समय से इस कारण चर्चा में रहती हैं कि वे अत्यंत सीमित और बंद प्रकृति की होती हैं, जहाँ प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच विचार-विमर्श होता है। आलोचकों का तर्क है कि ऐसे मंच वैश्विक नीति पर अप्रत्यक्ष प्रभाव डाल सकते हैं, जबकि समर्थकों का कहना है कि वे केवल संवाद और विचार-विनिमय के मंच हैं। वैश्विक वित्तीय व्यवस्था का निर्माण भी इसी प्रकार के ऐतिहासिक और संस्थागत नेटवर्क से जुड़ा है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद बने ब्रेटन वुड्स ढाँचे ने अंतरराष्ट्रीय वित्त को एक नई संरचना दी। आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं का उद्देश्य वैश्विक आर्थिक स्थिरता, पुनर्निर्माण और विकास को प्रोत्साहित करना था। साथ ही, केंद्रीय बैंकों का नेटवर्क जैसे विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक मुद्रा नीति और वित्तीय स्थिरता के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। इतिहास में कुछ वित्तीय परिवारों, जैसे मेयर एम्शेल रोथ्सचाइल्ड के वंशजों से जुड़ा रोथ्सचाइल्ड बैंकिंग फैमिली नेटवर्क तथा जॉन डी. रॉकफेलर से जुड़ा रॉकफेलर फाउंडेशन, अंतरराष्ट्रीय वित्त और परोपकारी संस्थाओं के माध्यम से लंबे समय तक प्रभावशाली रहे हैं। हालांकि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं अधिक विविध और जटिल हो चुकी है, फिर भी इन ऐतिहासिक संस्थाओं की भूमिका का अध्ययन यह समझने में मदद करता है कि आधुनिक वित्तीय ढाँचा कैसे विकसित हुआ। इसी व्यापक संदर्भ में एक और विवादास्पद विषय अक्सर सामने आता है अमेरिकी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ा नेटवर्क। एपस्टीन का नाम 2019 में उसकी गिरफ्तारी और बाद में हिरासत में मृत्यु के बाद वैश्विक मीडिया में व्यापक चर्चा का विषय बना। उसके सामाजिक संबंधों में अनेक उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों, राजनेताओं और सांस्कृतिक हस्तियों के नाम सामने आए।*

### एक्सप्रेस आलेख

**इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट, फिनटेक और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में यह निवेश रोजगार सृजन और विकास की गति को तेज करेगा। सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस और जॉइंट पल्स प्रोटीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर हुए समझौते कृषि, खाद्य सुरक्षा और व्यापार संतुलन को मजबूत करेंगे। इससे किसानों, स्टार्टअप्स और एमएसएमई सेक्टर को सीधा लाभ मिलेगा। अतः इन तथ्यों के आधार पर आज यही कहना होगा कि भारत-कनाडा अनुबंध को सिर्फ द्विपक्षीय नजरिए से देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह साझेदारी वैश्विक शक्ति संतुलन में भारत की स्थिति को और मजबूत करती है।**


# एआई, क्वांटम और सेमी कंडक्टर्स से लेकर ऊर्जा व खनिज तक, व्यापक है भारत-कनाडा अनुबंध



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु लक्ष्यों दोनों के लिए अहम है। वस्तुतः भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और उसकी ऊर्जा जरूरतें भी तेजी से बढ़ रही हैं। वहीं कनाडा के पास प्राकृतिक संसाधनों और स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों का विशाल भंडार है। दोनों देशों के सहयोग से ऊर्जा आपूर्ति स्थिर होगी, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में भी ठोस प्रगति संभव होगी।**

भारत और कनाडा के रिश्तों में बीते कुछ वर्षों में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की हालिया मुलाकात ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा और ऊर्जा दी है। भारत के चार दिवसीय दौरे पर आए कनाडा के प्रधानमंत्री के साथ हुई वार्ताओं में जिस तरह से भविष्य की तकनीक, ऊर्जा सुरक्षा, सप्लाई चेन और व्यापार विस्तार पर ठोस समझौते हुए, वे 21वीं सदी की वैश्विक भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका को और मजबूत करने वाले कदम हैं। यह दौरा ऐसे समय हुआ है जब दुनिया तकनीकी क्रांति, ऊर्जा संक्रमण और सप्लाई चेन संकट के दौर से गुजर रही है। इसलिए भारत और कनाडा के बीच हुआ यह सहयोग दोनों देशों के लिए रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से बेहद अहम साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कही गई यह बात कि 'हमारी पहली बैठक में ही दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा, परस्पर विश्वास और सकारात्मकता आई है,' पिछले कुछ वर्षों में रिश्तों में आई ठंडक को पिघलाने की एक गंभीर कोशिश का रूप में साफ दिखाई देती है। कहना होगा कि भारत और कनाडा दोनों लोकतांत्रिक मूल्य, मानवाधिकार और बहुलतावादी समाज में विश्वास रखने वाले देश हैं। दोनों का साझा विजन 'मानवता की भलाई' है। इसी साझा सोच को अब 'नेक्स्ट पार्टनरशिप' यानी भविष्य की रणनीतिक साझेदारी में बदलने की कोशिश की जा रही है। साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य इस दिशा में एक ठोस रोडमैप प्रस्तुत करता है। भारत और कनाडा के बीच हुए समझौतों का सबसे महत्वपूर्ण और दूरगामी असर डालने वाला पक्ष है, भविष्य की तकनीकों में सहयोग। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, सुपरकंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर्स जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, भारत को तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज दुनिया नई तकनीकी दौड़ में शामिल है, जहां डेटा, कंप्यूटिंग क्षमता और चिप निर्माण ही शक्ति संतुलन तय कर रहे हैं। अमेरिका-चीन टेक वॉर के बीच भारत के लिए यह अवसर है कि वह विश्वसनीय तकनीकी साझेदार के रूप में उभरे। कनाडा इस क्षेत्र में शोध, नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम में मजबूत स्थिति रखता है, जबकि भारत के पास विशाल टैलेंट पूल और तेजी से बढ़ता डिजिटल बाजार है। अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप्स और निजी उद्योगों को जोड़ने की योजना भारत के न्यू स्पेस सेक्टर के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। इसरो की सफलताओं के बाद भारत में अंतरिक्ष स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। कनाडा के साथ साझेदारी से तकनीक, फंडिंग और वैश्विक बाजार तक पहुंच आसान होगी। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होने के साथ ही भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बन सकता है। ऊर्जा क्षेत्र में हुआ सहयोग भारत-कनाडा संबंधों का दूसरा बड़ा स्तंभ है। हाइड्रोकार्बन्स, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु लक्ष्यों दोनों के लिए अहम है। वस्तुतः भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और उसकी ऊर्जा जरूरतें भी तेजी से बढ़ रही हैं। वहीं कनाडा के पास प्राकृतिक संसाधनों और स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों का विशाल भंडार है। दोनों देशों के सहयोग से ऊर्जा आपूर्ति स्थिर होगी, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में भी ठोस प्रगति संभव होगी। 'भारत-कनाडा रिन्यूएबल एनर्जी और स्टोरेज समिट' का आयोजन इस साझेदारी को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मंच बनेगा। इसके साथ ही कनाडा का अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस (ढ्ढस्न्र) और ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस में शामिल होना, भारत की वैश्विक नेतृत्व भूमिका को और मजबूत करता है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में क्रिटिकल मिनरल्स जैसे लिथियम, कोबाल्ट, निकल और रेयर अर्थ एलिमेंट्स का महत्व किसी भी देश की आर्थिक और सामरिक शक्ति को तय करता है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, सेमीकंडक्टर और रक्षा उपकरण इन्हीं पर निर्भर हैं। कनाडा इन खनिजों का बड़ा उत्पादक है, जबकि भारत इनका बड़ा उपभोक्ता बनने जा रहा है। ऐसे में क्रिटिकल मिनरल्स पर हुआ रुख भारत की सप्लाई चेन सुरक्षा के लिए बेहद अहम है। इससे चीन पर निर्भरता कम होगी और भारत को अपनी ग्रीन एनर्जी व इलेक्ट्रिक मोबिलिटी योजनाओं के लिए स्थायी आपूर्ति सुनिश्चित होगी। यह अनुबंध रणनीतिक दृष्टि से भी भारत की स्थिति को मजबूत करता है, क्योंकि भविष्य की लड़ाइयाँ संसाधनों और तकनीक पर आधारित होंगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बताया गया कि कनाडा के पेंशन फंड्स ने भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश किया है, यह भारत की अर्थव्यवस्था पर वैश्विक विश्वास का बड़ा संकेत है। इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट, फिनटेक और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में यह निवेश रोजगार सृजन और विकास की गति को तेज करेगा। सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस और जॉइंट पल्स प्रोटीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर हुए समझौते कृषि, खाद्य सुरक्षा और व्यापार संतुलन को मजबूत करेंगे। इससे किसानों, स्टार्टअप्स और एमएसएमई सेक्टर को सीधा लाभ मिलेगा। अतः इन तथ्यों के आधार पर आज यही कहना होगा कि भारत-कनाडा अनुबंध को सिर्फ द्विपक्षीय नजरिए से देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह साझेदारी वैश्विक शक्ति संतुलन में भारत की स्थिति को और मजबूत करती है। पश्चिमी देशों के साथ मजबूत संबंध भारत को एक भरोसेमंद, स्थिर और लोकतांत्रिक साझेदार के रूप में स्थापित करते हैं। इसके साथ ही यह सहयोग भारत की बहुपक्षीय कूटनीति को भी मजबूती देता है, जहां वह अमेरिका, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अब कनाडा के साथ मिलकर एक संतुलित वैश्विक ढांचा तैयार कर रहा है।



**पश्चिमी देशों के साथ मजबूत संबंध भारत को एक भरोसेमंद, स्थिर और लोकतांत्रिक साझेदार के रूप में स्थापित करते हैं। इसके साथ ही यह सहयोग भारत की बहुपक्षीय कूटनीति को भी मजबूती देता है, जहां वह अमेरिका, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अब कनाडा के साथ मिलकर एक संतुलित वैश्विक ढांचा तैयार कर रहा है।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 09:11 तक |
| नक्षत्रः | स्वाति 13:31 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | ध्रुव, 07:03 |
| सूर्योदयः | 06:46 |
| सूर्यास्तः | 18:29 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 05:01-06:29 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 12:14 -13:01 |

## जन एक्सप्रेस

### तय कुर्सी कुमार !

*छोड़ देंगे कुर्सी अब ।*
*तय कुर्सी कुमार ।।*
*बड़ी खबर है आई ।*
*कर रहे उपकार ।।*
*खुद किया ऐलान है ।*
*हुआ मोहभंग ।।*
*लेकिन उच्च सदन का ।*
*बने रहेंगे अंग ।।*
*ईर्द गिर्द उनके था ।*
*घूम रहा बिहार ।।*
*कम सीटें या ज्यादा हों ।*
*था उनका बहार ।।*
*करनी पड़ी मशक्कत ।*
*गए वो आखिर मान ।।*
*बीजेपी के सीएम को ।*
*मिल सकती कमान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# विडंग हर्ब से दूर हो सकती हैं पेट की कई समस्याएं

**आज** की भागदौड़ भरी जिंदगी में पेट से जुड़ी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, अनियमित खानपान, जंक फूड का ज्यादा सेवन, देर रात तक जागना और तनाव जैसी आदतें डाइजेस्टिव सिस्टम को कमजोर बना देती हैं। इसका रिजल्ट यह होता है कि लोगों को गैस, अपच, पेट फूलना, कब्ज या पेट में कीड़ों जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई बार ये छोटी-छोटी समस्याएं धीरे-धीरे बड़ी परेशानियों का कारण भी बन जाती हैं। ऐसे में सिर्फ दवाइयों पर निर्भर रहने के बजाय नेचुरल और सुरक्षित उपाय अपनाना भी जरूरी हो जाता है। आयुर्वेद में विडंग को पेट से जुड़ी समस्याओं में बेहद लाभकारी बताया गया है।

**विडंग जड़ी-बूटी क्या होती है?:** आयुर्वेदिक डॉक्टर किरण गुप्ता बताती हैं कि विडंग एक औषधीय पौधा है, जिसके बीज और फल औषधीय रूप से उपयोग किए जाते हैं। आयुर्वेद में इसे खासतौर पर कृमिनाशक यानी पेट के कीड़े खत्म करने वाली जड़ी-बूटी के रूप में जाना जाता है। डॉक्टर किरण गुप्ता बताती हैं कि विडंग में एंटीमाइक्रोबियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और डिटॉक्सिफाइंग गुण पाए जाते हैं। यह आंतों में जमा गंदगी और हानिकारक



बैक्टीरिया को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करने लगता है।

**पेट के कीड़े खत्म करे:** आयुर्वेद में विडंग को सबसे ज्यादा पेट के कीड़े खत्म करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बच्चों और बड़ों दोनों में यह समस्या देखी जाती है, जो पेट दर्द, भूख कम लगना और कमजोरी का कारण बन सकती है। डॉक्टर किरण गुप्ता के अनुसार, विडंग में कृमिनाशक गुण होते हैं जो आंतों में मौजूद परजीवियों को खत्म करने में मदद कर सकते हैं। नियमित और सही मात्रा में इसका सेवन करने से पेट के कीड़ों की समस्या में राहत मिल सकती है।

**डाइजेस्टिव सिस्टम को मजबूत करे:** अगर डाइजेस्टिव सिस्टम कमजोर हो जाए तो गैस, अपच और पेट फूलने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। विडंग पाचन क्रिया को सुधारने में भी मदद कर सकती है। यह जड़ी-बूटी आंतों को साफ करने और पाचन एंजाइम्स के काम को बेहतर बनाने में सहायक मानी जाती है। इससे पेट से जुड़ी परेशानियां कम हो सकती हैं।

**शरीर को डिटॉक्स करे:** आयुर्वेद के अनुसार, शरीर में जमा विषैले तत्व यानी टॉक्सिन कई बीमारियों की वजह बन सकते हैं। विडंग को नेचुरल डिटॉक्सिफायर माना जाता है, जो शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद कर सकती है। आयुर्वेदिक डॉक्टर किरण गुप्ता के अनुसार, जब आंतें साफ रहती हैं और पाचन सही रहता है तो शरीर में एनर्जी भी बेहतर बनी रहती है। विडंग का सेवन इस प्रक्रिया को सपोर्ट करने में मदद कर सकता है।

**स्किन के लिए फायदेमंद:** पेट की गड़बड़ी का असर अक्सर स्किन पर भी दिखाई देता है। पाचन खराब होने पर मुंहासे, एलर्जी या स्किन से जुड़ी अन्य समस्याएं हो सकती हैं। विडंग आंतों को साफ रखने में मदद करती है, जिससे शरीर के अंदर की गंदगी कम होती है। इससे स्किन की सेहत में भी सुधार देखा जा सकता है। इसलिए कई आयुर्वेदिक उपचारों में इसे स्किन की समस्याओं के लिए भी उपयोग किया जाता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# बलात्कार और हिंसा पर कब टूटेगी समाज की चुप्पी?



योगेश कुमार गोयल

**दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है।**

**दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है। जहां देश में हर 53 मिनट में एक महिला यौन शोषण की शिकार होती है और हर 28 मिनट में अपहरण का मामला सामने आता है।**

**दुनियाभर** में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए इस साल की थीम है 'अधिकार, न्याय और कार्रवाईः सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए', जो महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित करने और लैंगिक समानता को तेजी से लागू करने पर केंद्रित है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं। देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए। ऐसे मामलों में पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवदेनशील बनाया जाए ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीड़िताएं अपराधियों के खिलाफ खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीनरी को चुस्त-दुरूस्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। दिनदहाड़े सामने आती छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बलात्कार और छेड़छाड़ के आए दिन जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें बहुत से ऐसे भी होते हैं, जिनमें पीड़िता के परिजन, निकट संबंधी या परिचित ही आरोपी होते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# प्रेम संबंध की रंजिश में ग्रंथी पर जानलेवा हमला, पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

## पुलिया पर घात लगाकर किया हमला; सरिया/बरमा बरामद, बरेली में चल रहा इलाज

### साजिश का पर्दाफाश: सामान लेने के बहाने भेजा




**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

गुरुद्वारा में सेवा दे रहे ग्रंथी पर हुए सनसनीखेज जानलेवा हमले का पूरनपुर पुलिस ने खुलासा करते हुए पत्नी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि घटना के पीछे पारिवारिक कलह और कथित प्रेम संबंध की रंजिश थी। पुलिस के मुताबिक ग्रंथी की पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर पूरी साजिश रची और पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। पुलिस के अनुसार 2 मार्च 2026 को पीड़ित पक्ष की ओर से थाना पूरनपुर में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि हरविन्दर सिंह पुत्र कपूर सिंह, निवासी ग्राम कजरा, थाना खुटार, जनपद शाहजहांपुर, पिछले करीब तीन वर्षों से ग्राम रम्पुरा कोन स्थित गुरुद्वारा साहिब में ग्रंथी के रूप में सेवा दे रहे हैं।

बताया गया कि 1 मार्च की शाम वह कढ़ेर चौराहे से गुरुद्वारा लौट रहे थे। रास्ते में नदहा वाली नहर पुलिया के पास घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर लोहे के बरमे/सरिया से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा संख्या 88/2026 धारा 109(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर घटना की कड़ियों को जोड़ते हुए साजिश का खुलासा कर दिया।

### ऐसे रची गई पूरी साजिश, हमलावर मृत समझकर भाग निकले थे

पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी कुलदीप सिंह उर्फ सोनी (45) निवासी ग्राम रम्पुरा कोन ने बताया कि उसका गुरुद्वारा में अक्सर आना-जाना था। इसी दौरान उसकी पहचान हरविन्दर सिंह की पत्नी गुरजीत कौर (38) से हुई और करीब छह माह पहले दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। जब इस संबंध की जानकारी हरविन्दर सिंह को हुई तो उन्होंने पत्नी को इस बारे में कड़ी नाराजगी जताते हुए टोका। इसके बाद गुरजीत कौर और कुलदीप सिंह ने मिलकर हरविन्दर सिंह को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। योजना के तहत 1 मार्च की शाम गुरजीत कौर ने अपने पति को सामान लाने के बहाने कढ़ेर चौराहा भेज दिया और इसकी सूचना कुलदीप सिंह को दे दी। जैसे ही हरविन्दर सिंह वापस लौटते हुए नदहा पुलिया के पास पहुंचे, कुलदीप सिंह और उसके साथी राकेश (40) ने उन पर लोहे के बरमे से हमला कर दिया। हमलावर उन्हें मृत समझकर मौके से भाग निकले।

पुलिस ने शनिवार को कुलदीप सिंह उर्फ सोनी (45) राकेश (40) निवासी ग्राम रम्पुरा कोन थाना पूरनपुर गुरजीत कौर (38) पत्नी हरविन्दर सिंह निवासी ग्राम कजरा थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना पूरनपुर पुलिस की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बरेली में चल रहा उपचार, तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हमले में गंभीर रूप से घायल हरविन्दर सिंह को उपचार के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

### पुलिस ने बरामद किया हमला करने का औजार

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का बरमा बरामद कर लिया है। बरामद साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 61(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी भी की गई है। और तीनों आरोपी गिरफ्तार किए

### टीम में शामिल रहें।

प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव, कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल मनीष यादव, कांस्टेबल अमित पाल, महिला कांस्टेबल करुणानिधि पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच आगे भी जारी है और अन्य तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

# बाल विवाह पर नाटक देख भावुक हुए दर्शक, बच्चों ने दिया जागरूकता का संदेश

### महिला कल्याण विभाग ने बरहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शनिवार को ग्राम पंचायत बरहा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में महिला कल्याण विभाग की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत बाल विवाह पर आधारित नाट्य मंचन ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया और समाज को एक मजबूत संदेश दिया कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने बाल विवाह की थीम पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। नाटक में बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शारीरिक और मानसिक दुष्परिणामों को बेहद मार्मिक ढंग से दिखाया गया, जिसे देखकर दर्शक भावुक हो उठे। कार्यक्रम के दौरान जिला मिशन समन्वयक सुवर्णा पाण्डेय ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि बाल विवाह समाज की एक गंभीर समस्या है, जिसे शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बाल विवाह से जुड़े कानून और इसके दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी भी दी।वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासिका तृप्ति मिश्रा ने महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, उत्तर प्रदेश कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा व सहयोग प्रदान करना है। जेंडर स्पेशलिस्ट जयश्री ने उपस्थित बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह से शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी और कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों व शिक्षकों को 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत शपथ दिलाई।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता गंगवार सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के तहत विकासखंड मरौरी के ग्राम रानीगंज में भी लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूक किया गया। वहां ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बाल विवाह न करने और इसके खिलाफ आवाज उठाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# अनाथ और जरूरतमंद बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ें: जिलाधिकारी

### अमरिया ब्लॉक में ग्राम प्रधानों के साथ गोष्ठी, योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

**अमरिया।** विकासखंड अमरिया कार्यालय में शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम स्तर तक पहुंचाना और पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित कराना रहा।गोष्ठी के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी ग्राम प्रधानों को दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड, आभा आईडी, 102 व 108 एम्बुलेंस सेवा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मोतियाबिंद का निःशुल्क इलाज और आने-जाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।उप कृषि निदेशक ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी देते हुए कहा कि सभी किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य बनवाएं, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता अथवा दोनों की मृत्यु हो चुकी है, उनके भरण-पोषण और शिक्षा के लिए यह योजना संचालित की जा रही है।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने वृद्धावस्था पेंशन और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जानकारी दी, जबकि जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने दिव्यांग पेंशन और सहायक उपकरण योजनाओं के बारे में बताया। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए कहा कि जिन बच्चों के माता-पिता या दोनों की मृत्यु हो गई है, उन्हें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत एक बच्चे को 2500 रुपये तथा दो बच्चों को 5000 रुपये प्रतिमाह सहायता दी जाती है। यदि माता-पिता में से किसी एक की मृत्यु हुई है तो परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम होना आवश्यक है, जबकि दोनों की मृत्यु होने की स्थिति में आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होती।

गोष्ठी में ब्लॉक प्रमुख अमरिया, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी अमरिया, उप कृषि निदेशक, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में 8 शिकायतें पहुंचीं, डीएम ने दिए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। अमरिया।** तहसील अमरिया में शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल आठ शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर जांच करें और शिकायतकर्ता के साथ दोनों पक्षों को बुलाकर पारदर्शी तरीके से समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही निस्तारण की आख्या समय से पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों में जहां पुलिस की आवश्यकता हो, वहां पुलिस प्रशासन को साथ लेकर मौके पर ही समाधान कराया जाए। इसके अलावा जनसुनवाई और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता से संबंधित प्रमाण पत्र भी प्रदान किए।

# नगर पालिका की बैठक बनी उत्सव का मंच, भाजपा जिलाध्यक्ष बने गोकुल मौर्य का हुआ भव्य अभिनंदन

### फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ सभासदों ने किया स्वागत, बोर्ड बैठक में शहर के विकास कार्यों पर भी हुई चर्चा





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक इस बार केवल प्रशासनिक औपचारिकता तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह एक उत्सवी माहौल में बदल गई। कारण था नगर पालिका के वरिष्ठतम सभासद और हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बनाए गए गोकुल प्रसाद मौर्य का अभिनंदन। उनके जिलाध्यक्ष बनने की खुशी में पालिका परिसर में ऐसा माहौल बना मानो कोई विशेष आयोजन हो रहा हो। बैठक शुरू होने से पहले पालिका परिसर में सभासदों, कर्मचारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर उनका जोरदार स्वागत किया। पालिका गेट से लेकर मीटिंग हॉल तक उन्हें जुलूस के रूप में लाया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप और स्वागत नारों की गूंज से पूरा परिसर उत्साह से भर उठा।

पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने गोकुल प्रसाद मौर्य को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसी सभासद का जिले में पार्टी का नेतृत्व करना पूरे नगर पालिका परिवार के लिए गर्व की बात है। इससे संगठन और शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने स्वागत से अभिभूत होते हुए सभी सभासदों, पालिका कर्मचारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे सभी के सहयोग से संगठन को मजबूत बनाने और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए लगातार प्रयास करेंगे। स्वागत कार्यक्रम का संचालन सभासद साकेत सक्सेना ने किया। कार्यक्रम के बाद आयोजित बोर्ड बैठक में शहर की विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा शहर में पथ प्रकाश व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद सभासदों ने भी कहा कि गोकुल प्रसाद मौर्य के जिलाध्यक्ष बनने से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिली है। उनके बीच से ही एक सभासद के जिले की कमान संभालने से संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी और शहर के विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।

इस अवसर पर सभासद वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह, विपिन गंगवार, साकेत सक्सेना, इकबाल हजरत, चेतन गंगवार, शरीफ अंसारी, राशिद हुसैन, पुष्पा उपाध्याय, सुनीता सिंह, रत्ना शुक्ला, शिखा वर्मा, विकास बाबू, अनस अंसारी, निजाकत अली कादरी, सुरेश लोधी, मोहन स्वरूप, पल्लवी, शिवम श्रीवास्तव, जाहिदा बी, विपिन मिश्रा, अवतार सिंह मोनू, जगन्नाथ प्यारे और पंकज तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनपद में धारा 163 लागू

### बिना अनुमति जुलूस-सभा और पांच से अधिक लोगों के जुटने पर रोक

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

आगामी त्योहारों और प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र सिंह ने पूरे जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होकर 3 मई 2026 तक प्रभावी रहेगी। सूचना विभाग के अनुसार मार्च और अप्रैल माह में ईद-उल-फितर, राम नवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती, बुद्ध पूर्णिमा तथा शाहजी मियां का उर्स जैसे महत्वपूर्ण पर्वों के साथ कई प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित होनी हैं। इसी बीच प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से सूचना मिली है कि कुछ असामाजिक तत्व अपने स्वार्थ के लिए जातीय और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने का प्रयास कर सकते हैं, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट ने धारा 163 लागू करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रतिबंध लगाए हैं। आदेश के अनुसार बिना अनुमति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, जलसा, जुलूस या जनसभा आयोजित करने पर रोक रहेगी। किसी भी व्यक्ति को लाठी, डंडा, तलवार, आग्नेयास्त्र, रिवाल्वर, पिस्टल अथवा चार इंच से अधिक फल वाले चाकू लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि शासकीय कार्य में लगे कर्मचारियों, सहारे के लिए डंडा रखने वाले दिव्यांग व्यक्तियों तथा सिख समुदाय के लोगों को कृपाण रखने की छूट दी गई है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। किसी भी धार्मिक स्थल या जुलूस में नई परंपरा शुरू करने पर भी रोक लगाई गई है। इसके अलावा किसी भी व्यक्ति को तेजाब, विस्फोटक सामग्री, ईंट-पत्थर या शीशे के टुकड़े हिंसा के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थानों पर एकत्र करने की अनुमति नहीं होगी। सार्वजनिक स्थानों पर नशे की हालत में घूमना, उत्तेजक भाषण देना, अफवाह फैलाना, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और बिना अनुमति पोस्टर-बैनर लगाना भी प्रतिबंधित रहेगा। जिला प्रशासन ने बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर भी प्रतिबंध लगाया है। अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और न्यायालयों के 100 मीटर क्षेत्र को शांत क्षेत्र घोषित किया गया है।

### प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन

भारतीय न्यायिक संहिता की धारा 223 के तहत दंडनीय अपराध होगा। यदि किसी व्यक्ति को इस आदेश से छूट की आवश्यकता हो तो वह जिला मजिस्ट्रेट, नगर मजिस्ट्रेट या संबंधित परगना मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर सकता है।

# महिला दिवस पर महिलाओं को सिखाए गए आर्थिक सशक्तिकरण के गुर





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जेसीआई पर्ल्स की ओर से पुष्प इंस्टीट्यूट में 'फाइनेंशियल लिटरेसी फॉर वीमेन' विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर वित्तीय प्रबंधन, बचत और निवेश से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

### आर्थिक साक्षरता से बढ़ेगा महिलाओं का आत्मविश्वास

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जेएफएम सीए नेहा अरोरा ने महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाओं का आर्थिक रूप से जागरूक होना बेहद जरूरी है। यदि महिलाएं अपनी आय और खर्च के बीच संतुलन बनाकर नियमित बचत की आदत डालें और सही जगह निवेश करें, तो वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं।उन्होंने बैंकिंग सेवाओं के सही उपयोग, सुरक्षित निवेश विकल्पों, बीमा और भविष्य की वित्तीय योजना के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

### आर्थिक निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी जरूरी: अदिति सक्सेना

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जेएफएम अदिति सक्सेना ने कहा कि महिलाओं को परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ आर्थिक निर्णयों में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वित्तीय ज्ञान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाता है और उन्हें जीवन की चुनौतियों से लड़ने का आत्मविश्वास देता है। कार्यक्रम के दौरान जेसीआई पर्ल्स की सेक्रेटरी जेसी क्रति अग्रवाल ने महिलाओं को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़कर अपनी आर्थिक समझ को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता केवल बचत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भविष्य की सुरक्षित योजना का आधार भी है।

### समन्वयकों की रही अहम भूमिका-प्रतिभागियों ने बताया प्रेरणादायक प्रयास

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जेएफएम प्रभ कौर, जेसी आंचल सिंह और जेसी चारू गुप्ता ने कार्यक्रम समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान संस्था के अन्य सदस्यों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ने सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने इसे बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

प्रतिभागियों का कहना था कि इस तरह के प्रशिक्षण से उन्हें अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर ढंग से समझने और भविष्य के लिए योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। आयोजकों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से जागरूक बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे समाज और परिवार दोनों में मजबूत भूमिका निभा सकें।

### पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहों से न घबराएं: जिला पूर्ति अधिकारी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** जिले में पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों को लेकर प्रशासन ने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जिले सहित पूरे देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और सप्लाई व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। सूचना विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि कुछ स्थानों पर पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहों के कारण लोग घबराकर पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ लगा रहे हैं। इससे सामान्य ईंधन आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बन रही है। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने पंपों पर पंपलेट और पोस्टर लगाकर आम जनता को सही जानकारी दें, ताकि लोग भ्रम की स्थिति में न आएं और अफवाहों पर विश्वास न करें।उन्होंने बताया कि देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सुचारु रूप से चल रही है। इसलिए किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें।

## एक्सप्रेस खबरें...

### महाराष्ट्र में मजदूरी करने गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक युवक की महाराष्ट्र में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के साथी उसका शव लेकर गांव के लिए रवाना हो गए हैं। क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरा मुजप्पा के गांव रानीगंज निवासी सोहनलाल का पुत्र अर्जुन करीब तीन माह पूर्व लखीमपुर जिले के गांव प्रतापपुर के कुछ युवकों के साथ मजदूरी करने महाराष्ट्र गया था। वहां वह रतनपुरी क्षेत्र में रहकर एक बाग की रखवाली का काम कर रहा था। ग्राम प्रधान विनोद कुमार के अनुसार शुक्रवार को अचानक अर्जुन की तबीयत खराब होने की सूचना उसके साथियों ने मोबाइल फोन के जरिए उसके पिता सोहनलाल को दी। कुछ देर बाद युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों के अनुसार अर्जुन दो भाइयों में सबसे छोटा था और अभी अविवाहित था। उसके साथी महाराष्ट्र से शव लेकर गांव के लिए रवाना हो गए हैं। शव के गांव पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### तमंचा दिखाकर युवती से छेड़छाड़

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** होली के दिन घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर उसकी मां पर हसिए से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना क्षेत्र के एक गांव की है। युवती ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के तीन युवक कई दिनों से उसके साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। विरोध करने पर आरोपी उसके माता-पिता की हत्या करने और उसका अपहरण करने की धमकी देते रहे हैं। आरोप है कि चार मार्च की सुबह करीब चार बजे तीनों युवक दीवार फांदकर उसके घर में घुस आए और उससे छेड़छाड़ करने लगे। शोर मचाने की कोशिश करने पर आरोपियों ने तमंचा तान दिया और पास में सो रही उसकी छोटी बहन का मुंह दबा दिया। बहन के चीखने पर आरोपी किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।युवती का आरोप है कि पांच मार्च को जब उसके माता-पिता होली मिलने गांव में गए हुए थे, तभी आरोपी दोपहर करीब तीन बजे फिर घर में घुस आए और उससे छेड़छाड़ की। माता-पिता के लौटने पर घटना की जानकारी दी। इस पर उसकी मां के शिकायत करने पर एक आरोपी ने हसिए से वार कर उन्हें घायल कर दिया। कोतवाल पवन पांडेय ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### जमीनी विवाद में पिता-पुत्र पक्ष में मारपीट

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर परिवार के ही लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान कुल्हाड़ी से हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया गया। घायल ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव सिकरहना निवासी राधेश्याम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बड़ा पुत्र विजय कुमार अक्सर जमीन को लेकर उससे विवाद करता रहता है और पूरी जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाता है। आरोप है कि मना करने पर विजय कुमार गाली-गलौज करने लगा और मारपीट कर दी। इसके बाद उसकी पुत्रवधू ने अपने मायके लुकटिहाई टांडा में फोन कर दिया।

# ग्रामीण बालिका शिक्षा की मिसाल बनीं शिक्षिका नाजिया सुल्ताना

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

शिक्षा के साथ आत्मरक्षा, जीवन कौशल और आत्मनिर्भरता का दे रहीं प्रशिक्षण कौन कहता है आसमां में सुराख हो नहीं सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों।÷ यह पंक्ति आज ग्रामीण बालिका शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहीं शिक्षिका नाज़िया सुल्ताना पर पूरी तरह सार्थक होती दिखाई देती है। पिछले 13 वर्षों से जसरा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय सुजौना में कार्यरत नाज़िया सुल्ताना न केवल छात्राओं को शिक्षा दे रही हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने के लिए भी निरंतर प्रयास कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय में बालिकाओं की संख्या काफी है और उनके प्रयासों से छात्राओं की पढ़ाई के प्रति रुचि और विद्यालय में उपस्थिति दोनों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। नाज़िया सुल्ताना छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन कौशल, वित्तीय साक्षरता और आत्मरक्षा का



प्रशिक्षण भी देती हैं। वह बालिकाओं को सुरक्षित और आत्मविश्वासी माहौल देने के लिए लगातार काम कर रही हैं। छात्राओं की समस्याओं को समझकर उनका समाधान करना उनकी विशेषता है, इसी कारण वह विद्यालय की बालिकाओं की एक भरोसेमंद काउंसलर के रूप में भी जानी जाती हैं। विद्यालय में वह मीना मंच की नोडल शिक्षिका के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और बालिकाओं से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का संचालन करती हैं। साथ ही वह छात्राओं और उनके अभिभावकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी देती रहती हैं। विद्यालय में उपलब्ध आईसीटी लैब के माध्यम से वह छात्राओं को होम साइंस से जुड़ी गतिविधियों का प्रशिक्षण देती हैं। इसके अलावा सिलाई-कढ़ाई और मेहंदी जैसे कौशल भी सिखाती हैं, ताकि बालिकाएं भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। विद्यालय में वह मिशन शक्ति का भी सक्रिय संचालन कर रही हैं। नाज़िया सुल्ताना छात्राओं को ÷गुड टच-बैड टच÷ जैसे संवेदनशील विषयों के प्रति जागरूक करते हुए किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों के बारे में भी मार्गदर्शन देती हैं, जिससे छात्राएं जागरूक और सुरक्षित रह सकें। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें कई सम्मान भी मिल चुके हैं। जनपद स्तर पर उन्हें मीना मंच की सर्वश्रेष्ठ नोडल शिक्षिका के रूप में सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा ब्लॉक और जनपद स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान भी प्राप्त हुआ है। पिछले वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उन्हें उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से भी सम्मानित किया गया। नाज़िया सुल्ताना अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता बशीर अहमद अंसारी और हसबुन निशा को देती हैं, जिन्होंने उन्हें बेहतर शिक्षा और संस्कार दिए। वह बताती हैं कि शादी के बाद ससुर मोहम्मद हारून अंसारी और सास शगुफ्ता यासमीन का भी उन्हें पूरा सहयोग मिला। उनके पति मोहम्मद शारिक हारून हर कदम पर उनके साथ मजबूती से खड़े रहते हैं। दो बेटियों मलक आयत और अनमता आयत की मां नाज़िया सुल्ताना कहती हैं कि वह अपने परिवार के सहयोग और छात्राओं के विश्वास को ही अपनी सबसे बड़ी ताकत मानती हैं। उनका मानना है कि यदि बालिकाओं को सही शिक्षा और अवसर मिले तो वे समाज और देश की प्रगति में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए उनका यह प्रयास समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनता जा रहा है।

## जबरन शादी करने के दबाव में युवती ने जहर खाकर दी जान

**उरई।** जबरन शादी करने का दबाव बनाने पर युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसकी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। हमीरपुर जिला के थाना राठ ग्राम सरसेड़ा माफ निवासी करन सिंह की 20 वर्षीय पुत्री निशा की 28 जून को शादी थी। उसकी शादी क्षेत्र के ही ग्राम धगुवां निवासी अमरजीत के साथ तय हुई थी। बताया गया कि निशा शादी से इंकार कर रही थी जबकि जिस लड़के से शादी तय हुई थी वह उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था। जिसके चलते उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते देख परिवार के लोग घबरा गए और आनन-फानन में उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी देर रात मौत हो गई। निशा के दो भाई वीरेंद्र व सुमित हैं जिनका रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लिया और जांच पड़ताल के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिय।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस हुआ आयोजित

**जन एक्सप्रेस । उरई**

मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की मौजूदगी में तहसील उरई के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं शिकायतें मंडलायुक्त के समक्ष प्रस्तुत कीं। मंडलायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 42 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।मंडलायुक्त ने कहा




कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर लेकर उनका समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, जिससे लोगों की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान संभव हो सके। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल संभव नहीं है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में निपटाते हुए उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। मंडलायुक्त ने यह भी कहा कि जिन मामलों में जांच की आवश्यकता है, वहां निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य किया जाए। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, डीएफओ प्रदीप यादव, पीडी अखिलेश तिवारी, डीडीओ निशांत पाण्डेय, सीएमओ डॉ. वीरेंद्र सिंह, एसडीएम विनय कुमार मौर्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**

मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न प्रशासनिक पटलों का औचक निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। मंडलायुक्त ने भूलेख अनुभाग, संग्रह अनुभाग, नजारत अनुभाग, शस्त्र अनुभाग, अभिलेखागार, माल फौजदारी अनुभाग, आपदा नियंत्रण कक्ष सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने अभिलेखों के संधारण, पत्रावलियों के रख-रखाव, लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा उनके निस्तारण की प्रगति का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों को अद्यावधिक रखते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। इस दौरान कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं, जीपीएफ अभिलेखों एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया। नजारत अनुभाग के निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने रजिस्टर संख्या-4 में दर्ज बकाया धनराशि का शीघ्र निस्तारण करने तथा अग्रिम दी गई धनराशि का समय से समायोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शस्त्र अनुभाग में निरीक्षण के दौरान उन्होंने शस्त्र लिपिक को निर्देशित किया कि ऐसे सभी लाइसेंस धारकों की सूची तैयार की जाए।

# जलशक्ति मंत्री सिंह ने 6.78 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**जन एक्सप्रेस । उरई**

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जिले में सिंचाई एवं जल संसाधन से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का विधि-विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।इस अवसर पर उन्होंने बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों की शुरुआत कर क्षेत्र के विकास को नई गति देने का संदेश दिया। मंत्री ने बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम के अंतर्गत जिलेदारी कार्यालय (द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ) के नव निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिसकी कुल परियोजना लागत 349.19 लाख रुपये है। इसके साथ



ही उरई स्थित निरीक्षण भवन के नव निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।जिसकी परियोजना लागत 329.53 लाख रुपये है। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 678.72 लाख रुपये है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सिंचाई व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने तथा विभागीय व्यवस्थाओं को आधुनिक एवं सुसज्जित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बेतवा नहर प्रखण्ड से जुड़े इन भवनों के निर्माण से विभागीय कार्यों के संचालन में सुविधा होगी तथा किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए, ताकि इनका लाभ शीघ्र ही आमजन और किसानों को मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि आदि सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी धर्म घोष अधिशासी अभियंता, वसीम राजा सहायक अभियंता, अंकित कुमार सिंह सहायक अभियंता तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हादरुख फीडर के एसएसओ पर किसान के साथ मारपीट करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । उरई**

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के हदरूख उप विद्युत केंद्र में तैनात विद्युत कर्मियों की लचर कार्य शैली से किसान परेशान है। कई गांव में सप्लाई ठीक तरह से चालू नहीं होने पर किसानों की फसले सूख रही है। गुरुवार की सुबह ग्राम शेखपुर बुजुर्ग निवासी गोविंद सिंह और राजवीर सिंह अपनी समस्या लेकर हदरख फीडर गए थे। आरोप है कि जहां तैनात `व रिटायर फौजी मलखान यादव द्वारा गाली गलौज की गई। जिसका विरोध करने पर सब स्टेशन इंचार्ज द्वारा मारपीट व लातो घूसो से मारपीट की गई। मारपीट का किसी ग्रामीण द्वारा वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया है। इसमें साफ-साफ देख रहा है कि किसान की बुरी तरह मारपीट की गई है। वही ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि लगभग 100 बीघा से अधिक किसानों की गेहूं व मूंग की फसल में सप्लाई नहीं मिलने से सिंचाई नहीं हो पा रही है। जिस फैसले सूखने की कगार में है संबंधित फीडर के जेई रमाकांत वर्मा कभी फोन नहीं उठाते हैं। पहले भी विद्युत कर्मचारियों की शिकायत की गई थी लेकिन बिजली विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है इस फीडर के लाइनमैन किसानों से हमेशा दुर्व्यवहार करते हैं। किसानों को जब मारपीट की जानकारी हुई तो कई किसान पहुंचे लेकिन वहां संविदा कर्मी द्वारा गलत फसाने की धमकी देकर भगा दिया गया। बाद में मारपीट घायल किसान द्वारा चौकी में शिकायत की गई है। जालौन एसडीओ सूरज सोनी का कहना कि मामला संज्ञान में आया है।

# हरदोई में पेपर कप फैक्ट्री में दर्दनाक हादसा,मशीन में फंसी गर्दन, 19 वर्षीय मजदूर की मौके पर मौत

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई में कोतवाली देहात क्षेत्र के अनंग बेहटा गांव के मजरा पंडित पुरवा स्थित एक पेपर कप बनाने वाली फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। फैक्ट्री में काम कर रहे 19 वर्षीय मजदूर रेहान की गर्दन अचानक मशीन में फंस गई, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही फैक्ट्री परिसर और आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया, जबकि युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बढ़ेयन पुरवा निवासी रेहान पुत्र आलम खान फैक्ट्री के अंदर काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह मशीन के पास अकेले ही काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी गर्दन मशीन में फंस गई और वह उसकी चपेट में आ गया। जब तक किसी को हादसे की जानकारी होती, तब तक रेहान दम तोड़ चुका था। फैक्ट्री मालिक मोहम्मद आसिफ के



मुताबिक वह कुछ देर के लिए बाहर गए हुए थे। वापस लौटकर उन्होंने फैक्ट्री का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। शक होने पर उन्होंने पास में लगा शीशा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां का मंजर देखकर उनके होश उड़ गए ,रेहान की गर्दन मशीन में फंसी हुई थी।फैक्ट्री मालिक के अनुसार आशंका है कि काम करते समय रेहान मोबाइल फोन भी चला रहा था, जिससे उसका ध्यान मशीन से हट गया और वह हादसे का शिकार हो गया। इसके बाद आनन-फानन में मशीन बंद कर मजदूर को बाहर निकाला गया और परिजनों व पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। फिलहाल परिजनों की ओर से किसी तरह का आरोप नहीं लगाया गया है, लेकिन फैक्ट्री में सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल जरूर उठने लगे हैं।पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## 'आत्म-संदेह छोड़ें, खुद पर भरोसा करें'

**जन एक्सप्रेस/कानपुर।** इस महिला दिवस पर जूस ब्रांड रियल ने अपना नया कैंपेन कीप इट रियल शुरू किया है। इसका मकसद महिलाओं को उनके मन में उठने वाले डर और शक को दूर करने के लिए प्रेरित करना है। अक्सर महिलाएं खुद की काबिलियत पर शक करती हैं। यह अभियान बताता है कि एक महिला का अपने परिवार, काम और खुद के लिए प्यार, उसके किसी भी डर से कहीं ज्यादा बड़ा और मजबूत है। डाबर इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) मयंक कुमार ने कहा हम सिर्फ सफलता का जश्न नहीं मनाना चाहते, बल्कि उस मुश्किल सफर और संघर्ष का भी सम्मान करना चाहते हैं जो एक महिला तय करती है। हम महिलाओं को याद दिलाना चाहते हैं कि उनकी असली ताकत उनका दिल और मेहनत है। इस अभियान के तहत रियल कन्वर्सेशन्स नाम की एक सीरीज शुरू की गई है। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों की महिलाएं अपनी चुनौतियों पर खुलकर बात करती हैं। वे बताती हैं कि कैसे वे घर और बाहर की जिम्मेदारियों के बीच तालमेल (द जगल) बैठाती हैं और कैसे अपने मन के डर को पीछे छोड़कर आगे बढ़ती हैं। यह बातचीत दिखाती है कि अगर मन में जुनून और अपनों की परवाह हो, तो कोई भी हिचकिचाहट आपको रोक नहीं सकती।

# मंगलकारी बालाजी महाराज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कल

### बालाजी की भक्ति में लीन सनातन के एकजुटता का प्रतीक है वार्षिकोत्सवः स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

शहर के ताला नगरी औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्री मंगलकारी बालाजी महाराज मंदिर का 20वाँ वार्षिकोत्सव आगामी 9 और 10 मार्च को बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की रुपरेखा एवं उससे जुड़ी जानकारी साझा करने के उद्देश्य से शनिवार को रेलवे रोड स्थित महक रेस्टोरेंट में हुई पत्रकार वार्ता में समिति के पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख एवं मंदिर समिति के संरक्षक स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस बार भी होने वाले दो दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में शोभायात्रा, महायज्ञ, छप्पन भोग और विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में न केवल तालानगरी अपितु पूरा शहर ही बालाजी की भक्ति में ओत प्रोत होकर सनातनी एकजुटता का सन्देश देगा।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष मुकुल



मित्तल व राजेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि ?कार्यक्रम के ?प्रथम दिन 09 मार्च सोमवार को प्रातः 10ः00 बजे से श्री हनुमान मंदिर, महावीरगंज से शोभायात्रा प्रारंभ होकर श्री टीकाराम मंदिर तक निकाली जाएगी जिसका शुभारंभ अलीगढ़ के महापौर प्रशांत सिंघल एवं भाजपा नेता मनीष अग्रवाल (बूल) द्वारा किया जाएगा। भक्तों को किसी भी प्रकार की समस्या ना आये इसके लिए जगह जगह शीतल पेय की व्यवस्था भी की जाएगी।

शोभायात्रा समिति से ललित दीवान जी ने आगे बताया कि शोभायात्रा में राम दरबार, बांके बिहारी जी, शिव पार्वती, गणेश जी, खाटू श्याम, राम दरबार बनवासी, सिंदूरी हनुमान, पंच प्यारे आदि के डोले सहित मुख्य आकर्षण का केंद्र घोड़े पर सवार राजकुमार, महाकाल की पालकी व चंदौसी के ढोल शामिल रहेंगे। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा आदि से स्वागत किया जाएगा।

मनोज अग्रवाल ने बताया कि अगले दिन तालानगरी स्थित ?श्री मंगलकारी बालाजी महाराज मंदिर में ?मंगलवार 10 मार्च को दूसरे दिन के अनुष्ठान के तहत ?छप्पन भोग एवं फूल बंगला प्रातः 10ः00 बजे से दिव्य अलौकिक दर्शन कराये जाएंगे। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप (ऋरू क्स्ढ्ढष्ठ) के चेयरमैनज्द्वारा किया जाएगा। इसके बाद ?भगवान बालाजी की कृपा कटाक्ष प्राप्ति हेतु पाँच कुण्डीय महायज्ञ- प्रातः 11ः00 बजे से आरंभ किया जाएगा जिसके मुख्य यजमान शहर के प्रमुख उद्योगपति धनजीत वाड्रा रहेंगे। महायज्ञ के पश्चात भंडारा ?प्रसादी का आयोजन दोपहर 3ः00 बजे से प्रभु की इच्छा तक किया जाएगा।

?सांयकालीन बेला में महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन 7ः00 बजे से होगा जिसमें 101 दीपों द्वारा भव्य महाआरती की जाएगी, जिसके पश्चात विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। ?पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से राजेश अग्रवाल, मुकुल मित्तल, दिनेश मित्तल, आकाश वार्ष्णेय, ललित दीवान, संजीव कंटक, गौरव शास्त्री, अंश मित्तल, संजय बंसल, विमल गर्ग, महादेव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अजय गुप्ता जी, संजय गुप्ता दवाई, अरुण वार्ष्णेय, राजकुमार गोयल, आदि लोग मौजूद रहे।

## विनीत द्विवेदी ने होली मिलन के साथ किया चुनावी तैयारी का शंखनाद

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।हरपालपुर विकास खण्ड के टिकैया मजरा भूपतिपुर नगरा निवासी पूर्व छात्रनेता व समाजसेवी विनीत द्विवेदी ने होली मिलन के साथ ही हरपालपुर विकास खण्ड से जिला पंचायत सदस्य के पद पर चुनावी तैयारी का शंखनाद कर दिया।हालांकि विकास खण्ड में जिला पंचायत सदस्य की तीन सीटे है जिनका परिसीमन व आरक्षण अभी फाइनल नही है।साथ ही पंचायत चुनाव की अभी कोई आधिकारिक घोषणा भी नही हुई है।लेकिन विनीत द्विवेदी ने हरपालपुर क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मंसूबा अपने चहेतों तक पहुंचा दिया है।वह क्षेत्र के हर गांव में लगातार होली मिलन के साथ साथ लोगो से राय मशविरा में जुट गए है।विनीत द्विवेदी बद्री विशाल डिग्री कालेज फर्रुखाबाद के छात्र नेता रहे है तथा विगत काफी समय से क्षेत्र में समाजसेवा के जरिये लोगो के बीच अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे है।बिगत पंचायत चुनाव में वह हरपालपुर द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे जहां वह रनर रहे।इस बार वह पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहे है।उनके जनसम्पर्क से जहां सम्भावित प्रत्यशियी की धड़कने तेज होती जा रही है वहीं वह पिछले चुनाव की अपेक्षा खुद को और अधिक मजबूत बनाने में जुटे हुए है।शुक्रवार को उन्होंने बम्हरौली, मिरगांवा , इकनौरा, जोधनपुरवा, हरपालपुर , सतौथा में लोगो के बीच पहुंचकर होली की शुभकामनाएं दी।तथा बड़ों बुजुर्गो से खुद के लिए आशीर्वाद की कामना की।

# शाहाबाद में बंद मकान के बाथरूम से अधेड़ का मिला सड़ा गला शव

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

आरा मशीन पर काम करने वाले एक 50 वर्षीय अधेड़ का बाथरूम से सड़ा गला शव बरामद हुआ है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पंचनामा की कार्रवाई पूर्ण की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इससे पूर्व फॉरेंसिक टीम ने जांच कर साक्ष्य संकलित किये। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर का रहने वाला नन्हे 50 वर्ष पूर्व में एक आरा मशीन पर काम करता था। पिछले एक साल से उसने काम छोड़ दिया और जियाउद्दीन अंसारी उर्फ लल्लू निवासी मोहल्ला खलील के अल्लाहपुर इब्ने जयी स्थित मकान की चौकीदारी करता था और उसी मकान में रहता था। पुलिस के



अनुसार नन्हे शराब पीने का आदी था। इस मकान में पीआरबी का एक सिपाही भी किराए पर रह रहा था। शनिवार को सुबह मकान से काफी बदबू आने लगी तो पीआरबी के सिपाही ने मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय, जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अनिल कुमार सिंह, उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह फोर्स बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। तो नन्हे का शव बंद बाथरूम में पड़ा पाया गया। शव से काफी बदबू आ रही थी और शल में बड़े-बड़े कीड़े पड़ गए थे जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि नन्हे की लगभग एक सप्ताह पहले मौत हुई होगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में नन्हे बाथरूम में गिर गया जिससे वह बेहोशी की हालत में चला गया और उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर आई और जांच कर साक्ष्य संकलित किये। मकान मालिक जियाउद्दीन अंसारी उर्फ लल्लू की तहरीर पर पंचनामा की कार्रवाई पूर्ण करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक नन्हे के परिवार से कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया है।

# खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने एक साल में बदली सिराथू ब्लॉक की तस्वीर

**जन एक्सप्रेस । कौशांबी**

जनपद के सबसे बड़े विकास खंड सिराथू में शिक्षा के क्षेत्र में बीते एक वर्ष में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। इसका श्रेय सिराथू की खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह को दिया जा रहा है, जिन्होंने अपने प्रशासनिक कौशल, बेहतर समन्वय और शिक्षकों के साथ सकारात्मक संवाद के माध्यम से ब्लॉक को जिले में अग्रणी बना दिया है।

जनपद प्रयागराज में शिक्षा प्राप्त करने वाली डॉ. प्रज्ञा सिंह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। वे प्रयागराज के प्रतिष्ठित के.पी. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह की पुत्री हैं। शिक्षा के प्रति उनकी गंभीरता और समर्पण का ही परिणाम है कि प्रशासनिक जिम्मेदारी संभालने के बाद उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में कई सकारात्मक बदलाव किए।



उनकी पहली नियुक्ति खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में प्रयागराज के नगर क्षेत्र में हुई थी। बाद में उनका स्थानांतरण कौशांबी जनपद में हुआ, जहां उन्होंने पहले मूरतगंज ब्लॉक में सेवाएं दीं। जनवरी 2025 से वे सिराथू ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं और लगातार शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रही हैं।

डॉ. प्रज्ञा सिंह के कार्यकाल में सिराथू ब्लॉक ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। डिजिटलाइजेशन, खेलकूद प्रतियोगिताएं, पीएम श्री विद्यालयों की शैक्षिक एवं खेल उपलब्धियां, तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सिराथू ब्लॉक पूरे जनपद में अग्रणी रहा है। हाल ही में घोषित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (ह्रूरूस्) के परिणामों में भी सबसे अधिक छात्र सिराथू ब्लॉक से चयनित हुए हैं, जो यहां की शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को दर्शाता है। डॉ. प्रज्ञा सिंह का कहना है कि यह उपलब्धि अकेले संभव नहीं थी। उन्होंने इसका श्रेय ब्लॉक के सभी शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और ब्लॉक संसाधन केंद्र की टीम को दिया। उन्होंने कहा कि पूरी टीम एक इकाई के रूप में कार्य कर रही है, जिसके कारण शिक्षा के क्षेत्र में सिराथू ब्लॉक का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है।

# एसपी ने सुनी जनता की फरियाद, लापरवाही पर दी मातहतों को कार्रवाई की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की रानीगंज तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ?समाधान दिवस में दूर-दराज के गांवों से आए फरियादियों ने राजस्व, पुलिस और अन्य विकास कार्यों से जुड़ी अपनी शिकायतें प्रस्तुत की। एसपी ने सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर प्रत्येक प्रार्थना पत्र का मौके पर ही परीक्षण किया। संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और पारदर्शिता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान एसपी दीपक भूकर ने कड़े तेवर अपनाते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय के भीतर बिना किसी पक्षपात के न्यायोचित ढंग से हो। समाधान केवल कागजी न हो, बल्कि फरियादी उससे संतुष्ट हो। एसपी ने स्पष्ट रूप से बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मूल उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना है।

## अपहरण व पॉक्सो एक्ट के आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की लालगंज थाने की पुलिस ने अपहरण व पॉक्सो एक्ट के मुकदमे से संबंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा के कुशल पर्वेक्षण में लालगंज थाने की पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अपहरण व पाक्सो एक्ट के आरोपी विकास पटेल उर्फ अमन पुत्र हरिकेश कुमार वर्मा को थाना क्षेत्र अंतर्गत महिमापुर नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त लालगंज थाना इलाके के गोसाई का पुरवा अमावा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

# नहर में डूबी दो सगी बहनों समेत तीन बच्चियों का शव तीसरे दिन मिला

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के संग्रामगढ़ थाना इलाके में शारदा सहायक नहर में नहाने के दौरान पैर फिसलने से डूबी तीन बच्चियों में से दो का शव तीसरे दिन यानी शनिवार को लरू गांव के समीप नहर में उतराता हुआ मिला। जबकि खोजबीन के बाद तीसरी बच्ची का शव भी टीम ने ढूंढ निकाला। तीनों शव को पुलिस ने बाहर निकलवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मालूम हो कि संग्रामगढ़ थाना इलाके के डांडिया गांव निवासी रामनरेश की बेटी आँचल ( 14 वर्ष ), रिया ( 12 वर्ष ) व अनिल पटेल की बेटी मोहनी ( 12 वर्ष ) गांव के समीप ही शारदा सहायक नहर में नहाने के लिए गये थे। तीनों बच्चियां नहाते समय नहर में डूबने लगे तो पास में नहा रहे गांव के ही 17 वर्षीय दिव्यांग सतीश यादव ने बच्चों को बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन नाकाम रहा। सूचना पर सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र एसओ संग्रामगढ़ के साथ मौके पर पहुंचे। एनडीआरएफ के साथ स्थानीय पुलिस की टीम का सर्च अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। बच्चियों की तलाश करते हुए एसडीएम कुंडा वाचस्पति सिंह, एसओ मनोज सिंह तोमर और एनडीआरएफ की टीम नहर में कई किमी की दूरी तक खोजबीन की। टीम ने उन सभी संदिग्ध स्थानों को देखा जहां उनको सम्भावना थी कि शायद डूबी हुई बच्चियों का कोई सुराग मिल जाय लेकिन कोई सफलता नही मिली है। वहीं तीसरे दिन शनिवार को घटनास्थल से लगभग दस किलोमीटर दूर कुण्डा थाना इलाके के लरू गांव में नहर में दोनों सगी बहनों आंचल व रिया का शव सर्च अभियान के दौरान उतराता हुआ मिला। टीम द्वारा खोजबीन के बाद तीसरी बच्ची मोहिनी का शव भी टीम को मिल गया। पुलिस ने तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव मिलते ही परिजनों में रोना बिलखना शुरू हो गया। गांव में इस हादसे से मातम जैसा माहौल रहा। एसओ मनोज तोमर ने बताया कि तीनों बच्चियों के शव को टीम ने ढूंढ लिया है। शवों को बाहर निकलवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही अन्य कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने चकबन्दी अधिकारी न्यायालय का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शनिवार को में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शासकीय भवन में चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम के न्यायालय का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया और इसे संचालित करा दिया। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निजी भवनों में संचालित कार्यालयों के स्थान पर शासकीय भवनों में कार्यालय स्थापित होने से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सुगमता बढ़ेगी। इससे चकबन्दी से संबंधित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी तथा किसानों और आम जनता को एक ही परिसर में बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चकबन्दी से जुड़े मामलों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यालय संचालित होने से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों को भी न्यायालय और प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचने में सुविधा होगी। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अरविन्द द्विवेदी सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना

## प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन, जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



विकास खंड नौतनवा की ग्राम पंचायत बड़हरा में शनिवार को प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। चौपाल को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम चौपाल का उद्देश्य प्रशासन को गांव तक पहुंचाकर आमजन की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। इसी उद्देश्य से गांवों में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम स्तर पर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लंबित योजनाओं को अभियान चलाकर पूरा किया जाए। मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कार्यस्थलों पर सूचना पट्ट लगाने के निर्देश भी दिए।

चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लोगों से आवेदन भी कराए गए। जिलाधिकारी ने पंचायत सहायक, सफाईकर्मी, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यों की जानकारी भी ली। ग्रामीणों ने बताया कि सभी कर्मचारी नियमित रूप से गांव में आते हैं और उनके कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को ?1.08 लाख तक का अनुदान दिया जाता है। इससे बिजली बिल में कमी आती है और अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर आय भी अर्जित की जा सकती है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत बड़हरा की जनसंख्या 2614 है और कुल 508 परिवार निवास करते हैं। गांव में 569 लोगों को आयुष्मान कार्ड, 644 किसानों को किसान सम्मान निधि, 450 पात्र गृहस्थी कार्ड, 33 अंत्योदय कार्ड, 94 वृद्धावस्था पेंशन, 21 निराश्रित महिला पेंशन और 10 दिव्यांग पेंशन का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा 336 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री और 56 परिवारों की फैमिली आईडी बन चुकी है। जिलाधिकारी ने इन कार्यों को और तेज करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। साथ ही 77 लोगों को चिकित्सीय परामर्श और दवाएं दी गईं तथा 26 से अधिक लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम का संचालन परियोजना निदेशक रामदरश चौधरी ने किया। इस अवसर पर डीएफओ निरंजन सुर्वे, सीएमओ डॉ. एन.एन. प्रसाद, एसडीएम नौतनवा नवीन प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, खंड विकास अधिकारी नौतनवा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए ढूठीबारी में दोबारा पैमाइश

## शिकायत के बाद प्रशासन सख्त, गड़बड़ी सुधार कर मकान मालिकों को मिलेगा मुआवजा

**जन एक्सप्रेस । ढूठीबारी/महराजगंज**



महराजगंज से ठूठीबारी इंडो नेपाल अंतराष्ट्रीय बार्डर तक प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 730एस सड़क निर्माण को लेकर मकानों के सर्वे में गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। इसी क्रम में शनिवार को एसएलओ/एसडीएम महराजगंज विजय यादव ने मौके पर पहुंचकर मकानों की अंतिम पैमाइश और सर्वे कराकर सत्यापन कराया। इस दौरान अमीन राकेश चंद्रा और हल्का लेखपाल देवेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि एनएच सड़क निर्माण की जद में आने वाले मकानों और जमीनों के सर्वे में पहले कई प्रकार की अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं। कुछ मकान मालिकों ने आरोप लगाया था कि उनके एक मंजिला मकान को कागजों में दो या तीन मंजिला दर्शा दिया गया है, जिससे मुआवजे की प्रक्रिया में गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोबारा पैमाइश कराने का निर्णय लिया।

शनिवार को एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व टीम ने कस्बे के एनएच सड़क के किनारे पड़ने वाले मकानों और जमीनों का बारीकी से सर्वे कर अंतिम सत्यापन किया। टीम ने मकानों की वास्तविक स्थिति, मंजिलों की संख्या और जमीन की माप को मौके पर ही दर्ज किया। अधिकारियों ने बताया कि पैमाइश पूरी होने के बाद वास्तविक स्थिति के आधार पर मकान मालिकों और भूमिधरी लोगों को मुआवजा दिया जाएगा।

पैमाइश के दौरान कस्बे में काफी उत्सुकता का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचकर सर्वे की प्रक्रिया को देखते रहे। कई लोग मुआवजे की संभावित धनराशि को लेकर जानकारी लेने के लिए अधिकारियों के आसपास जुटे रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी मकानों और जमीनों का सही-सही आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसके बाद मुआवजे की धनराशि का आबंटन किया जाएगा। धनराशि मिलने के बाद ही एनएच सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया जाएगा। लोगों का कहना है कि दोबारा पैमाइश से उम्मीद है कि सभी को सही और न्यायसंगत मुआवजा मिल सकेगा तथा लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण कार्य भी जल्द शुरू हो सकेगा।

## सड़क किनारे खतरनाक गड्ढा, जलकल विभाग कीलापरवाही से बढ़ रहा हादसे का खतरा

**जन एक्सप्रेस/ढूठीबारी/महराजगंज।** ढूठीबारी नगर के नौतनवा रोड पर सड़क किनारे बने एक बड़े और खतरनाक गड्ढे ने राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि इस स्थान पर आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। बताया जाता है कि ढूठीबारी नौतनवा को सड़क पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया तथा मालवाहक वाहन गुजरते हैं। सड़क किनारे बना यह गड्ढा जलकल विभाग की पानी आपूर्ति व्यवस्था से जुड़ा हुआ है। कस्बे के राघवेंद्र प्रजापति, विप्लव मद्धेशिया, सीताराम रौनियार, साजन कुमार, कमल चौधरी, अनिल मद्धेशिया ने बताया कि सड़क किनारे गड्ढे के ऊपर लगाया गया लोहे का ढक्कन टूट चुका है, जिससे वह बेहद खतरनाक हो गई है। खासकर रात के समय या बारिश के दौरान यह गड्ढा दिखाई नहीं देता।

# बॉटल में खुला पेट्रोल बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध – जिला पूर्ति अधिकारी


**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जनपद में अब पेट्रोल पम्पों से बॉटल या जरकिन में खुला पेट्रोल बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने बताया कि शासन स्तर से छ मार्च को प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिले के सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को यह निर्देशित किया गया है कि किसी भी व्यक्ति या ग्राहक को पेट्रोल पम्प से बॉटल या जरकिन में पेट्रोल की बिक्री किसी भी परिस्थिति में न की जाए। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय से सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के अनुपालन की जांच के लिए उसी दिन खाद्य एवं रसद विभाग की टीम द्वारा जिले की सीमा में स्थित कई पेट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान पम्प संचालकों और प्रबंधकों को मौके पर ही स्पष्ट निर्देश दिया गया कि पेट्रोल पम्प से किसी भी ग्राहक को बोतल या जरकिन में पेट्रोल की बिक्री नहीं की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने वाहनों में ही नियमानुसार पेट्रोल भरवाएं और खुले में पेट्रोल की खरीद न करें। साथ ही प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन में सहयोग प्रदान करें।

# राजकीय आईटीआई परिसर में 9 एवं 10 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने शनिवार को बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय आईटीआई कटरा रोड परिसर में 9 एवं 10 मार्च को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों एवं कंसल्टेंसी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इस दो दिवसीय रोजगार मेले में लगभग 49 प्रतिष्ठित कंपनियाँ एवं नियोजक प्रतिभाग करेंगे, जिनके माध्यम से लगभग 2500 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। रोजगार मेले में ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन ट्रेनी, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड, किचन हेल्पर समेत विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर योग्यता वाले अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, पंजाब, महाराष्ट्र एवं दिल्ली ( एनसीआर ) आदि स्थानों पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा जिले के सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने बायोडाटा, शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति तथा आधार कार्ड के साथ रोजगार मेले में उपस्थित होकर इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य नहीं है। कार्यक्रम स्थल पर ऑफलाइन पंजीयन काउंटर की व्यवस्था है। यह वृहद रोजगार मेला जनपद के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

## घर में लगी आग दो बच्चियां झुलसी

**जन एक्सप्रेस/पनियरा/महराजगंज।** पनियरा के गौतम बुद्ध नगर में शुक्रवार की देर शाम घर में जल रहे दीये से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कमरे में खड़ी बाइक समेत घर का सामान अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान आग की चपेट में आने से दो मासूम बच्चियां भी झुलस गईं। दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर चले गए। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-2 गौतम बुद्ध नगर निवासी राजेश यादव पुत्र बिकाऊ वर्तमान में बेंगलुरु में रहकर फर्नीचर का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि घर में खड़ी बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया था। इस पर उनका भतीजा रोहित कस्बे से एक लीटर पेट्रोल बोतल में लेकर आया और बाइक की टंकी में डाल दिया। इसी दौरान कमरे में एक दिया जल रहा था और पास में साड़ी नीचे गिरी हुई थी।

# डीएम का सख्त निर्देश: शिकायतों का हो समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

- संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं 104 शिकायतें, 11 का मौके पर निस्तारण
- नौतनवा तहसील में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस व बिजली से जुड़ी शिकायतें

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




जनपद के नौतनवा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने तहसील सभागार में जनशिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 104 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समाधान इस प्रकार किया जाए कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील दिवस और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं अपने स्तर पर शिकायतों के निस्तारण की निगरानी करें और उन्हें अपने पर्यवेक्षण में पूरा कराएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपनी-अपनी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, नगर पंचायत, जिला पूर्ति विभाग तथा विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतें अधिक संख्या में प्राप्त हुईं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, डीएफओ निरंजन सुर्वे, एसडीएम नवीन प्रसाद, सीएमओ नवनाथ प्रसाद, डीडीओ भोला कन्नौजिया, तहसीलदार कर्ण सिंह, सूचनाधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता सुनील गुप्ता, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध कच्ची शराब माफियाओं पर पुलिस कसेगी शिकंजा!

## अब कच्ची शराब माफियाओं की खैर नहीं - एसपी




■ लहन नष्ट, भट्टी ध्वस्त... लेकिन माफिया गायब! आखिर कच्ची दारू धंधेबाजों को किसका संरक्षण?

जन एक्सप्रेस। बस्ती

परशुरामपुर और छावनी थाना क्षेत्र में वर्षों से जड़ें जमाए अवैध कच्ची शराब का कारोबार अब पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निशाने पर आ गया है। ईमानदार, तेजतर्रार और अपराध के खिलाफ सख्त कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले कप्तान की मंशा साफ है कि जिले में नशे का अवैध कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कप्तान के इस सख्त रुख के बाद कच्ची शराब के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हलचल मच गई है।

जनपद के परशुरामपुर और छावनी थाना क्षेत्र को लंबे समय से अवैध कच्ची शराब के कारोबार का गढ़ माना जाता रहा है। गांवों और बस्तियों में वर्षों से कच्ची शराब बनाने और बेचने का धंधा चलता आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र के कई गांवों में समय-समय पर कच्ची शराब की भट्टियां संचालित होती रही हैं और इस अवैध कारोबार ने धीरे-धीरे गहरी जड़ें जमा ली हैं।

ग्रामीणों के अनुसार कार्रवाई के नाम पर कई बार सिर्फ औपचारिकता ही दिखाई देती रही है। पुलिस की टीम पहुंचकर लहन नष्ट कर देती है और भट्टियां तोड़ दी जाती हैं, लेकिन इस अवैध धंधे में शामिल असली आरोपी अक्सर पकड़ से बाहर ही रह जाते हैं। नतीजा यह होता है कि कुछ समय के लिए यह धंधा बंद जरूर हो जाता है, लेकिन फिर वही कारोबार दोबारा शुरू हो जाता है।

अवैध कच्ची शराब का यह धंधा अब क्षेत्र के युवाओं के भविष्य पर भी बुरा असर डाल रहा है। सस्ती और आसानी से उपलब्ध होने वाली इस शराब के कारण कई युवा नशे की लत में पड़ते जा रहे हैं, जिससे परिवारों में तनाव और सामाजिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस पर प्रभावी और ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

हालांकि अब जिले की कमान संभाल रहे पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की कार्यशैली को लेकर लोगों में उम्मीद जगी है। अपनी ईमानदार छवि, तेज निर्णय क्षमता और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस के लिए पहचाने जाने वाले कप्तान नशे के अवैध कारोबार को लेकर बेहद सख्त माने जाते हैं। माना जा रहा है कि उनकी स्पष्ट मंशा है कि जिले में अवैध कच्ची शराब के कारोबार को जड़ से खत्म किया जाए।

### परशुरामपुर थाना क्षेत्र में 'कच्ची दारू माफिया मस्त, कानून पस्त' मौत का खेल जारी!

परशुरामपुर थाना क्षेत्र में कच्ची दारू का जहर गांव-गांव फैल रहा है। माफिया इतने बेखौफ हैं कि दिन-दहाड़े मौत की बोतलें बेच रहे हैं और पुलिस तमाशबीन बनी हुई है। नतीजा यह है कि क्षेत्र में मौत का यह खेल थमने का नाम नहीं ले रहा।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, थाना क्षेत्र के कई गांवों और सुनसान खेतों में अवैध भट्टियां लगातार चल रही हैं। यहां बनी जहरीली शराब बिना किसी रोकटोक के बाजारों और ढाबों तक पहुंचाई जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस को इसकी पूरी जानकारी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जाती है।

कुछ लोगों का कहना है कि छापेमारी से पहले ही माफियाओं को खबर मिल जाती है और असली माल कहीं और पहुंचा दिया जाता है। यही वजह है कि असली सरगना कभी गिरफ्त में नहीं आते, जबकि छोटे-मोटे लोगों को पकड़कर मामला खत्म कर दिया जाता है।

### हर बोतल में जहर, हर चुप्पी में पुलिस का नाम

कच्ची शराब का जहर गांव-गांव फैल रहा है, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस मौत के कारोबार को कानून के पहरेदारों का ही संरक्षण मिल रहा है। वर्दीधारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं, बल्कि आरोप है कि कई जगह वे इस गंदे धंधे के हिस्सेदार बन चुके हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस थाने में शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। उल्टा शिकायत करने वालों के नाम माफियाओं तक पहुंच जाते हैं, जिसके बाद उन्हें धमकियां मिलना शुरू हो जाती हैं। सूत्र बताते हैं कि कई इलाकों में पुलिस को 'मासिक वसूली' के रूप में मोटी रकम दी जाती है, जिससे अवैध भट्टियां बिना रुकावट के चालू रहती हैं। यह गोरखधंधा सालों से चल रहा है, लेकिन पुलिस के रिकॉर्ड में शायद ही कोई बड़ी छापेमारी दर्ज हो।

### बॉर्डर का बहाना, माफियाओं का रहम - परशुरामपुर थाना क्षेत्र में मौत का कारोबार जारी

परशुरामपुर थाना क्षेत्र में कच्ची दारू का धंधा जोरों पर है, लेकिन पुलिस के पास एक तैयार जवाब है- 'यह इलाका दूसरे जिले में आता है।' दो जिलों के बॉर्डर का यह बहाना माफियाओं के लिए ढाल बन गया है और मौत का कारोबार बेखौफ जारी है।

ग्रामीणों का कहना है कि बॉर्डर पर बसे गांवों में अवैध शराब की भट्टियां दिन-रात चलती हैं। जब शिकायत की जाती है तो परशुरामपुर पुलिस कह देती है- 'यह तो पड़ोसी जिले का मामला है।' दूसरी तरफ, पड़ोसी जिले की पुलिस भी यही बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लेती है।

नतीजा यह है कि कोई भी कार्रवाई नहीं होती और माफिया आराम से अपनी 'मौत की फैक्ट्री' चलाते रहते हैं।

## परशुरामपुर पुलिस की नाकामी? ईमानदार कप्तान की साख पर दाग!

### ये है मौत के धंधेबाज इन पर परसरामपुर पुलिस की मेहरबानी क्यों?

- परशुरामपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर तमाम ऐसे दारू के बड़े माफिया हैं जिन पर पुलिस कार्रवाई करने से कतराती है।
- दुखई नाम का धंधेबाज नागपुर में, धंधेबाज डरई नागपुर में, बच्ची अचरौल, विनोद उर्फ़ मास्टर करिगहना, कालू बेरता ये सब बेखौफ होकर लोगों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है।
- अब सवाल? कब टूटेगा कच्ची दारू माफियाओं का आतंक, और कब जागेगा कानून?

### क्या कप्तान की ईमानदार छवि को परशुरामपुर पुलिस बर्बाद कर देगी?

जिले में सख्त, ईमानदार और भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े कदम उठाने वाले कप्तान की छवि जनता के बीच मजबूत है, लेकिन परशुरामपुर थाना क्षेत्र की हकीकत इस छवि पर काले बादल ला रही है। थाना पुलिस की कथित मिलीभगत, लापरवाही और कच्ची दारू माफियाओं के बढ़ते हौसले ने कप्तान की साख को सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है।

### जन एक्सप्रेस की अपील- 'संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों पर हो कड़ी कार्रवाई, ताकि बने नजीर

जन एक्सप्रेस खुले शब्दों में पुलिस अधीक्षक से अपील करता है कि परशुरामपुर थाना क्षेत्र में कच्ची दारू माफिया को संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों को बख्शा न जाए। ऐसे अधिकारियों और सिपाहियों पर न सिर्फ विभागीय कार्रवाई हो, बल्कि कानूनी शिकंजा भी कसा जाए, ताकि पूरे जिले में यह संदेश जाए कि वर्दी पहनकर अपराधियों की ढाल बनने वालों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

अगर कप्तान ऐसे भ्रष्ट पुलिसकर्मियों पर त्वरित और सख्त कदम उठाते हैं, तो यह न सिर्फ उनकी ईमानदार छवि को और मजबूत करेगा, बल्कि जिले के अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक सख्त नजीर बनेगा।

### लहन नष्ट तक सीमित! कच्ची दारू माफिया पर कार्यवाही क्यों नहीं?



जनपद में अवैध कच्ची शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफ व्यापक अभियान चलाकर विशेष टीम गठित की जाएगी और लगातार छापेमारी की जाएगी। नशे का अवैध कारोबार करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। यदि इस अवैध कारोबार में कोई पुलिसकर्मी भी संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. यशवीर सिंह
पुलिस अधीक्षक, बस्ती

### कच्ची दारू का जहर - बॉर्डर पर फैक्ट्री, पूरे परशुरामपुर में थाना क्षेत्र में धंधा!

परशुरामपुर थाना क्षेत्र में कच्ची दारू का कारोबार एक संगठित नेटवर्क की तरह फैल चुका है। माफिया बॉर्डर के गांवों में भट्टियां लगाते हैं और वहीं से जहर तैयार कर पूरे परसरामपुर थाना क्षेत्र में सप्लाई कर देते हैं। पुलिस सीमा विवाद का बहाना बनाकर आंख मूंद लेती है, लेकिन मौत की बोतल हर गली और हर ढाबे तक पहुंच जाती है।

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि बॉर्डर के पास स्थित गांव इस कारोबार का मुख्य अड्डा हैं। वहां खुलेआम अवैध भट्टियां जलती हैं, जिनसे तैयार जहरीली शराब बाइक और छोटे वाहनों से पूरे परशुरामपुर में भेजी जाती है।

चौंकाने वाली बात यह है कि यह सप्लाई न तो चोरी-छिपे होती है, न ही गुप्त रास्तों से - बल्कि मुख्य सड़कों से होकर जाती है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस को इसकी पूरी जानकारी है, लेकिन 'यह इलाका दूसरे जिले का है' कहकर जिम्मेदारी टाल दी जाती है। दूसरी तरफ, मौत की बोतलें गांव-गांव पहुंचती रहती हैं और लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ होता रहता है।

### ईमानदार कप्तान, लेकिन थाना स्तर पर गड़बड़झाला - परशुरामपुर पुलिस पर सवाल?

जिले में एक ईमानदार और सख्त कप्तान की छवि बनाने वाले पुलिस अधीक्षक के लिए परशुरामपुर थाना क्षेत्र की हकीकत चिंता का सबब बन चुकी है। कच्ची दारू का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है, लेकिन थाना पुलिस की लापरवाही और कथित मिलीभगत ने कप्तान की साफ- सुथरी छवि पर दाग लगाने का काम शुरू कर दिया है।

परशुरामपुर में अवैध शराब माफिया खुलेआम अपने कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। बॉर्डर पर फैक्ट्रियां, गांव-गांव सप्लाई और ढाबों तक पहुंचती जहरीली शराब - यह सब पुलिस की नाक के नीचे हो रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाना पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावा करती है। छोटे-मोटे लोगों को पकड़कर अखबार में फोटो छपवा दी जाती है, लेकिन असली माफिया हमेशा बच निकलते हैं।

सूत्र बताते हैं कि कई बार शिकायत सीधे कप्तान तक पहुंचती है, लेकिन थाना पुलिस या तो उसे दबा देती है या कुछ दिनों के लिए बन करा देती है, फिर कुछ दिन बाद धंधेबाज फिर अपना धंधा शुरू कर देते हैं।

## जिला खो-खो चैंपियनशिप का हुआ उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। बस्ती



शनिवार को आरपी साइंस अकादमी भुवनपुर में जिला खो खो संघ द्वारा आयोजित पांचवें दो दिवसीय जिला खो खो चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि एपीजे अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के संस्थापक मोहम्मद शहजाद और विशिष्ट अतिथि जनता इंटर कॉलेज पोखरा बाजार के शारीरिक शिक्षक प्रभाकर रंजन ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि और आए हुए सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजित विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सुधीर कुमार पांडे व प्रधानाचार्य अविनाश प्रजापति ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया जिला खो खो संघ के सचिव राम सिंह बताया इस प्रतियोगिता सब जूनियर और सीनियर वर्ग के बालक और बालिका प्रतिभा करेंगे जिसमें कुल 45 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मद शहजाद ने उद्घाटन के अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है, पहले के समय में मोबाइल नहीं होता था तब बच्चे खेल की तरफ अधिक ध्यान देते थे।लोग स्वस्थ होते थे इसलिए मोबाइल छोड़ शिक्षा के साथ खेल पर ध्यान देना चाहिए। उद्घाटन मैच भी आरएस एकेडमी गढ़हा गौतम और आरपी साइंस एकेडमी भुवनपुर के बीच खेला गया जिसमें बीआरएस एकेडमी विजेता रही है सीनियर बालिका संवर्ग में पहला मैच जेआरसी और पीएस स्पोर्ट्स के बीच हुआ जिसमें पीएस स्पोर्ट्स विजेता रही, सब जूनियर बालिका संवर्ग में दूसरा मैच कंपोजिट विद्यालय निपानिया और डीआरसी हसीनाबाद के बीच हुआ जिसमें निपानिया की टीम विजेता रही इस अवसर पर भावेश पांडे, अखिलेश सिंह, महंत राम वर्मा, राजेंद्र सिंह सुनील सिंह, धर्मेंद्र वर्मा, जयराम वर्मा, रणधीर सिंह, प्रेम कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल आदि उपस्थित रहे।

## जौनपुर के दीपक सिंह बने भाजयुमो मुंबई प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**जौनपुर/मुंबई।** जौनपुर जिले के मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के भरतीपुर गांव के निवासी दीपक आजाद सिंह को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) मुंबई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा मुंबई अध्यक्ष विधायक अमित साटम द्वारा की गई है। इस नियुक्ति के बाद जौनपुर जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है।

बताया जा रहा है कि पूर्वांचल से आने वाले युवाओं में दीपक सिंह पहले ऐसे कार्यकर्ता हैं जिन्हें भाजयुमो मुंबई में इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले दीपक सिंह की शिक्षा एमबीए तक हुई है और उनकी जन्म व कर्मभूमि मुंबई ही रही है।

दीपक सिंह ने अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत धारावी विधानसभा क्षेत्र से युवा मोर्चा के वार्ड महामंत्री के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने मंडल उपाध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मुंबई उपाध्यक्ष और मुंबई युवा मोर्चा महामंत्री जैसे कई महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। संगठन में उनकी सक्रियता, जमीनी कार्यशैली और युवाओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए उन्हें अब मुंबई अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सामाजिक कार्य, स्वास्थ्य शिविर, युवा उत्थान, खेलकूद गतिविधियों और पार्टी की विचारधारा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही कार्यकर्ताओं को संगठित करने और जन मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरकर आंदोलन करने में भी वे अग्रणी रहे हैं।

नियुक्ति पर दीपक सिंह ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा मुंबई अध्यक्ष अमित साटम और पूर्व भाजयुमो मुंबई अध्यक्ष तेजिंदर सिंह तिवाना सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सेवा का नया अवसर है और वे संगठन को मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने तथा मुंबई और देश के विकास में योगदान देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक सामान्य कार्यकर्ता पर जो विश्वास जताया है, उसे वह पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उनका लक्ष्य मुंबई के हर युवा तक भाजपा की विचारधारा और सरकार की जनहितकारी योजनाओं को पहुंचाना है।

## आपरेशन के दौरान महिला की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत दिपाईपुर गांव निवासी एक महिला का निजी चिकित्सालय में आपरेशन कर दिये जाने के बाद जान चली गई। मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगा जमकर हंगामा किया। सूचना के बाद एसडीएम कुणाल गौरव सीओ अजीत सिंह चौहान कोतवाल के के सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कार्यवाही के आश्वासन पर परिजन शांत हुए। दिपाईपुर गांव निवासी 32 वर्षीय रेखा पत्नी यशपाल बिंद की तबियत शुक्रवार को तबियत खराब होने पर सुल्तानपुर रोड स्थित सुरीश गांव स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां से उसे उक्त अस्पताल की दूसरी शाखा बड़ा गांव स्थित अस्पताल भेज दिया गया। भतीजा अजय कुमार का कहना है कि बच्चेदानी का आपरेशन कर जान बचाने की बात कही गई। अजय कुमार का आरोप है कि अप्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा आनन फानन में पांच बजे आपरेशन कर दिया गया। जिसके बाद तबियत बिगड़ने लगी। परिजनों के बार बार बुलाने पर भी डाक्टर ने मरीज नहीं देखा इसी दौरान रात दो बजे रेखा की मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरु कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासन ने किसी तरह मामला शांत कराया। फिलहाल निजी चिकित्सालय स्वामी चिकित्सालय में ताला बंद फरार बताया जाता है। हालांकि एक कर्मचारी को पुलिस ने पूछताछ हेतु कोतवाली लाया गया है। मृतका रेखा के पति रोजगार के सिलसिले में ओमान रहते हैं।

## नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग, 15 वाहन जलकर खाक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के नई बाजार रोड स्थित कोमल ऑटो पार्ट्स एवं गैराज के बाहर खड़ी बाइकों में शुक्रवार देर रात दो नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और आसपास खड़े करीब 15 वाहन जलकर खाक हो गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि दो युवक पेट्रोल लेकर आते हैं, एक बाइक पर पेट्रोल छिड़कता है और दूसरा माचिस जलाकर आग लगा देता है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील शाहगंज में डीएम व एसएसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को तहसील शाहगंज में जिलाधिकारी डॉ0दिनेश चन्द्र सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पहुंचकर जनता की समस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतों और समस्याओं को लेकर तहसील पहुंचे। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लोगों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास तथा अन्य विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर उसकी रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर तहसील के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे और जनसमस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

## आंवला के पेड़ में दिखी हनुमान जी की आकृति! दर्शन को उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, शुरू हुई पूजा-अर्चना

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के आशानन्दपुर गांव में एक आंवला के पेड़ ने इन दिनों लोगों के बीच आस्था और कौतूहल का केंद्र बना दिया है। गांव में लगे एक आंवला के पेड़ के तने पर ऐसी आकृति दिखाई दे रही है, जिसे ग्रामीण भगवान हनुमान का स्वरूप मान रहे हैं।

जानकारी के अनुसार गांव के निवासी प्रभात तिवारी की नजर अपने घर के पास लगे आंवला के पेड़ पर पड़ी। जब उन्होंने पेड़ के तने को ध्यान से देखा तो उसमें नारंगी रंग की आकृति उभरी हुई दिखाई दी, जो उन्हें हनुमान जी के चेहरे जैसी प्रतीत हुई। यह बात उन्होंने आसपास के लोगों को बताई, जिसके बाद देखते ही देखते गांव में यह चर्चा फैल गई।

खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे। लोगों ने पेड़ के नीचे अगरबत्ती, फूल और दीप जलाकर पूजा-अर्चना शुरू कर दी। कुछ श्रद्धालुओं ने इसे हनुमान जी का चमत्कार बताते हुए माथा टेककर प्रार्थना भी की।

पेड़ के नीचे दीपक और अगरबत्ती जलाते हुए श्रद्धालु लगातार दर्शन कर रहे हैं।

कई लोग दूर-दूर से भी इस अनोखी आकृति को देखने के लिए पहुंच रहे हैं।

हालांकि कुछ लोग इसे पेड़ की प्राकृतिक बनावट मान रहे हैं, लेकिन श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था और विश्वास का विषय बन गया है।

गांव में इस अनोखी घटना को लेकर दिनभर चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग लगातार पेड़ के पास पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

## मनबढ़ो ने घर में घुसकर दो बाइकों को किया आग के हवाले जलकर हुई ख़ाक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत पटखौली पुरेआजम गांव में मनबढ़ो ने घर में घुसकर बाइक में आग लगाने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी राजेश गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले जमीन खरीदकर मकान बनाया है और परिवार के साथ वहीं रहते हैं। उनका आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चल रही है। इसी रंजिश में पहले मोबाइल पर धमकी दी और बाद में चार मार्च की रात करीब दो बजे घर की बाउंड्रीवाल फांदकर अंदर घुस गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने घर के कमरों को बाहर से बंद कर दिया और आंगन में खड़ी बुलेट व सीडी डीलक्स बाइक में आग लगा दी। आग की लपटें देखकर जब परिवार के लोगों ने शोर मचाया तो युवक धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। किसी तरह बाहर निकलकर आग बुझाने की कोशिश की गई।, लेकिन तब तक दोनों बाइकें जलकर राख हो चुकी थीं।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि मनबढ़ो ने पूरे परिवार को जलाकर मारने की नीयत से यह घटना अंजाम देने आए थे। पीड़ित ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## बदलापुर में 5000 विद्यार्थियों को मिली नि:शुल्क शिक्षण व खेल सामग्री, सांसद मनोज तिवारी बोले शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला







जन एक्सप्रेस। जौनपुर

बदलापुर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय शाहपुरसानी में शनिवार को 5000 विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षण एवं खेल-कूद सामग्री वितरित करने के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद एवं अभिनेता मनोज तिवारी, विशिष्ट अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह, बदलापुर विधायक रमेश चन्द्र मिश्र, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र तथा पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि जौनपुर की पावन धरती से उन्हें विशेष लगाव है और यहां आकर उन्हें अत्यंत हर्ष की अनुभूति होती है। बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यही बच्चे देश का भविष्य हैं। जितने अधिक बच्चे शिक्षित होंगे, समाज उतना ही सशक्त और समृद्ध बनेगा। उन्होंने प्रत्येक बच्चे को आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर दिया और पीली नदी के जीर्णोद्धार कार्य की भी सराहना की। विशिष्ट अतिथि कृपाशंकर सिंह ने कार्यक्रम के भव्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि जौनपुर प्रतिभाओं की भूमि है।

उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा में चयनित युवाओं, उनके अभिभावकों और गुरुओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा है कि जो विद्यार्थी प्राथमिक विद्यालयों से पढ़कर ऊंचे पदों पर पहुंचे हैं, वे अपने पुराने विद्यालयों में जाकर छात्रों को अपने अनुभवों से प्रेरित करें।

विधायक रमेश चन्द्र मिश्रा ने कहा कि बदलापुर विधानसभा क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगातार उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। शासन की ओर से बच्चों को बैग, जूते, मोजे और मध्यान्ह भोजन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता के तहत विद्यालय के पुरातन छात्र सतीश तिवारी द्वारा 5000 विद्यार्थियों को शिक्षण व खेल सामग्री उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय पहल है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने कविता के माध्यम से बच्चों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और खेल के अवसर प्रदान करना है, ताकि वे आगे चलकर समाज और देश के विकास में योगदान दे सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षण सामग्री और खेल-कूद से संबंधित आवश्यक वस्तुएं वितरित की गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ब्रजेश यादव, रोहित उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद पांडेय, अभिनव तिवारी, अवधेश यादव, मंडल अध्यक्ष शनि शुक्ला, सिद्धार्थ सिंह, बबलू चौहान, लवकुश सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0गोरखनाथ ने व्यक्त किया।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का जौनपुर में हुआ भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौ प्रतिपक्ष धर्मयुद्ध शंखनाद कार्यक्रम के तहत ज्योतिष पीठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी का जौनपुर में जिला कांग्रेस कार्यालय के पास कंचन कांप्लेक्स में शनिवार को हजारों लोगों ने शंखनाद और मूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने सबको आशिर्वाद देते हुए कहा कि सनातन धर्म का मूल मंत्र है अहिंसा, हमारे धर्म में हिंसा का कोई स्थान नहीं है,जीवों पर दया और विश्व का कल्याण हिंदू धर्म का मूल सिद्धांत है।

# सड़क हादसे में दो मौसेरे भाइयों की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**



मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर आई हॉस्पिटल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार कर रौंद दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पुलिस ने इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान एक को मृत घोषित कर दिया दूसरे को इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया जहां उसने भी दम तोड़ दिया है।पुलिस के अनुसार महेशपुर निवासी गिरधारी 30 वर्षीय अपनी बाइक पर पीछे मौसेरे भाई सूरज 25 वर्षीय को बैठाकर रिश्तेदारी में गए थे शुक्रवार रात 8:30 बजे करीब घर वापस लौटते समय आई हॉस्पिटल के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए जिन्हें आनन फानन में एंबुलेंस से इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया गया था डॉक्टर ने जांच के दौरान गिरधारी को मृत घोषित कर दिया था वहीं बाइक पर पीछे बैठे सूरज की हालत नाजुक होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया था जहां उसने भी इलाज के दौरान कुछ ही देर में दम तोड़ दिया था। मृतक के पास मिले दस्तावेजों से परिजनों को सूचना दी गई गिरधारी के शव की शिनाख्त होने पर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लखीमपुर भेजा गया है।जबकि दूसरे मृतक का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल शाहजहांपुर में हो रहा है।मृतक गिरधारी की पत्नी स्वीटी और अबोध पुत्र कमलेश और पुत्री कुसुम का रो रो कर बुरा हाल है। दूसरे मृतक सूरज के पिता छोटेलाल और मां सुनीता कहना है बड़ा पुत्र था जिसके विवाह की बात चल रही थी शायद ईश्वर को मंजूर नहीं था।मृतकों के शवों की एक झलक देखने को उमड़ी भीड़ दोनों एक ही गांव में रहते थे आपस में सगे मौसेरे भाई थे। पोस्टमार्टम हाउस से शव गांव पहुंचे तो एक झलक पाने के लिए भीड़ इकट्ठा हो गई एक साथ दोनों की अर्थी उठते ही कोहराम मच गया दोनों का अलग-अलग जगह पर अंतिम संस्कार किया गया है।

## नगर पंचायत सिंगाही में आउटसोर्सिंग कर्मियों के स्थायीकरण पर उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी**

नगर पंचायत सिंगाही में आउटसोर्सिंग कर्मियों के स्थायीकरण पर उठे सवाल नगर पंचायत सिंगाही में आउटसोर्सिंग कर्मियों के स्थायीकरण / नियमितीकरण को लेकर मामला गरमा गया है।

स्थाई संविदा एवं ठेका सफाई कर्मचारी संघ, उ.प्र. ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि कुछ कर्मचारियों का बिना स्पष्ट शासनादेश के स्थायीकरण किया गया। संघ का कहना है कि वर्ष 2018 से कार्यरत अन्य आउटसोर्सिंग कर्मियों को भी समान रूप से नियमित किया जाए। मामले में निष्पक्ष जांच और सभी पात्र कर्मचारियों को समान लाभ देने की मांग की गई है।

प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की गयी है।

# पेट्रोल डालकर खोखे में आग लगाने के मामले में दो दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

### दबंगों पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप, पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर में एक युवक के खोखे में पेट्रोल डालकर आग लगाने का मामला सामने आया है। घटना को दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से पीड़ित परिवार में रोष और भय का माहौल है। आग लगने से खोखे में रखा किराने का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया, जिससे पीड़ित के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला सुभाष नगर निवासी अनुभव त्रिवेदी, पुत्र स्वर्गीय जयनारायण त्रिवेदी के खोखे पर 05 मार्च 2026 की सुबह लगभग 3 बजे मोहल्ले के ही रामगोपाल गिरी पुत्र राकेश गिरी अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचा। आरोप है कि उन्होंने खोखे में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और खोखे में रखा सारा किराने का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के दौरान शोर सुनकर जब अनुभव त्रिवेदी की मां बाहर आई तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।पीड़ित का कहना है कि घटना की सूचना उसी रात पुलिस को दे दी गई थी, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। दबंग किस्म के आरोपी लगातार धमकियां दे रहे हैं, जिससे परिवार भयभीत है।पीड़ित अनुभव त्रिवेदी घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य है।खोखा जल जाने से उसकी आजीविका का साधन भी समाप्त हो गया है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

## थाना फरधान पुलिस द्वारा, हत्या के मामले में अभियुक्त व अभियुक्ता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** शनिवार को थाना फरधान पुलिस एवं स्वाट टीम द्वारा,थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 54/2026 धारा 140(1)/103(1)/ 238(ए)/ 3(5) बीएनएस में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त व अभियुक्ता 1.शिवशंकर उर्फ राज पुत्र सरोज निवासी ग्राम कैमहरा थाना फरधान जनपद खीरी 2.ऊमा देवी पत्नी सरोज निवासिनी ग्राम कैमहरा थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे उप निरीक्षक अरूण कुमार गिरी, हेड कांस्टेबल कृष्णानन्द, कांस्टेबल गुलशन कुमार कांस्टेबल गोविन्द कुमार, महिला कांस्टेबल श्रुति साक्य, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार थाना फरधान जनपद खीरी तथा उप निरीक्षक जयप्रकाश यादव प्रभारी स्वाट टीम हेड कांस्टेबल मनीष यादव,हेड कांस्टेबल सत्य प्रकाश, कांस्टेबल श्रीओम मिश्रा, कांस्टेबल सिकन्दर कांस्टेबल विकास चौहान, कांस्टेबल गोल्डन स्वाट टीम जनपद खीरी कांस्टेबल अरूण कुमार, कांस्टेबल मेहताब आलम क0आ0 शरद शुक्ला स्वाट टीम जनपद खीरी चालक हे0का0 संजय कुमार स्वाट टीम जनपद खीरी की सराहनीय उपस्थित रही।

# दो दिन बाद नदी में डूबे किशोर का शव मिला

## नहाते समय डूबा था किशोर दो दिन से चल रहा था रेस्क्यू ऑपरेशन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



शारदा नदी में नहाते समय डूबे 16 वर्षीय किशोर का शव दो दिन बाद बरामद कर लिया गया है। एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के बाद शनिवार दोपहर करीब 2:15 बजे किशोर का शव नदी से निकाला गया। जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली क्षेत्र के प्रकाश नगर निवासी 16 वर्षीय अजय उर्फ राजन बीते 5 मार्च को अपने मौसेरे भाई राज कश्यप के साथ थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के पचपेड़ी घाट प्लाटून पुल के पास शारदा नदी में नहाने गया था। नहाते समय दोनों अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। दोनों को डूबता देख आसपास मौजूद स्थानीय लोगों और नाविकों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद राज कश्यप को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन अजय उर्फ राजन गहरे पानी में डूब गया और उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ के साथ मिलकर किशोर की तलाश शुरू की। शुक्रवार को पूरे दिन नदी में खोजबीन की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार को फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। काफी प्रयासों के बाद दोपहर करीब सवा दो बजे उसी स्थान के आसपास से किशोर का शव बरामद कर लिया गया, जहां वह डूबा था। शव मिलने की सूचना पर परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने कराया रोज़ा इफ्तार

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर ईदगाह मैदान, गोला गोकर्णनाथ में जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी की ओर से भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोज़ेदारों, क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों और आम लोगों ने शिरकत की। इफ्तार के समय सभी ने एक साथ रोज़ा खोला और देश में अमन-चैन, तरक्की तथा आपसी भाईचारे की दुआ की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से माननीय सांसद उत्कर्ष वर्मा, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व विधायक विनय तिवारी, पूर्व महासचिव नरेश यादव, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, पूर्व प्रत्याशी पलिया प्रीतिंदर सिंह कक्कू,

संजीव कुमार मुन्ना, जिला पंचायत सदस्य कैसर आलमी, क्षेत्र पंचायत सदस्य इश्तियाक खान, क्षेत्र पंचायत सदस्य गुड्डू, खुर्शीद खान, मौलाना जियाउल हक, मौलाना अहसान अली नूरी,मौलाना गफ्फार हादी, फूल सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में उलमा-ए-किराम व रोज़ेदार मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने रमज़ान के पवित्र महीने की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया।

अंत में सभी ने मुल्क में शांति और खुशहाली के लिए सामूहिक दुआ की।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पुलिस अधीक्षक ने किया थाना थानगांव का आकस्मिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना थानगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष आदि एवं थाना परिसर की साफ- सफाई व थाना कार्यालयों पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को जांच की।

### धूम-धाम से मनेगी साईं मंदिर की 20वीं वर्षगांठ

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वर्गीय रामलाल राही द्वारा सरायन नदी तट स्थित स्थापित सतश्री साईं शिवशक्ति मंदिर के स्थापना दिवस की 20वीं वर्षगांठ पर 8 व 9 मार्च को विविध अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए मंदिर के मुख्य न्यासी व पूर्व विधायक रमेश राही ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्थापित सभी देवी-देवताओं के स्नान-पूजन, आरती-दर्शन आदि कार्यक्रम के साथ-साथ श्री साईं पालकी यात्रा को मंदिर की 11 बार परिक्रमा कराई जाएगी। तदुपरांत भंडारा कार्यक्रम चलाया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित ब्रजेश शास्त्री व पंडित मनोज शास्त्री ने साईं भक्तों से अपील की है कि वे समस्त कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बने।

### कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। खैराबाद।** माह फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को एस डी एस अकैडमी रामपुर, हरदोई रोड, जनपद-सीतापुर में पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार, अखंड विश्वकर्मा ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा का पूजन, माल्यार्पण कर मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष पंडित राम सुमिरन शर्मा ने की। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर एक दूसरे का सम्मान एवं स्वागत किया। मंच का संचालन प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल पांचाल ने किया। राष्ट्रीय महामंत्री पंडित देवेन्द्र शर्मा ने प्रदेश कार्यकारिणी के विगत वर्ष 2025 के कार्यों का लेखा जोखा एवं ब्योरा प्रस्तुत करने को कहा द्य तथा संगठन के विस्तार और कार्यों को अंजाम देने में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की, उपस्थित राज्य पदाधिकारियों ने अपनी अपनी चर्चा की।

# लखीमपुर जीआरपी थाने का एसपी रेलवे ने किया औचक निरीक्षण

### व्यवस्थाओं का जायजा लिया, लंबित मामलों के निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग लखनऊ,रोहित मिश्रा ने जीआरपी थाना लखीमपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर और रेलवे स्टेशन की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में एसपी रेलवे ने थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, यात्री प्रतीक्षालय, प्रवेश और निकास द्वार सहित प्लेटफॉर्म का गहनता से मुआयना किया। उन्होंने मालखाना रजिस्टर, एस्कॉर्ट चेकिंग रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर,नियुक्ति रजिस्टर, अपराध रजिस्टर और 10 वर्षीय व 5 वर्षीय अपराधी रजिस्टर समेत अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों के रख-रखाव की जांच की।एसपी ने सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने के सख्त निर्देश दिए।एसपी रेलवे ने ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर होने वाली चोरी व झपटमारी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही,थाने पर लंबित विवेचनाओं को गुण-दोष के आधार पर समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। महिला पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए कि वे थाने पर आने वाले फरियादियों से अच्छा व्यवहार करें और उनकी शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त, एसपी रेलवे ने रेलवे स्टेशन पर नियमित गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रेनों पर पत्थरबाजी और रेलवे ट्रैक से जुड़ी घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैक की नियमित निगरानी करने तथा आसपास रहने वाले लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांक: 1543/523(2)सी-एल०वृ०/2025-26 | दिनांक: 28-02-2026

**ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ०प्र० की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी 'ए' 'बी' एवं 'सी' (जैसा लागू हो) ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र० सं० | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | श्रेणी | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी + जी०एस०टी० (रू० लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में लोहजरा सरसण्डा डामर रोड से बहेलिया डामर रोड तक छूटी कड़ी मार्ग का निर्माण कार्य। | 117.00 | 7.85 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 12 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में मलहा में सीताराम रावत के घर के पास चौराहे से राजकीय नलकूप रिंग रोड तक मार्ग का निर्माण कार्य। | 92.30 | 6.62 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 06 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में मलिहाबाद मोहान मार्ग से नवी नगर खड़ता की छूटी कड़ी का निर्माण कार्य। | 146.60 | 9.33 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 12 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में खड़सरा किमी0-7 से जगनीखेड़ा मार्ग का निर्माण कार्य। | 143.50 | 9.18 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 12 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में सिन्धेरवा मार्ग से ईसापुर सम्पर्क मार्ग (छूटी कड़ी) के नवनिर्माण का कार्य। | 127.00 | 8.35 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 12 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में प्राचीन सूरजकुण्ड मंदिर हेतु सरई गुदौली से सदरापुर तक मार्ग का निर्माण कार्य। | 151.00 | 9.55 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 12 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 7 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में ग्राम पंचायत भौरा खुर्द मार्ग से कलन्दरखेड़ा तक मार्ग की छूटी कड़ी का निर्माण कार्य। | 97.00 | 6.85 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 06 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 8 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में बड़ी नहर से सतईखेड़ा होते हुए केवली तक मार्ग का निर्माण कार्य। | 90.00 | 6.50 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 06 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 9 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में अन्धपुर से रूपखेड़ा होते हुए गौरी पिपरसण्ड मार्ग से गढ़ी चुनौटी मार्ग तक सम्पर्क का निर्माण कार्य। | 142.00 | 9.10 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 12 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 10 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में ऐन से काजीखेड़ा तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | 78.00 | 5.90 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 06 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 11 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में चकऐन मार्ग से मवई पड़ियाना मार्ग तक छूटी कड़ी का निर्माण कार्य। | 129.00 | 8.45 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 12 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 12 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में लखनऊ कानपुर मार्ग पर जुनाबगंज से रामदीन खेड़ा के मध्य छूटी कड़ी का निर्माण कार्य। | 68.00 | 5.40 | 'ए' 'बी' एवं 'सी' | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 06 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 13 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में बनी मोहान मार्ग किमी0-36 से गोशाला होते हुए नरेरा तक मार्ग के मध्य छूटी कड़ी का निर्माण कार्य। | 63.00 | 5.15 | 'ए' 'बी' एवं 'सी' | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 06 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 14 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में नादरगंज नहर पटरी से कृष्णानगर तालकटोरा से सदरौना मार्ग की छूटी कड़ी का निर्माण कार्य। | 106.00 | 7.30 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 12 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 15 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में ग्राम खसरवारा में प्राचीन हनुमान मन्दिर के बगल से दोहाईवीर बाबा मन्दिर तक मार्ग का निर्माण कार्य। | 61.50 | 5.08 | 'ए' 'बी' एवं 'सी' | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 06 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |
| 16 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में डिप्टीगंज रेलवे क्रासिंग से भुइयन देवी मंदिर तक मार्ग का निर्माण कार्य। | 70.00 | 5.50 | 'ए' 'बी' एवं 'सी' | नि० मूल्य = 300<br>स्टे० चार्जेज = 2000<br>जीएसटी = 414<br>कुल = 2714/- | 06 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |

➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुए तथा जी०एस०टी० को छोड़कर लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 09/03/2026 की पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 16/03/2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है, एवं दिनांक 16/03/2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 16/03/2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या-1/2018/3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-2, लो०नि०वि०,
लखनऊ

(जे०पी० सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
लखनऊ वृत्त, लो०नि०वि०,
लखनऊ

For on behalf of Governor of UP

UPID: 247454, Dt. 06.03.2026, विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# आबकारी निरीक्षक पर कार्रवाई की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



गरीब मजदूर किसान पार्टी के पदाधिकारियों ने किसान से कथित मारपीट व अवैध वसूली के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है।ज्ञापन में मामले की जांच कर संबंधित आबकारी निरीक्षक अवनीश रावत के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 1 मार्च को थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव मैसटा निवासी किसान मदनपाल गन्ना चीनी मिल में गन्ना डालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर वापस जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में आबकारी विभाग के कर्मचारियों ने ट्रॉली रुकवा ली और आबकारी निरीक्षक अवनीश रावत के इशारे पर किसान को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर चीनी मिल परिसर स्थित आबकारी कार्यालय ले गए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वहां किसान के साथ मारपीट की गई और उससे 12 हजार रुपये की मांग की गई। पीड़ित किसान ने किसी तरह 5 हजार रुपये की व्यवस्था कर अपनी जान छुड़ाई। घटना के बाद से यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और किसानों में रोष व्याप्त है। पार्टी ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर संबंधित आबकारी निरीक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## सीएनजी टैंकर पलटा, गैस रिसाव शुरू



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

सदर तहसील क्षेत्र में गोला रोड स्थित खाखरा चौराहे के पास शनिवार दोपहर करीब एक बजे सीएनजी गैस से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, टैंकर मोड़ते समय चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। हादसे के तुरंत बाद टैंकर से सीएनजी गैस का तेजी से रिसाव शुरू हो गया। इससे आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई और वे तुरंत मौके से दूर हटने लगे।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के इलाके को तुरंत खाली कराया गया और एहतियात के तौर पर सड़क पर यातायात भी कुछ समय के लिए रोक दिया गया। इस दौरान फायर इस्टिंग्यूशर भी तैयार रखे गए आग लगने की आशंका थी।इस दौरान फायर इस्टिंग्यूशर भी तैयार रखे गए आग लगने की आशंका थी। अधिकारियों ने बताया कि गैस रिसाव को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। फिलहाल, किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, एहतियातन लोगों को टैंकर से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है।

